www.mpinfo.org/rojgar | www.mpmadhyam.in
डाक पंजीयन क्र. ई-2/भो.स./186/2018-2020
लाइसेंस क्र. टेक/WPP/21-1/2018-20
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या 38506/84
वर्ष-37, अंक-32, मूल्य ₹10.00

रोज़गार और निर्माण

http://www.rojgaraurnirman.in
प्रति सोमवार को प्रकाशित, भोपाल, 10.08.2020 से 16.08.2020

विषय विशेषज्ञों के सुझावों के आधार पर बनेगा आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश का रोडमैप

आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में मध्यप्रदेश की पहल सराहनीय

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के लिये आयोजित एक वेबीनार को संबोधित करते हुए।

भोपाल, मध्यप्रदेश को विकास की ऊंचाइयों पर ले जाने का कार्य अकेले सरकार नहीं कर सकती, इसके लिए सभी का सक्रिय सहयोग आवश्यक है। देश के यशस्वी एवं दूरदर्शी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना को मूर्त रूप देने का मध्यप्रदेश ने बीड़ा उठाया है तथा इसके लिए आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश का रोडमैप तैयार किया जा रहा है। रोडमैप निर्माण में विषय विशेषज्ञों के सुझाव आमंत्रित करने के लिए वेबीनार आयोजित किए जा रहे हैं। प्राप्त सुझावों के आधार पर आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश की कार्ययोजना तैयार कर उस पर त्वरित गति से अमल किया जाएगा। आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश का हमने 3 वर्ष का लक्ष्य निर्धारित किया है। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में आयोजित एक वेबीनार को संबोधित करते हुए कहीं।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि वेबीनार में श्री सुरेश प्रभु, नीति आयोग के श्री अमिताभ कांत तथा अन्य विशेषज्ञों के द्वारा आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के लिए दिए गए मध्यप्रदेश में नेशनल लॉजिस्टिक हब, वफर में सफर, नर्मदा टूरिज्म, एयर कार्गो, फ्यूचरिस्टिक इंडस्ट्रीज, टाइगर रिज़र्व एडॉप्टेशन और रॉउण्ड टेबल कॉन्फ्रेंस सहित आदि सुझाव अत्यंत महत्वपूर्ण हैं, इन पर तत्परता से अमल किया जाएगा।

वेबीनार में सांसद एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री श्री सुरेश प्रभु ने कहा कि कोरोना संकट में पूरे विश्व की अर्थव्यवस्था बुरी तरह प्रभावित हुई है। इससे उबरने के लिए आत्मनिर्भरता के अलावा कोई विकल्प नहीं है। यह अत्यंत हर्ष की बात है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के मंत्र को मूर्त रूप देने के लिये मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने मध्यप्रदेश में पहल की है तथा विषय विशेषज्ञों की राय से इसका रोडमैप तैयार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश भारत का हृदय स्थल है। यहां से शुरुआत होगी तो पूरे देश में यह सफल रहेगा।

मध्यप्रदेश को ग्लोबल वैल्यू चेन एवं ग्लोबल सप्लाई चेन से जोड़ना होगा

श्री सुरेश प्रभु ने कहा कि आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के लिए प्रदेश को 'ग्लोबल वैल्यू चेन' एवं 'ग्लोबल सप्लाई चेन' से जोड़ना होगा। मध्यप्रदेश में 'एयर कार्गो' सेवाओं का विस्तार करना होगा। मध्यप्रदेश को नेशनल लॉजिस्टिक हब बनाने की अत्यधिक संभावनाएं हैं। इससे आंतरिक व्यापार को भी बढ़ावा मिलेगा। मध्यप्रदेश के कृषि उद्योगों को विदेश में बाजार उपलब्ध कराना होगा। मध्यप्रदेश के वासमती चावल सहित जिलावार वहां की विशेष वस्तुओं की जी.आई. टैगिंग करानी होगी।

मध्यप्रदेश में आएं विश्व की फ्यूचरिस्टिक इंडस्ट्रीज

श्री प्रभु ने कहा कि मध्यप्रदेश को प्रयास करने होंगे कि यहां विश्व की 'फ्यूचरिस्टिक इंडस्ट्रीज' आएं। मध्यप्रदेश में टूरिज्म एवं टाइगर सफारी को बढ़ावा देना होगा। प्रदेश के टाइगर रिज़र्व को एडॉप्ट करना यहां के टूरिज्म को बढ़ावा देने में सहायक होगा। प्रदेश में जिलेवार विकास का मॉडल बनाना होगा तथा वहां की विशेषताओं के क्षेत्र को बढ़ावा देना होगा। हर जिले में रोज़गार के अवसर एवं संसाधनों का विकास कर हर जिले को आत्मनिर्भर बनाना होगा।

वेबीनार के समापन सत्र में लोक निर्माण, कुटीर एवं ग्रामोद्योग मंत्री श्री गोपाल भार्गव, नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री भूपेन्द्र सिंह, उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री भारत सिंह कुशवाहा, सीएमआर इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रायवेट लिमिटेड के एम.डी. श्री जे. सतीश कुमार राव, विषय विशेषज्ञ श्री चेतन्य वैद्य तथा श्री हितेन्द्र मेहता आदि ने हिस्सा लिया।

वेबीनार में प्राप्त महत्वपूर्ण सुझाव

- 'चंवल प्रोग्रेस-वे' तथा 'नर्मदा एक्सप्रेस-वे' को जल्द पूर्ण करने के लिए भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया के लिए पोर्टल विकसित किया जाए।
- उद्योग तथा व्यापार से संबंधित मामलों के त्वरित निपटारे के लिए हाई पावर कमेटी गठित की जाए।
- मध्यप्रदेश को मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक हब बनाया जाए।
- परिवहन से संबंधित कर प्रणाली को सरल, स्पष्ट व सुविधाजनक बनाया जाए।
- ग्रामीण, ट्राइबल एरिया टूरिज्म एवं फिल्म टूरिज्म को बढ़ावा दिया जाए।
- नागरिक सुविधाओं की सरल व समय-सीमा में डिलेवरी के लिए ई-गवर्नेंस का विस्तार किया जाए।
- फल तथा सब्जियों के परिवहन के लिए व्यवहारिक लॉजिस्टिक समाधान दिए जाएं, ताकि किसानों की आय में वृद्धि हो सके।
- कौशल विकास के लिए 50 हजार प्लम्बर, इलेक्ट्रिशियन, मैसन आदि के प्रशिक्षण की व्यवस्था।
- प्रदेश की 225 सिंचाई परियोजनाएं वर्ष 2023 तक पूर्ण किए जाने का लक्ष्य। वर्ष 2026 तक सिंचाई क्षमता को 75 लाख हेक्टेयर तक ले जाने की योजना।
- प्रदेश विद्युत आपूर्ति और सौर ऊर्जा उत्पादन में देश में अग्रणी बने।

तीन वर्ष में हासिल कर लेंगे आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश का लक्ष्य

भोपाल, मध्यप्रदेश प्रत्येक क्षेत्र में आगे रहकर देश में अलग उदाहरण प्रस्तुत करेगा। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के अंतर्गत आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के लिए गत चार माह में किए गए प्रयासों को अब और अधिक व्यवस्थित स्वरूप दिया जा रहा है। इस उद्देश्य से वेबीनार की श्रृंखला प्रारंभ हुई है। आने वाले तीन वर्ष में मध्यप्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए एक बेहतर रोडमैप की आवश्यकता है, जो वेबीनार में विद्वानों से प्राप्त सुझाव और मंथन के फलस्वरूप तैयार होगा। इस रोडमैप की खूबियों से प्रदेश की जनता को अवगत करवाया जाएगा। स्वतंत्रता दिवस पर आमजन, आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के लिए तैयार की गई विस्तृत रणनीति को जान सकेंगे। हम अपने संकल्प से तीन साल में आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश का लक्ष्य हासिल कर लेंगे। प्रदेश में त्रिस्तरीय योजना बनाकर आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश की लक्ष्य प्राप्ति की जाएगी। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के लिए प्रदेश के विकास का रोडमैप बनाने के लिए प्रथम वेबीनार का शुभारंभ करते हुए कहीं।

प्रत्येक सेक्टर में आगे होगा मध्यप्रदेश

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रत्येक सेक्टर में मध्यप्रदेश आगे रहे, यह प्रयास करना है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के पैकेज को क्रियान्वित करने में मध्यप्रदेश ने सक्रिय प्रदर्शन किया है। उदाहरण के लिए मध्यप्रदेश स्ट्रीट वेंडर्स कल्याण में देश में अग्रणी हैं। छोटे कारोबारियों को ब्याज रहित ऋण देने के लिए मध्यप्रदेश में काफी कार्य हुआ है। कोविड-19 की परिस्थितियों में कुछ बड़ी कंपनियां देश में आ सकती हैं, इस दिशा में भी प्रयास किए गए हैं। मध्यप्रदेश में इन कंपनियों का निवेश होने से आर्थिक क्षेत्र में परिवर्तन आएगा। प्रदेश में 1 करोड़ 29 लाख मीट्रिक टन गेहूं उपार्जन की उपलब्धि हासिल हुई। यह देश में हुआ सर्वाधिक गेहूं उपार्जन है। मंडी कानून में संशोधन कर उसे अधिक किसान हितैषी बनाया गया। उत्पादों के वैल्यू एडीशन के प्रयास किए गए हैं। वासमती राइस को जीआई टैग दिलाने की लड़ाई मध्यप्रदेश लड़ रहा है।

त्रिस्तरीय योजना बनाकर लक्ष्य पूरे होंगे

मुख्यमंत्री ने नीति आयोग के प्रतिनिधियों विशेष रूप से सीईओ श्री अमिताभ कांत और सलाहकार श्री संजय साहा के वेबीनार में दिए गए संबोधन का उल्लेख करते हुए आश्वस्त किया कि विषय विशेषज्ञों के महत्वपूर्ण सुझावों और इस वेबीनार श्रृंखला के निष्कर्षों का लाभ मध्यप्रदेश को मिलेगा। प्रदेश में त्रिस्तरीय योजना बनाकर आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश की लक्ष्य प्राप्ति की जाएगी। प्रथम, द्वितीय और तृतीय वर्ष के लक्ष्य के साथ ही वार्षिक लक्ष्य भी प्रत्येक तिमाही में प्राप्त करने की कोशिश होगी।

नीति आयोग के सीईओ श्री अमिताभ कांत ने कहा कि मध्यप्रदेश को 3 वर्ष में पूरी तरह आत्मनिर्भर बनाने के लिए हमारी पूरी टीम सहयोग करेगी। मध्यप्रदेश को देश का नंबर वन राज्य बनाने के लिए मिलकर पूर्ण प्रयास किये जायेंगे। प्रदेश में एक डैश बोर्ड बनायेंगे, जिसके माध्यम से सभी जिलों की मासिक रैंकिंग की जा सकेगी।

विधायक निधि का उपयोग कोविड कार्यों के लिए करें - मुख्यमंत्री

भोपाल, मध्यप्रदेश में कोरोना संक्रमण रोकने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं तथा कोरोना मरीजों को निःशुल्क एवं सर्वोत्तम इलाज की व्यवस्था की गई है। इसके चलते हमने कोरोना पर काफी हद तक नियंत्रण पा लिया है और हम शीघ्र ही कोरोना को पूर्ण रूप से परास्त कर देंगे। परंतु इस कार्य में राज्य के बजट का एक बड़ा हिस्सा व्यय हुआ है तथा आगे भी राशि की जरूरत होगी। हम सबका दायित्व है कि हम शासन के अनावश्यक खर्चों में कटौती करें, वहीं व्यक्तिगत रूप से जो भी सहायता कर सकें करें। 'मैंने निर्णय लिया है कि मैं मुख्यमंत्री का पद ग्रहण करने की दिनांक से आगामी 30 सितंबर तक अपने वेतन एवं भत्तों की 30 प्रतिशत राशि कोरोना कार्य के लिए मुख्यमंत्री राहत कोष में जमा कराऊंगा। अभी तक मेरे द्वारा पहले 3 महीनों की राशि एक लाख 40 हजार रुपये जमा करा दी गई है।' मेरे मंत्रिमंडल के साथी भी यह कार्य कर सकते हैं। हमें अब जनता के सक्रिय सहयोग से कोरोना को पूर्ण रूप से परास्त करना है। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कोरोना की स्थिति एवं व्यवस्थाओं की समीक्षा बैठक के दौरान कहीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि विधायकगण अपनी विधायक निधि का उपयोग अपने क्षेत्र में कोरोना नियंत्रण संबंधी कार्यों जैसे मेडिकल स्टाफ के लिए आवश्यक उपकरण, फेस मास्क, थर्मामीटर, पीपीई किट्स, टेस्टिंग किट, वेंटिलेटर और सैनिटाइजर क्रय आदि के लिए करें। इसी के साथ प्रदेश के 22 जिलों में जिला खनिज निधि में आने वाली प्रतिवर्ष लगभग 500 करोड़ रुपये की राशि की एक तिहाई राशि इन जिलों में कोरोना संबंधी कार्यों और रोज़गार मूलक कार्यों में खर्च की जा सकेगी।

बिना लॉकडाउन के पूरी सावधानी और सतर्कता से कोरोना को हराना है

श्री चौहान ने कहा कि आप सभी के प्रयास एवं जनता के सहयोग का ही परिणाम है कि प्रदेश की कोरोना रिकवरी रेट 70 प्रतिशत है तथा मृत्यु दर घटकर 2.7 प्रतिशत रह गई है। परन्तु अभी भी प्रदेश के कई स्थानों पर संक्रमण बढ़ रहा है। लॉकडाउन के कारण अर्थव्यवस्था बुरी तरह प्रभावित हो रही है।

हम जैसा आचरण करेंगे वैसा ही जनता करेगी

मुख्यमंत्री ने मंत्रीगणों से कहा कि हम जनप्रतिनिधि जैसा आचरण करेंगे वैसा ही जनता करेगी। इसलिए यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम कोरोना के विरुद्ध लड़ाई में स्वयं सभी सुरक्षात्मक उपायों का प्रयोग करें।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

सभी महाविद्यालयों में ई-प्रवेश प्रक्रिया आरंभ हुई

भोपाल, मध्यप्रदेश के समस्त शासकीय, अनुदान प्राप्त अशासकीय, निजी अशासकीय महाविद्यालयों में स्नातक और स्नातकोत्तर के पाठ्यक्रमों में ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया आरंभ हो गई है। आवेदकों को प्रवेश के लिये **epravesh.mponline.gov.in** पर पंजीयन कराना अनिवार्य होगा।

आवेदक द्वारा ऑनलाइन पंजीयन में उपलब्ध जानकारी के अनुसार ई-प्रवेश पोर्टल पर उपलब्ध डाटा से स्वतः सत्यापन हो जाने पर आवेदक को शासकीय महाविद्यालय (हेल्प सेंटर) में जाकर सत्यापन की आवश्यकता नहीं होगी। ऑनलाइन सत्यापन न होने की स्थिति में आवेदक को निकट के किसी भी शासकीय महाविद्यालय में जाकर सत्यापन कराना अनिवार्य होगा। आवेदक विद्यार्थियों को सत्यापन के दौरान कोरोना (कोविड-19) के संक्रमण से बचाव के लिये मास्क तथा सेनेटाइजर का उपयोग तथा 2 गज की शारीरिक दूरी का पालन सुनिश्चित करना होगा। विद्यार्थी ऑनलाइन सत्यापन के लिये अंतिम तिथि की प्रतीक्षा न करें, बल्कि यथासंभव उसी दिन सत्यापन की कार्यवाही पूरी करायें।

प्रथम चरण में स्नातक प्रथम वर्ष के लिये आवेदक 20 अगस्त, 2020 तक ऑनलाइन पंजीयन करा सकेंगे। ऑनलाइन आवेदन करते समय आवेदक अतिरिक्त सावधानी रखते हुए जानकारी भरें।

पिछला सप्ताह

1 अगस्त

अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों पर लगी रोक 31 अगस्त तक बढ़ाई गई

● केंद्र सरकार ने भारत में अंतर्राष्ट्रीय विमानों की उड़ान पर लगी रोक को 31 अगस्त तक बढ़ा दिया है। नागर विमानन

महानिदेशालय (डीजीसीए) ने कहा कि देश में अंतर्राष्ट्रीय विमानों की आवाजाही पर 31 अगस्त तक रोक रहेगी। इससे पहले यह रोक 31 जुलाई तक थी। हालांकि इस दौरान मालवाहक उड़ानों और डीजीसीए द्वारा स्वीकृत उड़ानों के परिचालन की अनुमति दी गई है। डीजीसीए ने कहा कि सेवा स्थगित रहने के दौरान विभिन्न देशों में फंसे हुये लोगों को लाने-ले जाने के लिये भारत से अंतर्राष्ट्रीय परिचालन के लिये 2500 से ज्यादा उड़ानों को मंजूरी दी गई है। उल्लेखनीय है कि कोरोना महामारी के कारण अन्य देशों में फंसे भारतीयों को देश में वापस लाने के लिये केंद्र सरकार द्वारा वंदे भारत मिशन के तहत अंतर्राष्ट्रीय उड़ाने संचालित की जा रही हैं।

● भारतीय सेना की थीम पर बनने वाली वेब सीरीज, डॉक्यूमेंट्री और अन्य कंटेंट को रिलीज करने से पहले रक्षा मंत्रालय का अनापत्ति प्रमाण-पत्र (एनओसी) लेना जरूरी होगा। रक्षा मंत्रालय ने इस संबंध में केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सेंसर बोर्ड) और सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय को पत्र लिखकर कहा है कि भारतीय सेना पर बनाई गई फिल्म, डॉक्यूमेंट्री और वेब सीरीज के प्रसारण से पहले रक्षा मंत्रालय से प्राप्त एनओसी प्राप्त करना अनिवार्य किया जाये। बिना एनओसी प्राप्त भारतीय सेना पर बनी फिल्म या अन्य कंटेंट का प्रसारण नहीं होगा। रक्षा मंत्रालय ने यह कदम भारतीय सेना के जवानों और सैन्य वर्दी के अपमानजनक तरीके से फिल्मांकन और सेना की छवि बिगाड़ने की शिकायतों के बाद उठाया है।

● रूस में कोरोना वैक्सीन के ट्रायल को लेकर एक बड़ा दावा किया है। एक न्यूज रिपोर्ट के अनुसार, रूस अक्टूबर माह से लोगों को बड़े पैमाने पर कोरोना वैक्सीन लगाने की तैयारी कर रहा है। रिपोर्ट के अनुसार, रूस के स्वास्थ्य मंत्री मिखाइल मुराशको ने कहा कि अक्टूबर माह में कोरोना महामारी के खिलाफ सामूहिक टीकाकरण अभियान शुरू करने की तैयारी की जा रही है। यह वैक्सीन सबसे पहले स्वास्थ्यकर्मियों और शिक्षकों को लगाई जायेगी। उल्लेखनीय है कि रूस में कोरोना वैक्सीन को लेकर व्यापक स्तर पर ट्रायल किये जा रहे हैं। रूस का दावा है कि वो कोरोना वैक्सीन को बनाने के सबसे करीब है।

2 अगस्त

नई शिक्षा नीति में विदेशी भाषा सूची से हटाई गई चीनी भाषा

● केंद्र सरकार ने नई शिक्षा नीति के तहत विदेशी भाषा सूची से चीनी भाषा (मंदारिन) को हटाया है। अब नई शिक्षा नीति के तहत वैश्विक संस्कृति सीखने और वैश्विक ज्ञान में बढ़ोत्तरी करने के लिये विद्यार्थी अपनी इच्छानुसार विदेशी भाषाओं का अध्ययन कर सकेंगे। इन विदेशी भाषाओं में कोरियाई, जापानी, थाई, फ्रेंच, स्पेनिश, जर्मन, पुर्तगाली और रशियन भाषा शामिल हैं। वर्ष 2019 में जारी किये गये ड्राफ्ट में चीनी भाषा का जिक्र था। इस ड्राफ्ट में जर्मन, फ्रेंच, स्पेनिश, चीनी और जापानी भाषा का जिक्र वैकल्पिक विदेशी भाषा के तौर पर किया गया था, लेकिन नई शिक्षा नीति में चीनी भाषा को जगह नहीं मिली है।

● विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने कोरोना महामारी को लेकर नई चेतावनी जारी की है। डब्ल्यूएचओ ने कहा कि कोरोना वायरस शायद लंबे समय के लिये रह सकता है। डब्ल्यूएचओ ने यह चेतावनी कोरोना महामारी के छह महीने के मूल्यांकन पर इमरजेंसी कमेटी की बैठक के बाद जारी की। डब्ल्यूएचओ ने कहा कि कमेटी ने कोरोना महामारी की लंबी अवधि का पूर्वानुमान जताया है। डब्ल्यूएचओ ने बताया कि कोरोना वायरस के अस्तित्व में आने के बाद से ये कमेटी चार बार कोरोना वायरस के खतरे के मूल्यांकन को लेकर बैठक कर चुकी है।

3 अगस्त

रोज़गार सृजन कार्यक्रम के प्रस्ताव को मिली मंजूरी

● देश को आत्मनिर्भर बनाने के लिये खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग ने रोज़गार सृजन कार्यक्रम का प्रस्ताव तैयार किया है। केंद्रीय सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री श्री नितिन गडकरी ने इस प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की है। इस कार्यक्रम के तहत खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग अगरबत्ती उत्पादन में भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिये कार्य करेगा। इसके लिये खादी अगरबत्ती आत्मनिर्भर मिशन संचालित किया जायेगा। जिसका उद्देश्य देश के विभिन्न हिस्सों में बेरोज़गारों और प्रवासी श्रमिकों के लिये अगरबत्ती उत्पादन में रोज़गार के अवसर पैदा करना है। आयोग ने इस प्रस्ताव को पिछले महीने एमएसएमई मंत्रालय के समक्ष रखा था। आयोग ने कहा कि इस कार्यक्रम के तहत बेहद कम निवेश में स्थाई रोज़गार का सृजन किया जा सकेगा। यह कार्यक्रम पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) मोड में संचालित किया जायेगा।

● केंद्र सरकार ने दोपहिया वाहन चालकों की सुरक्षा के लिये बड़ा फैसला लेते हुये भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) स्टैंडर्ड के हेलमेट पहनना अनिवार्य कर दिया है। केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्रालय ने कहा कि जल्द ही बीआईएस मानक वाले हेलमेट के उत्पादन, बिक्री और उपयोग के लिये नये नियम लागू किये जा रहे हैं। मंत्रालय ने कहा कि नकली तथा स्तरहीन हेलमेट के उपयोग से वाहन चालकों की जान को खतरा रहता है, इसलिये हेलमेट को बीआईएस कैटेगरी में शामिल किया जा रहा है।

4 अगस्त

यूएई में प्रवासी भारतीय अब दो दिन में रीन्यू करवा सकेंगे पासपोर्ट

● संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में अब भारतीय प्रवासी महज दो दिन में अपना पासपोर्ट का नवीनीकरण करवा सकेंगे। इसके लिये नई संचालन प्रक्रिया शुरू होने जा रही है। एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, दुबई स्थित भारतीय दूतावास यूएई में रह रहे भारतीय प्रवासियों के पासपोर्ट आवेदन स्वीकार करेगा। दूतावास पासपोर्ट नवीनीकरण फॉर्म पर कार्य उसी दिन शुरू कर देगा, जिस दिन कोई प्रवासी भारतीय आवेदन करेगा। दुबई में महावाणिज्य दूत डॉ. अमन पुरी ने कहा कि आपात स्थिति में यात्रा करने के लिये पासपोर्ट नवीनीकरण सहित अन्य आपात सेवायें उपलब्ध कराई जायेंगी। उल्लेखनीय है कि दुबई स्थित भारतीय दूतावास ने पिछले वर्ष दो लाख से अधिक पासपोर्ट जारी किये थे, जो कि दुनियाभर के सभी भारतीय दूतावासों में सर्वाधिक थे।

● सोशल नेटवर्किंग साइट फेसबुक ने वॉट्सएप के साथ मिलकर एक मैसेंजर रूम पेश किया है। इस मैसेंजर रूम के जरिये वॉट्सएप यूजर्स सीधे मैसेंजर पर चैट कर सकेंगे। यह सेवा अभी केवल वॉट्सएप वेब के लिये ही उपलब्ध है। इसके लिये वॉट्सएप वेब का वर्जन अपडेट करना होगा। इस मैसेंजर रूम के जरिए वॉट्सएप के अधिकतम 50 यूजर्स एक साथ बिना समय सीमा के वीडियो कॉल से कनेक्ट हो सकते हैं। यह फीचर उपयोगकर्ताओं को अपने कम्प्यूटर तथा लैपटॉप से मैसेंजर रूम के माध्यम से जोड़ने में सक्षम करेगा।

5 अगस्त

आईआईटी मद्रास ने प्रोग्रामिंग और डाटा साइंस में शुरू किया कोर्स

● भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) मद्रास ने प्रोग्रामिंग और डाटा साइंस में ऑनलाइन बीएससी नाम से नया कोर्स शुरू करने की घोषणा की है। आईआईटी मद्रास ने कहा कि विद्यार्थी इस कोर्स में दाखिला लेने के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन करने की अंतिम तिथि 15 सितंबर 2020 तक है। बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण करने वाले तथा जो छात्र बारहवीं कक्षा की परीक्षा दे चुके हैं, वे इस कोर्स के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसके अलावा स्नातक छात्र भी आवेदन कर सकते हैं। इस कोर्स के लिए आवेदन शुल्क 3 हजार रुपये तय किया गया है। यह आवेदन आईआईटी मद्रास की वेबसाइट पर किया जा सकेगा।

● श्रम मामलों की स्थायी संसदीय समिति ने सामाजिक सुरक्षा संहिता 2019 पर अपनी रिपोर्ट में सिफारिश की है कि कर्मचारियों के लिए ग्रेच्युटी की समय सीमा पांच साल से घटाकर एक साल की जाए। समिति ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को सौंपी गई अपनी रिपोर्ट में कहा कि ज्यादातर कर्मचारियों को कम अवधि के लिए ही नियुक्त किया जाता है, जो उन्हें मौजूदा मानदंडों के अनुसार ग्रेच्युटी पाने के अयोग्य बनाते हैं, इसलिए समिति चाहती है कि ग्रेच्युटी भुगतान संहिता के तहत निर्धारित पांच साल की समय सीमा को घटाकर एक साल की निरंतर सेवा कर दिया जाए। समिति के अनुसार इस तरह के प्रावधान संविदा कर्मियों, तय दर वाले श्रमिकों और दैनिक/मासिक वेतनभोगी कर्मचारियों सहित हर तरह के कर्मचारियों के लिए लागू किए जा सकते हैं।

6 अगस्त

भारत ने संयुक्त राष्ट्र फंड में दिया योगदान

● भारत ने संयुक्त राष्ट्र फंड में 1.55 करोड़ डॉलर (लगभग 115 करोड़ रुपये) का योगदान दिया है। यह राशि भारत-संयुक्त राष्ट्र विकास साझेदारी कोष में दी गई है। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि टीएस तिरूमूर्ति ने यूनाइटेड नेशंस ऑफिस फॉर साउथ - साउथ कोऑपरेशन के निर्देशक जॉर्ज चेडिक को 1.55 करोड़ डॉलर का चेक सौंपा। चेडिक ने कहा कि कोरोना महामारी के दौर में विश्वभर के विकासशील देश जनस्वास्थ्य सहित कई समस्याओं से जूझ रहे हैं, ऐसे हालात के बावजूद भारत ने अपने समान अन्य विकासशील देशों की विकास संबंधी प्राथमिकताओं का समर्थन करने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया है।

● भारतीय सेना ने पहली बार महिला सैनिकों को जम्मू और कश्मीर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास तैनात किया है। असम राइफल्स की ये महिला सैनिक उत्तर कश्मीर के कुपवाड़ा में एलओसी के पास तैनात की गई हैं। महिला सैनिकों के इस दल की अगुवाई कैप्टन गुरसिमरन कौर कर रहीं हैं। भारतीय सेना के अनुसार इन सैनिकों को 10 हजार फीट की ऊंचाई पर स्थित साधना पास क्षेत्र में तैनात किया गया है। ये महिला सैनिक साधना पास के जरिये देश में नार्कोटिक्स, जाली नोट और हथियारों की तस्करी को रोकने का काम करेंगी।

● भारतीय बीमा विनियामक एवं विकास प्राधिकरण ने देश में कोरोना के बढ़ते मामलों को देखते हुए जीवन बीमा कंपनियों को ई-पॉलिसी जारी करने की अनुमति प्रदान की है। इरडा द्वारा एक परिपत्र जारी कर बीमा कंपनियों को पॉलिसी दस्तावेज प्रकाशित कर बीमाधारक के पास भेजने के नियम से छूट प्रदान की गई है। इरडा ने कहा कि यह छूट सशर्त है। यह छूट वित्तीय वर्ष 2020-21 के दौरान जारी की जाने वाली सभी बीमा पॉलिसियों के लिए मान्य रहेगी। बीमा कंपनियों को ई-पॉलिसी के लिए ग्राहक की सहमति हासिल करना जरूरी होगा। यदि ग्राहक पॉलिसी की हार्ड कॉपी की मांग करता है, तो कंपनियों को वह उपलब्ध कराना होगा।

7 अगस्त

भारतीय रिजर्व बैंक लोन रीस्ट्रक्चरिंग सुविधा शुरु करेगा

● भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने कहा है कि वह आम जनता और कंपनियों के लिए लोन रीस्ट्रक्चरिंग सुविधा शुरु करेगा। कोरोना महामारी की वजह से

नुकसान झेल रही विभिन्न कंपनियां इस सुविधा के जरिए आन लोन रीस्ट्रक्चर करवा सकेंगी। आरबीआई ने कहा कि बैंक लोन रीस्ट्रक्चर की 10 प्रतिशत राशि अलग रखें ताकि भविष्य में कोई नुकसान होने की स्थिति से निपटा जा सके।

● बेंगलुरू स्थित इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस (आईआईएससी) ने चार मोबाइल संक्रमण परीक्षण और रिपोर्टिंग प्रयोगशालाएं (लैब) शुरु की हैं। लैब से कोरोना महामारी के परीक्षण में तेजी आएगी। जैव सुरक्षा स्तर-2 के अनुपालन के साथ निर्मित यह देश की पहली मोबाइल डायग्नोस्टिक लैब है, जो केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय से संबंधित भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद् (आईसीएमआर) द्वारा अनुमोदित है। इस लैब से हर महीने 6 से 9 हजार नमूनों की जांच की जा सकेगी और जांच के नतीजों को आईसीएमआर के पोर्टल पर अपलोड किया जा सकेगा।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

LNCT (BHOPAL) INDORE CAMPUS, INDORE

राजीव गाँधी प्रोद्योगिकी विश्वविद्यालय, भोपाल एवं देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर से मान्यता प्राप्त

APPLICATIONS INVITED

Applications invited for the teaching and non-teaching positions under College Code-28 and UGC/AICTE norms.
Principal/Professor/Associate Professor/Assistant Professor
MBA Dept.-Finance/Marketing/HR/IT/Operations/Production
Engg.- CSE, EC, ME, CE and Maths, Phy., Chem., Comm. Skills.
Non-teaching staff- Admn. Officer, Mark. officer, Sport officer, ibrarian,Transport Incharge, Office Staff, Computer Op., ab asstt. Electrician, Work Shop staff, Conductors, Drivers,Peons& supp. staff etc.Please send us your updated resume along with 2 passport sized photographs and photocopies of all certificate & testimonials within days of the publication of this advertisement to the below mentioned address or forward softcopy to below mentioned E-mail ID.

E-mail- indoreInct@lnct.ac.in
Address- Rau-Pithampur Road, Opp. STI, Gram Bhaislaya,INDORE 453331(M.P.)
Mob.No. 6262023939,6262018080

@ditya R-44213/2020

PEOPLE'S UNIVERSITY
(Established by M.P. Act No. 18 of 2011 & approved u/s 2 (f) of UGC act 1956)

PEOPLE'S COLLEGE OF PARAMEDICAL SCIENCES & RC
Recognized by the Paramedical Council of Madhya Pradesh,
Director of Medical Education and Higher Education Department

ADMISSION OPEN 2020-21

MPT	Masters of Physiotherapy - (Ortho'/ Neuro'/ Cardio' & Sports) 2 yrs PG Degree Program, Eligibility : BPT	
BPT	Bachelor of Physiotherapy*	4½ yrs Degree Course
BMLT	Bachelor of Medical Lab Technology*	3 yrs Degree Course
DMLT	Diploma in Medical Lab Technology*	2 yrs Diploma Course
DDT	Diploma in Dialysis Technology*	2 yrs Diploma Course

*Eligibility : 12th with Physics, Chemistry & Biology

Attached with People's Teaching Hospital 1000 bedded (ISO 9001:2015) Training facilities such as dissection/demonstration hall, Anatomy Museum OPD/IPD postings, community/ field visit etc. ▮ Separate hostel facility Scholarship facility available. ▮ Medical camps, Health & Nutritional awareness Camp. etc. Institutional NSS & NCC Activities. ▮ Educational Visits and Student's Tour.

Ph. 0755-4005295, M. 98262 44676
People's Campus, Bhanpur, Bhopal (M.P.) 462037
E-mail: pcps.pu2017@gmail.com
Shreeram R-44204/2020

रोज़गार और निर्माण वर्ष 37, अंक 32, 10.08.2020 से 16.08.2020

● प्रबंध संचालक - डॉ. सुदाम खाड़े ● कार्यकारी सम्पादक - राजीव तिवारी ● सम्पादक - पुष्पेन्द्र पाल सिंह ● प्रभारी अधिकारी - नरेन्द्र कुमार बनवट (प्रसार एवं विज्ञापन)
● प्रबंधक - वंदना चतुर्वेदी (विज्ञापन एवं प्रसार) ● आकल्पन - आशा रोमन, हेमंत वार्यगणकर, सुशील लांडगे ● वेबसाइट - आत्माराम शर्मा

वार्षिक सदस्य बनने के लिये रुपये 500/- (पाँच सौ) का डी.डी., मनी ऑर्डर अथवा पोस्टल ऑर्डर सम्पादक, रोज़गार और निर्माण, भोपाल के नाम बनवाकर नीचे लिखे पते पर भेजें:-
रोज़गार और निर्माण, मध्यप्रदेश माध्यम, 40 प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) पिन-462011. फोन- 2760006, 2551330, 4281330, फैक्स - 4228409, e-mail : mpmdtp@yahoo.com
रोज़गार और निर्माण कार्यालय में नगद राशि जमा कर भी इसकी वार्षिक सदस्यता प्राप्त की जा सकती है। रोज़गार और निर्माण में प्रकाशित लेखों में व्यक्त विचार लेखकों के अपने हैं। जरूरी नहीं कि सम्पादक उससे सहमत हों। किसी भी प्रकार के विवाद के लिये न्यायालयीन अधिकार क्षेत्र भोपाल रहेगा। रोज़गार और निर्माण में निजी संस्थाओं के विज्ञापन भी प्रकाशित किये जाते हैं, इन विज्ञापनों में किए गए दावे और तथ्य निजी संस्थाओं के अपने होते हैं। इसका समाचार पत्र के प्रबंधन से कोई संबंध नहीं है।

सम्पादकीय

प्रदेश में चलेगा पोषण अभियान

बच्चों और महिलाओं का कुपोषण दूर कर उन्हें स्वस्थ बनाए रखने में आंगनबाड़ी केन्द्रों की महत्वपूर्ण भूमिका है। कोविड-19 के दौर में इसका महत्व और भी बढ़ गया है। दूसरे विभाग भी आंगनबाड़ी केन्द्रों को सक्षम बनाने में सहयोग करें। उपरोक्त बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहीं। उन्होंने कहा कि अधिकारी और मंत्रीगण भी जिलों में भ्रमण के दौरान आंगनबाड़ी केन्द्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं दुरुस्त करने में सहयोग प्रदान करें। पोषण अभियान की कार्य-योजना बनाकर शत-प्रतिशत परिणाम प्राप्त किए जाएं। महिला और बाल विकास की योजनाओं के जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन को बेहतर बनाया जाए। जो कमियां दिखे उन्हें दूर किया जाए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि आंगनबाड़ी केन्द्रों पर विभिन्न व्यवस्थाएं करने के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग विभिन्न विभागों के साथ समन्वय बढ़ाए। मुख्यमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए प्रदेश की आंगनबाड़ियों के संचालन की समीक्षा करते हुए यह निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि एक मूवमेन्ट और जन-आंदोलन बनाकर कुपोषण का कलंक दूर करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोविड-19 की परिस्थितियों में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने अच्छा काम किया है, जिसके लिए वे बधाई के पात्र हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आंगनबाड़ी के माध्यम से बच्चों को पोषण आहार देने का लक्ष्य पूरा करें। प्रदेश में शत-प्रतिशत आंगनबाड़ी केन्द्र के भवन-निर्माण का लक्ष्य है। अब प्रदेश में कहीं भी किसी घर में आंगनबाड़ी केन्द्र संचालित नहीं होंगे। इन्हें अपने भवन मिलेंगे। सामुदायिक भवन अथवा अन्य रिक्त शासकीय भवन में इसकी व्यवस्था की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोविड-19 के संक्रमण काल में 53 हजार 668 स्व-सहायता समूहों द्वारा 3 वर्ष से 6 वर्ष की आयु के सभी बच्चों को रेडी टू ईट पूरक पोषण आहार प्रदाय करने का कार्य सुचारु रूप से संचालित हो, लोकल फॉर वोकल के क्रियान्वयन के अंतर्गत रेडी टू ईट की व्यवस्था की गई है। इसी प्रावधान के अनुसार सभी पात्र-हितग्राहियों को प्रत्येक 15 दिवस के अंतराल से टेक होम राशन प्रदाय की पुख्ता व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इसके लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ता गंभीरता से अपना दायित्व पूरा करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि बच्चों का वजन लेकर उनके पोषण स्तर की निगरानी और टीकाकारण नियत स्थानों पर छोटे-छोटे समूहों में किया जा रहा है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता लोगों के निवास जाकर कोरोना संक्रमण से बचाव का परामर्श भी प्रदान करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि महिला एवं बाल विकास विभाग त्रिस्तरीय रणनीति तैयार कर कार्यों का संपादन सुनिश्चित करे। तत्काल किए जाने वाले कार्य, अल्पकालीन लक्ष्य और दीर्घकालीन लक्ष्य निर्धारित किए जाएं। तिमाही, छमाही और सालाना लक्ष्य बनाए जा सकते हैं। आंगनबाड़ी केन्द्रों के निरीक्षण के लिए सूचना प्रौद्योगिकी आधारित पद्धति विकसित की जाए। इसे सिंगल सिटीजन डाटा बेस से भी जोड़ा जा सकता है। बेहतर मॉनिटरिंग सिस्टम होने से आंगनबाड़ी केन्द्रों की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि आंगनबाड़ी केन्द्रों की कमियां दूर कर उनकी उपयोगिता बढ़ायी जाए। केन्द्रों में पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इसके लिए हैंडपंप स्थापना और पाईप लाइन से जल प्रदाय की संभावनाओं का अध्ययन कर व्यवस्था की जाए। प्रदेश में संचालित किए जा रहे आंगनबाड़ी केन्द्रों के जरिए बच्चों को एक बेहतर माहौल देने के निरंतर प्रायस किए जा रहे हैं। मध्यप्रदेश शासन का यह प्रयास है कि आंगनबाड़ी केन्द्र भविष्य में और सक्षम हों और बच्चों के विकास में बेहतर योगदान दे सकें।

ब्रह्मांड को जानें

पृथ्वी

ब्लॉक पर्वत दरारों या भ्रंशों में पृथ्वी की ऊपर की गतियों के परिणाम स्वरूप अस्तित्व में आया। जब इस प्रकार पृथ्वी का ऊर्ध्व संचलन होता है, दो निम्न

तुंगो के बीच के उन्नत क्षेत्र उसी रूप में रह जाते हैं और वे उच्च क्षेत्र, ब्लॉक पर्वत प्रायः इतने ढालू होते हैं कि इन पर चढ़ना मुश्किल होता है, जैसे फ्रांस में बसिगेज पर्वत और पश्चिमी जर्मनी में ब्लैक फॉरेस्ट पर्वत।

ज्वालामुखीय विस्फोट होने से जो पदार्थ बाहर निकलता है, वह छिद्र या बिवर के आसपास इकट्ठा हो जाता है और एक पर्वत का निर्माण करता है, जो आमतौर से शंकु का रूप होता है और उसके शीर्ष पर बिवर होता है जापान में फ्यूजीयामा, इटली में वेसूवियस और एंडीज (दक्षिणी अमेरिका) में चिम्बोराजो और कोटोपाक्सी इसी प्रकार के पर्वतों के उदाहरण हैं।

कुछेक पर्वत इतनी गहराई तक विच्छिन्न और मौसम के प्रभाव तथा नदियों के क्रिया-कलाप से प्रभावित होते हैं कि वे कंकाल मात्र रह जाते हैं। न्यूयॉर्क के कैटसकिल पर्वत इस प्रकार के पर्वतों के विशिष्ट उदाहरण हैं।

- देवेश तिवारी
(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी पर लिखते हैं)

भारत छोड़ो आंदोलन | 9 अगस्त

गांधीजी के नेतृत्व में आजादी के लिये निर्णायक साबित हुआ भारत छोड़ो आंदोलन

राजा दुबे
(लेखक, जनसम्पर्क विभाग से सेवानिवृत्त संयुक्त संचालक हैं)

भारत की आजादी के लिये सन् 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम से भारत छोड़ो आंदोलन तक जो संघर्ष हुआ उसका लम्बा इतिहास है और इस संघर्ष गाथा में कई मुकाम ऐसे आये जब लगा कि बस अब देश सल्तनत-ए-बरतानिया के औपनिवेशिक साम्राज्य से आजाद होने को ही है। लम्बे चले आंदोलन और शहादत की गौरव गाथाओं से भरे स्वतंत्रता संग्राम में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के नेतृत्व में लड़ा गया 'भारत छोड़ो आंदोलन' आजादी के लिये सबसे निर्णायक और अंतिम लड़ाई थी। द्वितीय विश्वयुद्ध के समय आरम्भ किया गया था भारत छोड़ो आंदोलन। इस आंदोलन का लक्ष्य था भारत से ब्रिटिश साम्राज्य को समाप्त करना। इस आंदोलन के प्रस्ताव को भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के दौरान विश्व विख्यात काकोरी काण्ड के ठीक सत्रह साल बाद 09 अगस्त 1942 को गांधीजी के आह्वान पर समूचे देश में एक साथ भारत छोड़ो आंदोलन आरम्भ हुआ था। भारत को तुरन्त आजाद करने के लिये अंग्रेजी शासन के विरुद्ध यह एक बड़ा आंदोलन था।

भारत छोड़ो आंदोलन की पृष्ठभूमि

क्रिप्स प्रस्तावों को भारतीयों द्वारा नकारे जाने और क्रिप्स मिशन के वापस लौटने के बाद एक प्रस्ताव पारित कर अंग्रेजों को भारत छोड़ने के लिये कह दिया गया था। द्वितीय विश्व युद्ध की आड़ लेकर सरकार ने अपने आपको सख्त-से-सख्त कानूनों से सुरक्षित कर लिया था और शांतिपूर्ण गतिविधियों को भी प्रतिबंधित कर दिया था। स्थितियां अत्यंत विकट हो चुकी थीं और भारत के राष्ट्रीय नेतृत्व को भी यह पता था कि उस समय विद्रोह का नतीजा जनता के कठोर दमन के रूप में आएगा, परंतु फिर भी यह संघर्ष छेड़ा गया। इस संघर्ष के अपरिहार्य हो जाने के कारण थे- संवैधानिक गतिरोधों को हल करने में क्रिप्स मिशन असफल हो गया था और यह स्पष्ट हो गया था कि ब्रिटिश सरकार भारतीयों के साथ किसी सम्मानजनक समझौते के लिये तैयार नहीं है। युद्ध के कारण रोजमर्रा की आवश्यक वस्तुओं के अभाव के चलते मूल्यों में बेतहाशा वृद्धि के कारण सरकार के प्रति जनता में तीव्र आक्रोश था। जापानी आक्रमण के भय से ब्रिटिश सरकार ने उड़ीसा, बंगाल व असम में दमनकारी भू-नीति का इस्तेमाल किया। दक्षिण-पूर्वी एशिया में ब्रिटेन की हार के कारण असंतोष व्यक्त करने की भारतीयों की इच्छाशक्ति जागृत हो गई। ब्रिटिश सत्ता के प्रति आक्रोश बढ़ता गया और सत्ता के स्थायित्व के प्रति उनके मन में संदेह पैदा हो गया फलस्वरूप जनता डाकघरों और बैंकों से अपने रुपए निकालने लगी। बर्मा और मलाया को खाली करवाने के तरीकों से भी जनता में काफी क्षोभ व्याप्त था। भारतीयों को लगने लगा था कि अगर जापान ने आक्रमण किया तो अंग्रेज यहां भी इसी प्रकार विश्वासघात करेंगे। लोगों में निराशा फैल रही थी और यह आशंका पैदा हो गई थी कि यदि जापानी आक्रमण हुआ तो जनता हताशा के चलते प्रतिरोध ही न करे, अतः यह समय राष्ट्रीय नेताओं को एक बड़ा संघर्ष शुरू करने के लिये उचित लगा। भारत छोड़ो आंदोलन भारत के लिये एक युगांतरकारी आंदोलन था, क्योंकि इसने भारत की भावी राजनीति की आधारशिला रखी। 'करो या मरो' नारे के साथ ग्वालिया टैंक मैदान से गांधीजी ने अपने ऐतिहासिक भाषण में कहा कि- 'जब भी सत्ता मिलेगी, भारत के लोगों को मिलेगी और तब जनता ही तय करेगी कि इसे किसके हाथों में सौंपा जाना है।' सही मायनों में भारत छोड़ो आंदोलन में ही आजादी की लड़ाई का नेतृत्व भारत के लोगों को प्राप्त हुआ। 'भारत छोड़ो' का नारा यूसुफ मेहर अली ने दिया था यूसुफ मेहर अली भारतीय स्वतंत्रता संघर्ष के अग्रणी नेताओं में से एक थे।

ब्रिटिश शासन के खिलाफ गांधीजी का तीसरा सबसे बड़ा आंदोलन

क्रिप्स मिशन की विफलता के बाद महात्मा गांधी ने ब्रिटिश शासन के खिलाफ अपना तीसरा बड़ा आंदोलन छेड़ने का फैसला लिया था। इस आंदोलन की घोषणा के बाद ही गांधी जी को फ़ौरन गिरफ़्तार कर लिया गया था। लेकिन देश भर के युवा कार्यकर्ता हड़तालों और तोड़फ़ोड़ की कार्रवाइयों के जरिए आंदोलन चलाते रहे। जयप्रकाश नारायण जैसे नेता भूमिगत प्रतिरोधी गतिविधियों में सबसे ज्यादा सक्रिय थे। पश्चिम में सतारा और पूर्व में मेदिनीपुर जैसे कई जिलों में स्वतंत्र सरकार की स्थापना भी कर दी गई थी। अंग्रेजों ने आंदोलन के प्रति काफी सख्त रवैया अपनाया फिर भी इस विद्रोह को दबाने में सरकार को साल भर से ज्यादा समय लगा। यह भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन का आखिरी बड़ा आंदोलन था, जिसमें सभी भारतवासियों ने एक साथ बड़े स्तर पर भाग लिया था। कई जगह समानांतर सरकारें भी बनाई गईं, स्वतंत्रता सेनानी भूमिगत होकर भी लड़े। यह आंदोलन ऐसे समय में प्रारंभ किया गया जब द्वितीय विश्वयुद्ध जारी था और औपनिवेशक देशों के नागरिक स्वतंत्रता के प्रति जागरूक हो रहे थे और कई देशों में साम्राज्यवाद एवं उपनिवेशवाद के खिलाफ आंदोलन तेज होते जा रहे थे। ऐसे समय में भारत में ऐसे एक आंदोलन ने देश की आजादी का मार्ग प्रशस्त किया।

इस आंदोलन को 'अगस्त क्रांति' के नाम से भी जाना जाता है

भारत छोड़ो आंदोलन को 'अगस्त क्रांति' के नाम से भी जाना जाता है। विश्व युद्ध में इंग्लैंड को बुरी तरह उलझता देख जैसे ही नेताजी सुभाषचन्द्र बोस ने आजाद हिन्द फौज को 'दिल्ली चलो' का नारा दिया, गांधीजी ने मौके की नजाकत को भांपते हुए बम्बई से अंग्रेजों को 'भारत छोड़ो' व भारतीयों को 'करो या मरो' का आदेश जारी किया। आंदोलन के दौरान 19 अगस्त, 1942 को शास्त्रीजी गिरफ्तार हो गये।

इस आंदोलन के सत्रह साल पहले 9 अगस्त 1925 को ब्रिटिश सरकार का तख्ता पलटने के उद्देश्य से रामप्रसाद 'बिस्मिल' के नेतृत्व में हिन्दुस्तान प्रजातंत्र संघ के दस जुझारू कार्यकर्ताओं ने काकोरी काण्ड किया था, जिसकी याद ताजा रखने के लिये पूरे देश में प्रतिवर्ष 9 अगस्त को 'काकोरी काण्ड स्मृति-दिवस' मनाने की परम्परा भगत सिंह ने प्रारम्भ कर दी थी और इस दिन बहुत बड़ी संख्या में नौजवान एकत्र होते थे। गांधीजी ने एक सोची-समझी रणनीति के तहत 9 अगस्त 1942 का दिन चुना था।

आंदोलन में शामिल हुये लाखों लोग

भारत छोड़ो आंदोलन, विश्व इतिहास में सबसे सशक्त जन आंदोलन के रूप में जाना जाता है, जिसमें लाखों आम हिंदुस्तानी शामिल थे। इस आंदोलन ने युवाओं को बड़ी संख्या में अपनी ओर आकर्षित किया। युवा अपने कॉलेज छोड़कर जेल का रास्ता अपनाने लगे।

इस आंदोलन से तत्कालीन ब्रिटिश सरकार घबरा गई और 9 अगस्त 1942 को दिन निकलने से पहले ही बड़े आंदोलनकारी नेताओं को गिरफ्तार कर लिया। गांधीजी के साथ भारत कोकिला सरोजिनी नायडू को यरवदा, पुणे के आगा खान पैलेस में, डॉ. राजेन्द्र प्रसाद को पटना जेल व अन्य सभी सदस्यों को अहमदनगर के किले में नजरबन्द किया गया था। सरकारी आंकड़ों के अनुसार इस जनान्दोलन में 940 लोग मारे गये थे, 1630 घायल हुए थे और 18,000 डी.आई.आर. में नजरबन्द हुए तथा 60,229 लोग गिरफ्तार हुए थे।

आंदोलन के लिये दिया था गांधीजी ने एक मंत्र

भारत छोड़ो आंदोलन का प्रस्ताव पारित होने के बाद बम्बई के ग्वालिया टैंक मैदान में गांधीजी जी ने कहा कि- एक छोटा सा मंत्र है, जो मैं आपको देता हूँ। इसे आप अपने हृदय में अंकित कर लें और अपनी हर सांस में उसे अभिव्यक्त करें। यह मंत्र है- 'करो या मरो'। अपने इस प्रयास में हम या तो स्वतंत्रता प्राप्त करेंगे या फिर जान दे देंगे। इस तरह भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान 'भारत छोड़ो' एवं 'करो या मरो' भारतीयों का नारा बन गया। यह आंदोलन स्वतंत्रता प्राप्ति के लिये किये गये प्रयासों के अंतिम चरण को इंगित करता है। इसने गांव से लेकर शहर तक ब्रिटिश सरकार को चुनौती दी। इससे भारतीय जनता के अंदर आत्मविश्वास बढ़ा और समानांतर सरकारों के गठन से जनता काफी उत्साहित हुई। इसमें महिलाओं ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया और जनता ने नेतृत्व अपने हाथ में लिया जो राष्ट्रीय आंदोलन के परिपक्व चरण को सूचित करता है। इस आंदोलन के दौरान पहली बार राजाओं को जनता की संप्रभुता स्वीकार करने को कहा गया।

(फोटो गूगल से साभार)

कार्यालय संभागीय परियोजना यंत्री
लोक निर्माण विभाग, परियोजना क्रियान्वयन इकाई
कोठी रोड, सिविल लाईन, सतना

एनआईटी नं. - 19/2020/केन्द्रीयकृत निविदा आमंत्रण/एपीडी/पीआईयू/3635 रीवा, दिनांक : 29.07.2020

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन निविदा पंजीकृत ठेकेदारों अथवा पंजीयन हेतु उपयुक्त पात्रता वाली प्रतिष्ठित फर्म से आमंत्रण की जाती है :-

स.क्र. एवं कार्य का नाम :- 1. मैहर जिला सतना में अनुसूचित जाति विभाग अंतर्गत प्री-मैट्रिक बालक छात्रावास का निर्माण कार्य (प्रथम आमंत्रण)

पोर्टल टेंडर क्र.	जिला	ठेके की अनु. राशि (पीएसी) (रु. लाख में)	अमानत राशि (ईएमडी) (रु. में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में)	कार्य पूर्ण करने का समय (माह में वर्षाकाल सहित)	90 प्रतिशत अधिवादित भूमि प्राप्त एवं एमओयू निष्पादित
2020_PWPIU_100124	सतना	207.61	207610/-	15000/-	12 माह	हाँ

1. निविदा से संबंधित विड डॉक्यूमेंट वेवसाइट **http://mptenders.gov.in** पर विना भुगतान के देखे एवं डाउनलोड किये जा सकेंगे। 2. निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑनलाइन पोर्टल पर क्रेडिट/डेविट/कैशकार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा। 3. निविदा प्रपत्र केवल ऑनलाइन दिनांक 30.07.2020 समय 09.00 से **दिनांक 14.08.2020** समय 18.00 तक खरीदा जा सकेगा। सूचना व अन्य जानकारी वेवसाइट पर देखी जा सकती है। 4. निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त वेवसाइट पर ही दर्ज किये जायेंगे, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

संभागीय परियोजना यंत्री

जी-12892/44195/2020 लोक निर्माण विभाग (पी.आई.यू.) इकाई-सतना (म.प्र.)

कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी मोतीमहल
जिला ग्वालियर (म.प्र.)
विज्ञप्ति

कोविड-19 (महामारी) के नियंत्रण हेतु जिले में मानव संसाधन सुनिश्चित करने के लिये राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन भोपाल से अनुमति उपरांत निम्नानुसार पदों के आधार पर पात्र अभ्यार्थियों के आवेदन निर्धारित प्रारूप में **दिनांक 05.08.2020 से 11.08.2020 तक** कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, मोतीमहल, ग्वालियर में स्पीड पोस्ट या ई-मेल **cmho.mp.gov.in@gmail.com** पर मूल दस्तावेजों की सिंगल पीडीएफ फाईल बनाकर ई-मेल के माध्यम से आमंत्रित किये जाते हैं। उपरोक्त प्रक्रिया से पृथक व्यक्तिगत रूप से कोई आवेदन स्वीकार नहीं किये जायेंगे। अंतिम तिथि के पश्चात प्राप्त होने वाले आवेदनों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। यह नियुक्ति प्रक्रिया कोविड-19 के अंतर्गत द्वितीय चरण में की जा रही है अतः ऐसे आवेदक जिनके द्वारा पूर्व में आवेदन प्रस्तुत किया गया हो एवं चयनित न हुये हों वे भी उपरोक्तानुसार आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।

क्र.	पदनाम	योग्यता	मासिक मानदेय	रिक्त पद
1.	स्नातकोत्तर चिकित्सा अधिकारी (डिग्री/डिप्लोमा/ विषय विशेषज्ञ)	1. एम.डी. मेडिसिन 2. एम.डी. ऐनेस्थिशिया 3. पलमोनोलॉजिस्ट	1,25,000/- (डिग्री) 1,10,000/- (डिप्लोमा) इसके अतिरिक्त covid-19 नियंत्रण के परिपेक्ष्य में विषय विशेषज्ञता के कारण इन्हें 100% प्रोत्साहन (Incentives) राशि देय होगी।	23
2.	चिकित्सा अधिकारी	एम.बी.बी.एस. (मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय) एवं मध्यप्रदेश मेडीकल कौंसिल में जीवित पंजीयन।	60,000/-	40
3.	आयुष चिकित्सा अधिकारी (आयुर्वेदिक, यूनानी, होम्योपैथिक)	बी.ए.एम.एस./बी.यू.एम.एस./बी.एच.एम.एस. मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय) एवं म.प्र. आयुर्वेद तथा यूनानी चिकित्सा पद्धति एवं प्राकृतिक चिकित्सा बोर्ड में जीवित पंजीयन/म.प्र. होम्योपैथी परिषद् में जीवित पंजीयन।	25,000/-	41
4.	स्टॉफ नर्स (महिला/पुरुष)	नर्सिंग प्रशिक्षण केन्द्र से प्रशिक्षण प्राप्त एवं म.प्र. नर्सिंग कौंसिल में जीवित पंजीयन।	20,000/-	49
5.	एएनएम	महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता प्रशिक्षण केन्द्र से प्रशिक्षण प्राप्त एवं म.प्र. नर्सिंग कौंसिल जीवित पंजीयन।	12,000/-	25
6.	फार्मासिस्ट	औषध निर्माण (फार्मेसी) में डिप्लोमा अथवा औषध निर्माण (फार्मेसी) में बी-फार्मा अथवा औषध निर्माण (फार्मेसी) में एम. फार्मा तथा म.प्र. फार्मेसी कौंसिल का जीवित पंजीयन।	15,000/-	13
7.	लैब टेक्निशियन	पैथलॉजी का 02 वर्षीय डिप्लोमा पाठ्यक्रम (डीएमएलटी) अथवा पैथलॉजी का डिग्री पाठ्यक्रम (बीएमएलटी) अथवा पैथलॉजी का स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम (एमएमएलटी) तथा म.प्र. सह चिकित्सीय परिषद में जीवित पंजीयन।	15,000/-	57

आवेदन हेतु शर्तें :- उक्त सेवाएं 30.09.2020 तक या शासन के आगामी आदेश होने तक कोविड-19 महामारी के अंतर्गत ली जावेगी, जो कि किसी भी प्रकार की नियमित या संविदा में न होकर सिर्फ कोविड-19 महामारी के अंतर्गत सेवा प्रदाता के रूप में देने हेतु अनुबंधित होगी। अंतिम वरीयता सूची के आधार पर चयनित अभ्यार्थी के नियुक्ति आदेश कार्यालय के सूचना पटल पर प्रदर्शित करते हुये चयनित आवेदक को उसकी सूचना दूरभाष पर देने का प्रयास किया जावेगा। अतः आवेदकों से अनुरोध है कि वह अपना मोवाइल नम्बर सही रूप से अंकित करें। पदों की संख्या में रिक्तता के आधार पर कमी या वृद्धि हो सकती है, जिसका पूर्ण अधिकार व चयन से संबंधित अंतिम निर्णय अध्यक्ष जिला स्वास्थ्य समिति का होगा। आवेदन का प्रारूप संलग्न है अन्य प्रारूप पर आवेदन स्वीकार योग्य नहीं होंगे।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जिला ग्वालियर (म.प्र.)

कोविड-19 के पदों पर नियुक्ति हेतु आवेदन का प्रारूप

1. आवेदित पद का नाम :- .....
2. आवेदक का नाम :- .....
3. आवेदक के पिता/पति का नाम :- .....
4. आवेदक का जन्म दिनांक :- .....आवेदक की जाति.....
   GEN/SC/ST/OBC
5. आवेदक का वर्तमान पूर्ण पता :- .....
6. आवेदक का स्थाई पूर्ण पता :- .....
7. आवेदक का मोवाइल नंवर :- .....
8. आवेदक की शैक्षणिक योग्यता :- .....

क्र.	शैक्षणिक योग्यता	बोर्ड/वि.वि. का नाम	पूर्णांक/प्राप्तांक	प्रतिशत

9. कार्यानुभव

क्र.	अनुभव	संस्था	अवधि

आवेदक के हस्ताक्षर

शपथ पत्र

मैं शपथ पूर्वक कथन प्रमाणित करता हूं कि मेरे द्वारा दी गई उपरोक्त जानकारी पूर्णतः सही एवं सत्य है एवं मैं कोविड-19 (महामारी) के अंतर्गत अपनी सेवाएं देने हेतु सहमत हूं।

जी-12879/44191/2020 आवेदक के हस्ताक्षर

कार्यालय अतिरिक्त परियोजना संचालक
लोक निर्माण विभाग, पी.आई.यू. ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.)

ई-मेल : apdpiuindore@gmail.com, फैक्स : 0731-2491433

क्र. एफ-1/2020/सामान्य/ए.पी.डी./एनआईटी-21/1535 इंदौर, दिनांक : 04.08.2020

विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 21/2020

मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से लोक निर्माण विभाग, पीआईयू परिक्षेत्र इंदौर के अंतर्गत निम्नांकित निर्माण कार्य हेतु केन्द्रीयकृत ई-पंजीयन व्यवस्था अंतर्गत सिविल श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार से लोक निर्माण विभाग, पी.आई.यू. म.प्र. द्वारा दिनांक 01.08.2014 से प्रभावशील एवं निविदा सूचना प्रकाशन तिथि तक संशोधित, निर्धारित तिथि (Key-Date) अनुसार के आधार पर **ऑनलाइन निविदा** आमंत्रित की जाती है। **आमंत्रित निविदा** शासन के पोर्टल **https://mptenders.gov.in** पर देखी जा सकती है। जिसका विवरण निम्नानुसार है :-

कार्य का नाम :- रा.एम.एस.ए. स्कूल शिक्षा विभाग के अंतर्गत नवीन हॉयर सेंकेण्डरी स्कूल का मंगालिया जिला इंदौर में निर्माण कार्य।

क्र.	पोर्टल टेंडर क्र.	जिला	ठेके की अनु. राशि (पीएसी) (रु. लाख में)	अमानत राशि (ईएमडी) (रु. में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में)	कार्य पूर्ण करने का समय (माह में वर्षाकाल सहित)
1.	2020_PWPIU_99965_1	इंदौर	64.23	64,230	10,000	10
कार्य का नाम :- पी.डब्ल्यू.डी. पीआईयू झावुआ के अंतर्गत विभिन्न भवनों की डीपीआर बनाने का निर्माण कार्य।						
2.	2020_PWPIU_99824_1	झावुआ	30.00	50,000	5,000	12
कार्य का नाम :- पीआईयू झावुआ के अंतर्गत विभिन्न भवनों के निर्माण कार्य हेतु एसक्यूसी सर्विस हेतु आमंत्रण।						
3.	2020_PWPIU_99837_1	झावुआ	214.65	214,650	15,000	24
कार्य का नाम :- रा.एम.एस.ए. स्कूल शिक्षा विभाग के अंतर्गत नवीन हायर सेकेण्डरी स्कूल का देपालपुर जिला इंदौर में निर्माण कार्य।						
4.	2020_PWPIU_99896_1	इंदौर	64.23	64,230	10,000	10
कार्य का नाम :- पीआईयू अलीराजपुर के अंतर्गत विभिन्न भवनों के निर्माण कार्य हेतु एसक्यूसी सर्विस हेतु आमंत्रण।						
5.	2020_PWPIU_99865_1	अलीराजपुर	202.68	202,680	15,000	24
कार्य का नाम :- हॉयर सेकेण्डरी स्कूल घुलकोट जिला खरगोन में 3 नग लेबोरेटरी एवं 2 नग अतिरिक्त कक्ष का निर्माण कार्य।						
6.	2020_PWPIU_98609_1	खरगोन	62.44	62,440	10,000	8
कार्य का नाम :- हॉयर सेकेण्डरी स्कूल बोरावा जिला खरगोन में 3 नग लेबोरेटरी एवं 2 नग अतिरिक्त कक्ष का निर्माण कार्य।						
7.	2020_PWPIU_98573_1	खरगोन	62.44	62,440	10,000	8
कार्य का नाम :- बड़वाह जिला खरगोन में एडीआर सेंटर (मेडिटेशन सेंटर) का निर्माण कार्य।						
8.	2020_PWPIU_99320_1	खरगोन	39.59	50000.00	5,000	6
कार्य का नाम :- नानपुर जिला अलीराजपुर में हायर सेकेण्डरी स्कूल का निर्माण कार्य। मय वाटर सप्लाय सैनेटरी फिटिंग।						
9.	2020_PWPIU_99456_1	अलीराजपुर	62.44	62,440	10,000	12
कार्य का नाम :- रा.एम.एस.ए. स्कूल शिक्षा विभाग के अंतर्गत नवीन हायर सेकेंण्डरी स्कूल का वेटमा जिला इंदौर में निर्माण कार्य।						
10.	2020_PWPIU_99826_1	इंदौर	64.23	64,230	10,000	10
कार्य का नाम :- नवीन जिला न्यायालय पिपल्याहाना जिला इंदौर के अंतर्गत सुपरविजन एवं क्वालिटी कन्ट्रोल का निर्माण कार्य।						
11.	2020_PWPIU_100262_1	इंदौर	262.00	2,62,000	15,000	24

निविदा संबंधी तिथियां (Key Dates) :-

1. प्रपत्र क्रय करने की प्रारंभिक तिथि : 30.07.2020
2. विड प्रस्तुत करने की प्रारंभिक तिथि : 04.08.2020
3. विड प्रस्तुत करने की **अंतिम तिथि** : **19.08.2020**
4. विड खोलने की तिथि : 20.08.2020

अतिरिक्त परियोजना संचालक

जी-12901/44197/2020 लोक निर्माण विभाग, पी.आई.यू., इंदौर

कार्यालय अधीक्षण यंत्री, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, भोपाल मंडल भोपाल
पुराना सचिवालय भोपाल

दूरभाष : 0755-2738774, E-Mail_ID - seresbhopal@mp.gov.in

निविदा विज्ञप्ति क्र. 01/2020-21

क्रमांक 953 दिनांक 05.08.2020

मंडल अंतर्गत निम्नलिखित कार्यों हेतु ऑनलाइन निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। उल्लेखित कार्यों का विस्तृत विवरण वेवसाइट **https://mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

क्र.	ग्रायांसे संभागीय कार्यालय	सिस्टम टेण्डर नम्बर	कार्य का प्रकार	निर्माण कार्यों की अनुमा. लागत (लाख में)
01	परियोजना संभाग भोपाल	2020_RES_100636_1	निर्माणाधीन "विकास भवन सह ई गवर्नेस सेंटर" अरेरा हिल्स भोपाल सप्लाई, इंस्टालेशन, टेस्टिंग एवं कन्डीशनिंग ऑफ एयर कंडिशनिंग वर्क पार्ट-2	462.22

उपरोक्त निविदाओं के निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट), वेवसाइट **https://mptenders.gov.in** पर ऑनलाइन भुगतान कर क्रय किये जा सकेंगे। ऑनलाइन निविदा प्रपत्र क्रय प्रारंभ करने की **तिथि 10.08.2020 समय 18.00** बजे है। निविदा (विड) प्रपत्र प्रस्तुत करने का **अंतिम दिनांक 24.08.2020** समय 17.00 बजे तक है। विस्तृत निविदा सूचना व अन्य जानकारी वेवसाइट पर देखी जा सकती है एवं कार्यालय में संपर्क कर भी प्राप्त की जा सकती है। संशोधन संबंधी सूचनाएं केवल वेवसाइट पर दी जावेगी। पृथक से प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

अधीक्षण यंत्री

जी-12931/44203/2020 ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, भोपाल मण्डल भोपाल

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग, संभाग क्रमांक 1 बालाघाट (म.प्र.)

निविदा सूचना

निविदा सूचना क्रमांक 08/वर्ष 2020-21/व.ले.नि./ बालाघाट, दिनांक **05.08.2020**

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेवसाइट **www.mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

स. क्र.	टेण्डर क्र.	जिला	कार्य का प्रकार	कार्य का नाम	आमंत्रण क्रमांक	कार्य की अनुमा. लागत राशि (रु. में)	धरोहर राशि (रु. में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि	भौतिक रूप से एनवलप प्रस्तुत करने का कार्यालय (मूल एफ.डी.आर. एवं अन्य दस्तावेज)
1.	100623	बालाघाट	ए.आर.	लोक निर्माण विभाग उपसंभाग क्र.1 बालाघाट के अंतर्गत आवासीय भवनों का साधारण मरम्मत/विशेष मरम्मत/लघुमूल गौण कार्य एवं अन्य जमा कार्य।	1	1800000	36000	2000	31.03.2021 तक	कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग, संभाग क्र. 1 बालाघाट दिनांक 26.08.2020, 17.30 pm
2.	100624	बालाघाट	ए.आर.	लोक निर्माण विभाग उपसंभाग क्र.1 बालाघाट के अंतर्गत गैर आवासीय भवनों का साधारण मरम्मत/विशेष मरम्मत/लघुमूल गौण कार्य एवं अन्य जमा कार्य।	1	1800000	36000	2000	31.03.2021 तक	कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग, संभाग क्र. 1 बालाघाट दिनांक 26.08.2020, 17.30 pm
3.	100625	बालाघाट	ए.आर.	लोक निर्माण विभाग वारासिवनी के अंतर्गत आवासीय भवनों का साधारण मरम्मत/विशेष मरम्मत/लघुमूल गौण कार्य एवं अन्य जमा कार्य।	1	1800000	36000	2000	31.03.2021 तक	कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग, संभाग क्र. 1 बालाघाट दिनांक 26.08.2020, 17.30 pm
4.	100626	बालाघाट	ए.आर.	लोक निर्माण विभाग वारासिवनी के अंतर्गत गैर आवासीय भवनों का साधारण मरम्मत/विशेष मरम्मत/लघुमूल गौण कार्य एवं अन्य जमा कार्य।	1	1800000	36000	2000	31.03.2021 तक	कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग, संभाग क्र. 1 बालाघाट दिनांक 26.08.2020, 17.30 pm
5.	100627	बालाघाट	ए.आर.	लोक निर्माण विभाग उपसंभाग क्र. 2 बालाघाट के अंतर्गत आवासीय भवनों का साधारण मरम्मत/विशेष मरम्मत/लघुमूल गौण कार्य एवं अन्य जमा कार्य।	1	1800000	36000	2000	31.03.2021 तक	कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग, संभाग क्र. 1 बालाघाट दिनांक 26.08.2020, 17.30 pm
6.	100629	बालाघाट	ए.आर.	लोक निर्माण विभाग उपसंभाग क्र. 1 वैहर के अंतर्गत आवासीय भवनों का साधारण मरम्मत/विशेष मरम्मत/लघुमूल गौण कार्य एवं अन्य जमा कार्य।	1	1800000	36000	2000	31.03.2021 तक	कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग, संभाग क्र. 1 बालाघाट दिनांक 26.08.2020, 17.30 pm
7.	100630	बालाघाट	ए.आर.	लोक निर्माण विभाग उपसंभाग क्र. 1 वैहर के अंतर्गत गैर आवासीय भवनों का साधारण मरम्मत/विशेष मरम्मत/लघुमूल गौण कार्य एवं अन्य जमा कार्य।	1	1800000	36000	2000	31.03.2021 तक	कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग, संभाग क्र. 1 बालाघाट दिनांक 26.08.2020, 17.30 pm
8.	100631	बालाघाट	ए.आर.	लोक निर्माण विभाग उपसंभाग लांजी के अंतर्गत आवासीय भवनों का साधारण मरम्मत/विशेष मरम्मत/लघुमूल गौण कार्य एवं अन्य जमा कार्य।	1	1800000	36000	2000	31.03.2021 तक	कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग, संभाग क्र. 1 बालाघाट दिनांक 26.08.2020, 17.30 pm
9.	100632	बालाघाट	ए.आर.	लोक निर्माण विभाग उपसंभाग लांजी के अंतर्गत गैर आवासीय भवनों का साधारण मरम्मत/विशेष मरम्मत/लघुमूल गौण कार्य एवं अन्य जमा कार्य।	1	1800000	36000	2000	31.03.2021 तक	कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग, संभाग क्र. 1 बालाघाट दिनांक 26.08.2020, 17.30 pm
10.	100634	बालाघाट	विधायक निधि	लोक निर्माण विभाग उपसंभाग लांजी के अंतर्गत शास.आई.टी.आई. में वाउण्ड्रीवॉल का निर्माण कार्य।	1	1205000	24100	2000	03 माह वर्षाऋतु सहित	कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग, संभाग क्र. 1 बालाघाट दिनांक 26.08.2020, 17.30 pm
				Total		**17405000**				

उपरोक्त वेवसाइट ऑनलाइन भुगतान करने के उपरांत निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेवसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने एवं ऑनलाइन निविदा जमा करने की **अंतिम तिथि 22.08.2020, (17.30)** बजे निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेवसाइट में देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेवसाइट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा। मूल एफ.डी.आर. एवं अन्य दस्तावेज **दिनांक 26.08.2020**, (17.30) बजे तक रजिस्टर्ड पोस्ट/स्पीड पोस्ट द्वारा संबंधित कार्यालय में प्राप्त किये जावेंगे।

जी-12926/44202/2020 कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग, संभाग क्रमांक-1 बालाघाट

कार्यालय मुख्य अभियंता
लोक निर्माण विभाग, उज्जैन परिक्षेत्र उज्जैन

दूरभाष नं. :- 0734-2524462, ई-मेल : cepwdujjain@mp.nic.in

निविदा सूचना क्र. 03/सामान्य/मु.अ./2019-20 उज्जैन, दिनांक **27.07.2020**

निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेवसाइट **www.mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

क्र.	जिला	टेण्डर आई.डी. क्रमांक	कार्य का नाम	ठेके की अनु. राशि (रु. लाख में)	कार्य की समयावधि	भौतिक रूप से एनवलप प्रस्तुत करने का कार्यालय (मूल एफ.डी.आर. एवं अन्य दस्तावेज) कार्यालयीन पता एवं अंतिम दिनांक व समय
1.	मंदसौर	2020_PWDRB_99487_1	गुराडियामाता से गरोठ व्हाया दसोरिया मार्ग का निर्माण कार्य लंबाई 14.00 कि.मी.।	1145.73	20 माह वर्षाकाल सहित	मुख्य अभियंता लोक निर्माण विभाग, परिक्षेत्र उज्जैन दिनांक - 22.08.2020 समय - 17.30 बजे

उपरोक्त वेवसाइट ऑनलाइन भुगतान करने के उपरांत निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेवसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने एवं ऑनलाइन विड सवमिशन की **अंतिम दिनांक 20.08.2020** सायं 5.30 बजे निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेवसाइट में देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेवसाइट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा। मूल एफ.डी.आर. एवं अन्य दस्तावेज दिनांक 22.08.2020 सायं 5.30 बजे तक दर्शित कार्यालय में प्राप्त की जावेगी।

मुख्य अभियंता

जी-12920/44201/2020 लोक निर्माण विभाग, उज्जैन परिक्षेत्र उज्जैन

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड
नर्मदा प्रोजेक्ट कॉलोनी, मुसाखेड़ी, इंदौर

ई-मेल : eephedind@nic.in

क्रमांक-1577/निविदा/लो.स्वा.यां.खंड./2020 इंदौर, दिनांक : **31.07.2020**

निविदा सूचना क्रमांक 15/2020-21

लो.स्वा.यां.खण्ड. इंदौर के विभिन्न विकासखण्डों के ग्रामों की जल जीवन मिशन अंतर्गत प्रस्तावित नलजल योजनाओं की विस्तृत सर्वेक्षण रिपोर्ट (डी.पी.आर.) बनाने के कार्य हेतु ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है। जिसका टेण्डर आई.डी. क्रमांक-2020_PHED_100149_1, 100150_1, 100151 एवं 100152_1 है। कार्य की अनुमानित लागत, धरोहर, राशि एवं अन्य विवरण की विस्तृत जानकारी **www.mptenders.gov.in** पर देखी जा सकती है। ऑनलाइन निविदा दर डालने की अंतिम तिथि 14.08.2020 दोपहर 03.00 बजे तक निर्धारित है।

(सुनील उदिया)
कार्यपालन यंत्री

जी-12881/44192/2020 लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड, इंदौर

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड बैतूल (म.प्र.)

दूरभाष (07141) कार्यालय 238320, फैक्स - 238320, Email - eephedbet@mp.nic.in

निविदा आमंत्रण सूचना

निम्नलिखित कार्य की निविदाएं ई-टेण्डरिंग पद्धति से पोर्टल **https://mptenders.gov.in** पर बैतूल जिले के विभिन्न विकासखण्डों के विभिन्न ग्रामों में जल जीवन मिशन के अंतर्गत पाईप लाईन, घरेलू नल कनेक्शन एवं विद्युत संयोजन कार्य हेतु निविदाएं निम्नानुसार आमंत्रित है।

निविदा क्रमांक/ दिनांक	सिस्टम क्रमांक	विकास खंड	ग्रामों की संख्या	निविदा की कुल लागत रु. लाख में	धरोहर राशि	निविदा प्रपत्र का मूल्य	कार्य पूर्ण करने की समयावधि	ठेकेदार की श्रेणी
35/20-21/ Dt. 04.08.2020	100423	बैतूल	6	108.55	108550	12500	06 माह वर्षाऋतु सहित	नवीन केन्द्रीकृत पंजीयन प्रणाली
36/20-21/ Dt. 04.08.2020	100435	भैसदेही	2	72.02	72020	10000	–तदैव–	–तदैव–
37/20-21/ Dt. 04.08.2020	100438	आठनेर	4	77.70	77700	10000	–तदैव–	–तदैव–
38/20-21/ Dt. 04.08.2020	100444	भीमपुर	4	86.40	86400	10000	–तदैव–	–तदैव–
39/20-21/ Dt. 04.08.2020	100449	शाहपुर	3	89.63	89630	10000	–तदैव–	–तदैव–
40/20-21/ Dt. 04.08.2020	100458	शाहपुर	2	86.00	86000	10000	–तदैव–	–तदैव–
41/20-21/ Dt. 04.08.2020	100464	शाहपुर	3	99.05	99050	10000	–तदैव–	–तदैव–
42/20-21/ Dt. 04.08.2020	100469	घोडाडोंगरी	4	91.20	91200	10000	–तदैव–	–तदैव–
43/20-21/ Dt. 04.08.2020	100487	घोडाडोंगरी	2	68.70	68700	10000	–तदैव–	–तदैव–
44/20-21 Dt. 04.08.2020	100490	शाहपुर	3	104.44	104440	12500	–तदैव–	–तदैव–
45/20-21 Dt. 04.08.2020	100495	भीमपुर	5	119.47	119470	12500	–तदैव–	–तदैव–

ऑनलाइन निविदा फार्म क्रय करने की अंतिम तिथि	24.08.2020 17.30 बजे
ऑनलाइन निविदा दर डालने की **अंतिम तिथि**	**24.08.2020, 17.30 बजे**
ऑनलाइन निविदा दर खोलने की तिथि	26.08.2020, 15.00 बजे

निविदा फार्म ऊपर दर्शित वेवसाइट पर (Online System) क्रेडिट कार्ड या ऑनलाइन

कार्यपालन यंत्री

जी-12915/44200/2020 लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड बैतूल (म.प्र.)

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, खण्ड छिन्दवाड़ा
निविदा आमंत्रण सूचना

निविदा जारी करने का दिनांक : 05.08.2020

निम्नलिखित कार्य की निविदा प्रक्रिया ई-प्रोक्युरमेंट ई-टेण्डरिंग पद्धति से पोर्टल **http://www.mptenders.gov.in** पर आमंत्रित है निविदाओं हेतु निविदा प्रपत्र डाउनलोड/क्रय करने की दिनांक 06 अगस्त 2020 प्रातः 10.30 बजे से प्रारंभ है। निविदा का विवरण निम्नानुसार है :-

कार्य का नाम - छिंदवाड़ा जिले के खण्ड छिंदवाड़ा अधीनस्थ निम्नलिखित विकासखण्डों के विभिन्न ग्रामों में जल जीवन मिशन के अंतर्गत विद्यमान (स्थापित) नलजल योजनाओं में रेट्रोफिटिंग कर शतप्रतिशत घरेलु नल कनेक्शन कार्य जिसमें विभिन्न प्रकार एवं व्यास के पाईप लाईन बिछाने एवं जोड़ने, विद्युतीकरण, रेडीमेट मिनी पंप हाउस, विक्र मेसोनरी वाल्व चेम्बर निर्माण, पावर पंप स्थापना तथा घरेलु नल कनेक्शन, आदि समस्त आवश्यक सामग्री सहित कार्य पूर्ण होने के पश्चात 90 दिन ट्रायल-रन कमिशनिंग कार्य (As per BoQ)

ई - टेण्डरिंग क्रमांक	निविदा क्रमांक दिनांक	विकास खण्ड	अनु. लागत (रु. लाख में)	अमानत राशि रुपये	निविदा प्रपत्र का मूल्य रुपये	निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि समय	निविदा खोलने की नियत दिनांक	ठेकेदार की श्रेणी	कार्य पूर्ण करने समय अवधि
2020_ PHED_ 100515-1	02 05.08.2020	सौसर एवं पान्डुर्णा	98.71	98710	10000	**19.08.2020** 5.30 PM	**21.08.2020** 1.00	नवीन केन्द्रीकृत पद्धति पर "स" एवं उससे ऊपर	6 माह वर्षाकाल सहित
2020_ PHED_ 100701-1	14 06.08.2020	छिन्दवाड़ा	84.20	84200	10000	19.08.2020 5.30 PM	21.08.2020 1.00	– तदैव –	6 माह वर्षाकाल सहित
2020_ PHED_ 100702-1	15 06.08.2020	छिन्दवाड़ा	84.34	81340	10000	19.08.2020 5.30 PM	21.08.2020 1.00	– तदैव –	6 माह वर्षाकाल सहित
2020_ PHED_ 100703-1	16 06.08.2020	मोहखेड़	97.00	97000	10000	19.08.2020 5.30 PM	21.08.2020 1.00	– तदैव –	6 माह वर्षाकाल सहित

निविदा प्रपत्र निर्धारित शुल्क कैश कार्ड, ए.टी.एम. कम डेबिट कार्ड अथवा इंटरनेट बैंकिंग एकाउंट के माध्यम से उपरोक्त वेबसाइट पर भुगतान कर केवल ऑनलाइन पर ही क्रय किए जा सकते हैं। विस्तृत निविदा एवं अन्य जानकारी उपरोक्त उल्लेखित वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

कार्यपालन यंत्री
जी-12941/44211/2020 लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड छिंदवाड़ा (म.प्र.)

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड होशंगाबाद

दूरभाष क्रमांक 07574-252571, फैक्स) - 07574-253119
Email Address - eephedhos@mp.nic.in

निविदा आमंत्रण सूचना

निम्नलिखित कार्य हेतु निविदा ऑनलाइन वेबसाइट **https://www.mptenders.gov.in** पर आमंत्रित की गई है। निविदा प्रपत्र ऑनलाइन क्रय एवं ऑनलाइन प्रस्तुत किये जावेंगे। ऑनलाइन वित्तीय ऑफर दिनांक 21.08.2020 शाम 17.30 बजे तक प्रस्तुत किये जा सकते हैं। निविदा में संशोधन की स्थिति में वेबसाइट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारी वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

निविदा सूचना क्रमांक	ई-टेण्डर क्रमांक	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत (PAC) (रु.)	धरोहर राशि (e-EMD) (रु. में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि
04/ 06.08.2020	2020_ PHED_ 100846	Survey, Investigation, and Necessary Construction work required for Retrofitting of Existing piped water supply schemes of 05 villages namely **1 Chillai 2 Kesla Khurd 3 Kandai Khurd 4 Lohariya Kala 5 Kulamadi of Block - Hoshangabad** Distt. Hoshagabad including cost of all materials and labour with testing and commissioning and 90 Days successful Trial Run period of entire schemes.	5434000/-	54340/-	10000/-	90 days (वर्षाकाल सहित)
05/ 06.08.2020	2020_ PHED_ 100848	Survey, Investigation, and Necessary Construction work required for Retrofitting of Existing piped water supply schemes of 02 villages namely **(1) Mendakheda (2) Hanotiya of Block - Bankhedi** Distt. Hoshagabad including cost of all materials and labour with testing and commissioning and 90 Days successful Trial Run period of entire schemes.	4841881/-	50000/-	5000/-	90 days (वर्षाकाल सहित)

कार्यपालन यंत्री
जी-12937/44212/2020 लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड होशंगाबाद

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम

कार्यालय परियोजना यंत्री, भदभदा रोड संभाग क्र. 01, भोपाल
ई-मेल :-mpphc.bhopal@yahoo.com, Mobile No. 9425601532
क्र. म.प्र.पु.आ. एवं अ.वि.नि/460/पर्य/भोपाल-1/तक्षा/2020
भोपाल, दिनांक : 06.08.2020

प्रेस विज्ञप्ति

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम संभाग क्रमांक-01 भोपाल द्वारा टी.टी. नगर स्टेडियम, भोपाल स्थित ब्लॉक A, B, C एवं वरिष्ठ छात्रावास में रेनोवेशन एवं अन्य आवश्यक सुधार कार्य हेतु निविदा क्रमांक 10/2020-21 ऑनलाइन TENDER ID No. : 2020_MPPHC_100778_1 आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 17.08.2020 समय 5.00 बजे तक ऑनलाइन खरीदे जा सकते हैं। जिसकी विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal : https://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं एवं निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उक्त वेबसाइट पर ही किए जावेंगे, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

म.प्र. माध्यम/98110/44207/2020 **परियोजना यंत्री**

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड शिवपुरी, म.प्र.

दूरभाष क्रमांक : 07492-223269

निविदा आमंत्रण सूचना

मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से म.प्र. लोक निर्माण विभाग में नवीन केन्द्रीयकृत प्रणाली के अंतर्गत पंजीकृत ठेकेदारों से लोक निर्माण के अपेण्डिकस 2.10 में प्रतिशत दर पर ई-निविदायें Online आमंत्रित की जाती हैं।
कार्य का नाम : शिवपुरी जिले की निम्नानुसार नलजल प्रदाय योजनाओं की रेट्रोफिटिंग कार्य।

क्र.	निविदा सूचना क्रमांक	सिस्टम टेंडर क्रमांक	विकास खण्ड	ग्राम का नाम	कार्य की अनु. लागत (रु. लाख में)	धरोहर राशि	निविदा प्रपत्र का मूल्य
1.	48/2020-21	2020_PHED_100111_1	करैरा	कुंड	21.24	42500	5000
2.	49/2020-21	2020_PHED_100112_1	करैरा	सलैया	28.20	50000	5000
3.	50/2020-21	2020_PHED_100114_1	करैरा	चौसीजा	19.59	39500	2000
4.	51/2020-21	2020_PHED_100116_1	पोहरी	भैंसरावन	24.35	49000	5000
5.	52/2020-21	2020_PHED_100118_1	पोहरी	भटनावर	23.45	47000	5000

निविदा क्रय/डाउनलोड दिनांक : **05.08.2020 समय : 10.30 बजे से 20.08.2020 समय 17.30 तक** विड सबमिशन प्रारम्भ दिनांक : 05.08.2020 समय 10.30 बजे से
विड सबमिशन अंतिम दिनांक : 20.08.2020 समय 17.30 बजे तक
तकनीकी विड खोलने का दिनांक : 22.08.2020 समय 11.30 बजे
नोट :- यह निविदा का संक्षिप्त भाग है। विस्तृत जानकारी अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय अथवा वेब साइट **https://mptenders.gov.in** पर देखी जा सकती है। समस्त संशोधन उक्त वेबसाइट पर प्रदर्शित किये जावेंगे। संशोधनों का पृथक से प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग
जी-12886/44193/2020 खण्ड शिवपुरी, म.प्र.

कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग
सेतु निर्माण संभाग ग्वालियर (म.प्र.)

निविदा सूचना : 03/एस.ए.सी./सेतु/ग्वालियर/2020-21 **ग्वालियर, दिनांक : 28.07.2020**
क्रमांक एवं कार्य का नाम :- 1. भिण्ड जिले में कोट से पड़ोरा मार्ग के मध्य पड़ोरा-रायकोट मार्ग में बसरीया नाले पर पहुंच मार्ग सहित जलमग्नीय पुल निर्माण।

टेण्डर आई.डी.	जिला	कार्य की अनुमानित राशि (रु. लाख में)	धरोहर राशि	निविदा प्रपत्र की राशि	कार्य पूर्ण करने की अवधि	ठेकेदार की श्रेणी	भौतिक रूप से एनवलप प्रस्तुत करने का कार्यालयीन पता (मूल एफ.डी.आर. एवं अन्य दस्तावेज)
2020_ PWDRB _99651_1	भिण्ड	234.61 लाख	234610.00	15000.00	10 माह वर्षाकाल रहित	केन्द्रीयकृत पंजीयन ठेकेदार	कार्यालय मुख्य अभियंता लो.नि.वि. सेतु निर्माण परिक्षेत्र भोपाल

क्रमांक एवं कार्य का नाम :- 2. ग्वालियर जिले में मुरार नदी पर पारटाल से मुरार थाने से शमशानघाट मार्ग पर पुल का चौड़ीकरण कार्य।

2020_ PWDRB_ 99648_1	ग्वालियर	226.83 लाख	226830.00	15000.00	10 माह वर्षाकाल रहित	केन्द्रीयकृत पंजीयन ठेकेदार	कार्यालय मुख्य अभियंता लो.नि.वि. सेतु निर्माण परिक्षेत्र भोपाल

क्रमांक एवं कार्य का नाम :- 3. शिवपुरी जिले में सूडेश्वर महादेव मंदिर के पास सिरसोद टोड़ा मार्ग के कि.मी. 2/4 में महुअर नाले पर पहुंच मार्ग सहित जलमग्नीय पुल निर्माण।

2020_ PWDRB_ 99730_1	शिवपुरी	465.15 लाख	465150.00	15000.00	12 माह वर्षाकाल रहित	केन्द्रीयकृत पंजीयन ठेकेदार	कार्यालय मुख्य अभियंता लो.नि.वि. सेतु निर्माण परिक्षेत्र भोपाल

क्रमांक एवं कार्य का नाम :- 4. गुना जिले के रामपुर से चिम मार्ग के कि.मी. 2/8 के बीच क्षतिग्रस्त रपटे पर जलमग्नीय पुल का निर्माण।
गुना जिले के रामपुर से चिम मार्ग के कि.मी. 2/2 के बीच क्षतिग्रस्त रपटे पर जलमग्नीय पुल का निर्माण।

2020_ PWDRB_ 99729_1	गुना	446.57 लाख	446570.00	15000.00	12 माह वर्षाकाल रहित	केन्द्रीयकृत पंजीयन ठेकेदार	कार्यालय मुख्य अभियंता लो.नि.वि. सेतु निर्माण परिक्षेत्र भोपाल

उपरोक्त वेबसाइट ऑनलाइन भुगतान करने के उपरांत निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम दिनांक 19.08.2020 समय 17:30 बजे निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग सेतु निर्माण
जी-12890/44194/2020 संभाग ग्वालियर

कार्यालय संभागीय परियोजना यंत्री
लोक निर्माण विभाग, परियोजना क्रियान्वयन इकाई, अनूपपुर (म.प्र.)

क्रमांक/केन्द्रीयकृत ई-निविदा आमंत्रण/पी.आई.यू./2020/734 **अनूपपुर, दिनांक : 31.07.2020**
अतिरिक्त परियोजना संचालक, लोक निर्माण विभाग, पी.आई.यू. रीवा के एनआईटी नं. :- 19/2020/केन्द्रीयकृत निविदा आमंत्रण/एपीडी/पी.आई.यू./3635 रीवा, दिनांक :- 29.07.2020 के परिपेक्ष्य में निम्नलिखित पंजीकृत ठेकेदारों अथवा पंजीयन हेतु उपयुक्त पात्रता वाली प्रतिष्ठित फर्म से आमंत्रण की जाती है।
स.क्र. एवं कार्य का नाम :- 1. विभिन्न भवनों के निर्माण के लिए पर्यवेक्षण और गुणवत्ता नियंत्रण परामर्श सेवाएं लोक निर्माण विभाग पी.आई.यू. अनूपपुर के अंतर्गत (प्रथम आमंत्रण)

पोर्टल टेंडर आई.डी.	जिला	ठेके की अनुमा. राशि (पीएसी रु. लाख में)	अमानत राशि (ईएमडी रु. में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में)	कार्य पूर्ण करने का समय (माह में वर्षाकाल सहित)	90 प्रतिशत अविवादित भूमि प्राप्त एवं एमओयू निष्पादित
2020_PWPIU_ 100241_1	अनूपपुर	3689.36	110681/-	12500/-	24 माह वर्षाकाल सहित	भूमि प्राप्त एवं एमओयू निष्पादित

1. निविदा से संबंधित विड डॉक्यूमेंट वेबसाइट **https://mptenders.gov.in** पर बिना भुगतान के देखे एवं डाउनलोड किये जा सकेंगे। 2. निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑनलाइन पोर्टल पर क्रेडिट/डेबिट/कैशकार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा। 3. निविदा प्रपत्र केवल ऑनलाइन दिनांक 30.07.2020 समय 09.00 AM से दिनांक 14.08.2020 समय 6.00 PM तक खरीदा जा सकेगा। सूचना व अन्य जानकारी वेबसाइट पर देखी जा सकती है। 4. निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त वेबसाइट पर ही दर्ज किये जायेंगे, पृथक से समाचारपत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

संभागीय परियोजना यंत्री
जी-12913/44199/2020 लोक निर्माण विभाग, पी.आई.यू. अनूपपुर (म.प्र.)

सफलता के लिए सोच और कार्य प्रणाली में बदलाव जरूरी - राज्यपाल

नई शिक्षा नीति के अनुरूप एक वर्षीय कार्ययोजना बनाएं

भोपाल, शिक्षक और शिक्षाविद नई सोच के साथ राष्ट्रीय शिक्षा नीति को सफल बनाने के लिए आगे आएं। सफलता के लिए कार्य प्रणाली में बदलाव जरूरी है। विश्वविद्यालय और उसके छात्रों के प्रति संरक्षण के भाव और टीम भावना के साथ विचारों का पारस्परिक आदान-प्रदान करते हुए कार्य करना होगा। विश्वविद्यालय नई शिक्षा नीति के अनुरूप आगामी एक वर्ष की कार्य योजना बनाने पर कार्य करें। ये विचार राज्यपाल श्रीमती आनंदी बेन पटेल ने लखनऊ से ऑनलाइन प्लेटफार्म पर बरकतउल्ला विश्वविद्यालय के 50वें स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए व्यक्त किए।

राज्यपाल ने कहा कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति से स्कूली शिक्षा से लेकर उच्च शिक्षा के क्षेत्र में क्रांतिकारी एवं उद्देश्यपूर्ण परिवर्तन आयेगा। राष्ट्रीय शिक्षा नीति अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर युवाओं के लिए प्रतिस्पर्धात्मक वातावरण तैयार करेगी। स्कूल और उच्च शिक्षा दोनों को ई-शिक्षा की जरूरतों के लिए डिजिटल कंटेंट और क्षमता निर्माण से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के वैकल्पिक साधनों को सुनिश्चित करेगी। समस्त उच्च शिक्षा के लिए अति महत्वपूर्ण व्यापक निकाय के रूप में 'भारत उच्च शिक्षा आयोग' के गठन से निर्णय लेने में तेजी आयेगी और पारदर्शिता भी बढ़ेगी।

उन्होंने कहा कि संस्कार देने का कार्य ही शिक्षा है। नई शिक्षा नीति को अनेकता में एकता जैसे भारतीय संस्कृति के आदर्शों को शामिल करते हुए लागू किया जाए। उच्च शिक्षा क्षेत्र के विद्वान माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक शिक्षा का भी मार्गदर्शन करें। 'ई लर्निंग' प्रवेश, शुल्क, अनुदान और प्रशिक्षण संबंधी नई व्यवस्थाएं की जाएं। नई संस्थाओं का निर्माण सकारात्मकता के साथ किया जाए।

राज्यपाल ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में प्रौद्योगिकी के अपने लाभ हैं। हमारे विश्वविद्यालयों ने इसका सफल उपयोग किया है। शिक्षकों की मदद करने और ई-लर्निंग को प्रोत्साहन देने के लिए शिक्षा की पहुंच, इक्विटी और गुणवत्ता में सुधार के लिये निरंतर कार्य करना होगा। ई-पाठशाला और विविध ई-पुस्तकों आदि ऐसी ही शिक्षण सामग्री की पहुंच दूरस्थ अंचलों तक बनानी होगी।

उन्होंने कहा कि हर संकट अपने साथ एक अवसर लाता है। कोविड-19 भी अपवाद नहीं है। अब किस तरह के विकास के नए अवसर उभर सकते हैं। इस पर चिंतन करना होगा। कोविड के बाद विश्व में अनुसरण की बजाए, हमें मौजूदा परिपाटियों से आगे बढ़ने के प्रयास करने चाहिए। उन्होंने सभी शिक्षकों, शिष्यों, चिंतकों, शोधकर्ताओं का आह्वान किया कि इस बात पर विचार करें कि हमारी जनता, हमारे कौशल, हमारी मूल क्षमताओं का किस प्रकार सर्वश्रेष्ठ उपयोग किया जाकर भारत को विश्व गुरू के रूप में प्रतिष्ठित किया जाये।

श्रीमती पटेल ने कहा कि वर्तमान समय में सम्पूर्ण समाज को एक नई जीवन शैली अपनानी होगी। डिजिटल गतिविधियों को अधिक से अधिक प्रसारित करने के लिए तकनीक को उपयोगकर्ता के लिए सरल और सुविधा सम्पन्न बनाना होगा। आज जरूरत इस बात की है कि ऐसी जीवनशैली के मॉडल्स के बारे में सोचा जाए, जो आसानी से सुलभ हों। संकट काल में भी हमारे कार्यालय, कारोबार, व्यापार किसी प्रकार के जनहानि के बिना त्वरित गति से आगे बढ़ सकें। गरीबों और कमजोर लोगों और साथ ही साथ हमारे पर्यावरण की देखरेख को प्रमुखता देते हों। कोविड-19 हमारे समक्ष प्रोफेशनल और पर्सनल प्राथमिकताओं में संतुलन कायम करने की नई चुनौतियां लाया है। चाहे कुछ भी हो, फिटनेस और व्यायाम के लिए जरूर समय निकालें। अपनी शारीरिक और मानसिक तंदुरुस्ती को बेहतर बनाने के साधन के तौर पर योग का भी अभ्यास करें। राज्यपाल ने भोपाल के सपूत तथा महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी प्रोफेसर बरकतउल्ला भोपाली जिनके नाम पर विश्वविद्यालय की स्थापना हुई है को सादर स्मरण कर नमन करते हुए 50वें स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दी।

उच्च शिक्षा मंत्री श्री मोहन यादव ने कहा कि स्थापना दिवस का अवसर अतीत की उपलब्धियों पर गर्व और भविष्य की चुनौतियों के प्रति चिंतन का अवसर है।

आत्मनिर्भर भारत पैकेज

एमएसएमई क्षेत्र में भी मध्यप्रदेश बने देश में नंबर वन

बैंकों के साथ आत्मनिर्भर भारत पैकेज की हो नियमित मॉनिटरिंग

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान भोपाल में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आत्मनिर्भर भारत पैकेज के तहत एमएसएमई क्षेत्र में किये जा रहे कार्यों की समीक्षा करते हुये।

भोपाल, आत्मनिर्भर भारत पैकेज के अंतर्गत सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्योग (एमएसएमई) के क्षेत्र में भी मध्यप्रदेश को नंबर वन रहना है। अभी प्रदेश में इस कार्य की गति धीमी है। पड़ोसी राज्य उत्तर प्रदेश को एमएसएमई क्षेत्र में इसके अंतर्गत 21 हजार करोड़ रुपए दिए जा चुके हैं, वहीं मध्यप्रदेश को अभी तक लगभग 2 हजार करोड़ रुपये ही मिले हैं। संबंधित विभाग बैंकों के साथ नियमित रूप से मॉनिटरिंग कर कार्य में गति लाएं। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आत्मनिर्भर भारत पैकेज 01 एवं 02 के अंतर्गत एमएसएमई क्षेत्र में प्रदेश में किए जा रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए कहीं।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि एमएसएमई क्षेत्र में अन्य राज्यों द्वारा आत्मनिर्भर भारत पैकेज के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की प्रगति की समीक्षा की जाए, जिससे यह स्पष्ट हो सके हमारे राज्य में इसकी गति धीमी क्यों है।

अनावश्यक स्टांप ड्यूटी न देनी पड़े

श्री चौहान ने कहा कि कई प्रकरणों में अनावश्यक स्टांप ड्यूटी लिए जाने की बात सामने आ रही है। इस संबंध में विभाग यह सुनिश्चित करें कि हितग्राही को अनावश्यक स्टांप ड्यूटी न देनी पड़े।

केंद्रीय वित्त मंत्री को पत्र लिखें

मुख्यमंत्री ने कहा कि योजना के क्रियान्वयन में कोई कठिनाई आ रही है अथवा यदि कोई चीज स्पष्ट नहीं है तो इसके लिए उनकी ओर से केंद्रीय वित्त मंत्री को तुरंत पत्र लिखा जाए।

अब 200 करोड़ रुपये तक के लोन के लिए ग्लोबल टेंडर नहीं

श्री चौहान ने कहा कि केंद्र द्वारा घोषित पैकेज के अंतर्गत अब यह प्रावधान किया गया है कि एमएसएमई को 200 करोड़ रुपये तक के लोन के लिए अब ग्लोबल टेंडर की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने संबंधित विभाग को निर्देश दिए आगे एक सप्ताह के अंदर इस संबंध में औपचारिकताएं पूरी कर ली जाएं।

45 दिन के अंदर ऋण का भुगतान

मुख्यमंत्री ने कहा कि पैकेज के अंतर्गत एमएसएमई उद्योग को स्वीकृत ऋण का भुगतान बैंकों द्वारा 45 दिन के अंदर किए जाने का प्रावधान किया गया है। प्रमुख सचिव ने बताया कि कुछ प्रकरण बैंकों में 45 दिन से अधिक समय से लंबित हैं। इस पर मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने निर्देश दिए कि यह सुनिश्चित किया जाए कि 45 दिन के अंदर ऋण की राशि का भुगतान हो जाए।

मुद्रा शिशु लोन अनुदान

आत्मनिर्भर भारत पैकेज के अंतर्गत एमएसएमई को मुद्रा शिशु लोन अनुदान का भी प्रावधान किया गया है। प्रमुख सचिव ने बताया कि अभी इसमें प्रगति बहुत कम है। मुख्यमंत्री ने मुख्य सचिव श्री इकबाल सिंह बैंस को निर्देश दिए कि वे इस संबंध में परीक्षण करें कि ऐसा क्यों है।

बैंकों का पूर्ण सहयोग आवश्यक

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि एमएसएमई क्षेत्र को नियत समयावधि में प्रावधानों के अनुसार बैंकों की ओर से ऋण प्राप्त हो जाए यह सुनिश्चित करने के लिए वरिष्ठ अधिकारियों के स्तर पर बैंकों की नियमित मॉनिटरिंग की व्यवस्था हो। बैंकों के पूर्ण सहयोग से ही इस कार्य में वांछित प्रगति आ सकती है।

मध्यप्रदेश की जेलों में बंदी-परिजन करेंगे ई-मुलाकात

गृह और जेल मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा भोपाल में बंदी-परिजन की ई-मुलाकात योजना का शुभारंभ करते हुये।

भोपाल, गृह और जेल मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने भोपाल में जेलों में बंदी-परिजनों की ई-मुलाकात योजना का ई-लोकार्पण किया। उन्होंने बताया कि अब जेलों में बंदी अपने परिजन से ई-मुलाकात कर सकेंगे। परिजनों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के द्वारा बंदियों से मुलाकात कराई जायेगी।

डॉ. मिश्रा ने बताया कि बंदियों को उनके परिजनों से समय-समय पर जेलों में ही मुलाकात कराने का प्रावधान है। वर्तमान में कोविड-19 महामारी के कारण मार्च के द्वितीय सप्ताह से मुलाकात व्यवस्था बंद कर दी गई है। अब बंदियों के परिजनों को परेशान नहीं होना पड़ेगा। योजना के शुभारंभ अवसर पर चार बंदियों के परिजनों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से बात कराई गई।

डीआईजी जेल श्री संजय पाण्डे ने बताया कि जेलों में परिरुद्ध बंदियों की जानकारी को भारत सरकार के NIC के ई-प्रिजन सॉफ्टवेयर के माध्यम से कम्प्यूटर पर संकलित किया जाता है। इस सॉफ्टवेयर में ई-मुलाकात व्यवस्था का प्रावधान है। ई-मुलाकात व्यवस्था के अंतर्गत बंदियों के परिजन **www.e-prisons.nic.in** वेबसाइट के माध्यम से मुलाकात करने हेतु आवेदन कर सकते हैं।

जेल अधीक्षक भोपाल श्री दिनेश नरगांवे ने बताया ई- मुलाकात के आवेदन जेल अधीक्षक द्वारा स्वीकृत होने पर बंदी के परिजन अपने घर से ही एक स्मार्ट फोन/डेस्कटॉप/ टेब के माध्यम से अथवा किसी एमपीऑनलाइन (mponline) सेंटर से, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बंदी से ई-मुलाकात कर उनका वीडियो देख सकेंगे एवं उनसे बात कर सकेंगे।

इस व्यवस्था के प्रारंभ होने से कोविड महामारी की इस कठिन परिस्थिति में बंदियों के परिजनों के अपने घर से जेल पर उपस्थित होने की आवश्यकता नहीं होगी। इससे बंदियों को एवं उनके परिजनों को मुलाकात में सुविधा होगी।

आरजीपीवी ने जारी किया टेकयूप कैलेंडर

भोपाल, राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सुनील कुमार द्वारा तकनीकी शिक्षा गुणवत्ता सुधार कार्यक्रम टेकयूप (TEQIP) के अंतर्गत आगामी शैक्षणिक सत्र में आयोजित होने वाली गतिविधियों के कैलेंडर का ऑनलाइन विमोचन किया गया।

कुलपति प्रोफेसर सुनील कुमार ने कहा कि तकनीकी शिक्षा गुणवत्ता सुधार कार्यक्रम के अंतर्गत आरजीपीवी देशभर के तकनीकी विश्वविद्यालयों में सर्वाधिक शैक्षणिक गतिविधि आयोजित करता है। टेकयूप के माध्यम से विश्वविद्यालय एवं संबद्ध संस्थाओं के छात्रों, प्राध्यापकों एवं शोधार्थियों को कार्यशाला, सेमिनार एवं शिक्षण प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से एनआईटी, आईआईटी और आईआईएम के विषय विशेषज्ञों के अलावा उद्योग जगत के विशेषज्ञों का मार्गदर्शन भी प्राप्त होता है। उन्होंने कहा कि यह शोध एवं अनुसंधान तथा विषय में निपुणता के लिए अत्यंत उपयोगी होता है। कोविड-19 की परिस्थितियों में विश्वविद्यालय के सभी घटकों का वर्षभर की गतिविधियों की पूर्व से जानकारी होगी, जिससे वे समय पर ऑनलाइन पंजीयन कर गतिविधियों में भाग ले सकेंगे। साथ ही तकनीकी शिक्षा गुणवत्ता सुधार कार्यक्रम की एक ही समय में चलने वाली एक से अधिक गतिविधियों को अपने मोबाइल या कम्प्यूटर पर जहां हैं, वहीं से देख सकेंगे। तकनीकी शिक्षा गुणवत्ता सुधार कार्यक्रम के संयोजक प्रो. एस.सी. चौबे ने कहा कि कोविड-19 के समय शिक्षण को ऑनलाइन करने का यह कैलेंडर है। विश्वविद्यालय एवं संबद्ध संस्थाओं के प्राध्यापक, शोधार्थी तथा छात्र इस लिंक के माध्यम से आरजीपीवी पोर्टल से एक्सेस कर सकेंगे। जीमेल के उपयोगकर्ता इसे गूगल लिंक के माध्यम से सीधे कैलेंडर से लिंक हो सकेंगे।

मुख्य सचिव की अध्यक्षता में समिति गठित

भोपाल, राज्य शासन ने भारत सरकार पंचायती राज मंत्रालय से प्राप्त निर्देशों के अनुसार 15वें वित्त आयोग अनुदान राशि का ग्रामीण स्थानीय निकायों द्वारा समुचित उपयोग सुनिश्चित करने के लिए मुख्य सचिव की अध्यक्षता में राज्य स्तर पर उच्च स्तरीय अनुश्रवण समिति का गठन किया है।

समिति में अपर मुख्य सचिव, पंचायत एवं ग्रामीण विकास सदस्य सचिव होंगे। प्रमुख सचिव वित्त, प्रमुख सचिव लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, आयुक्त मनरेगा, संचालक पंचायत राज संचालनालय, राज्य कार्यक्रम अधिकारी, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) तथा प्रमुख अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा सदस्य होंगे।

समिति का कार्यकाल वित्तीय वर्ष 2020-21 से 2024-25 तक रहेगा।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

'एक मास्क–अनेक जिंदगी' अभियान

मास्क नहीं लगाने पर चालान के साथ दो मास्क भी मिलेंगे

नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री भूपेन्द्र सिंह वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 'एक मास्क-अनेक जिंदगी' अभियान का शुभारंभ करते हुये।

भोपाल, बगैर मास्क लगाए घर के बाहर निकलने पर नियमानुसार चालान तो होगा ह , लेकिन इसके साथ ही 2 मास्क भी निःशुल्क दिए जाएंगे। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री भूपेंद्र सिंह ने यह बात अपने निवास से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 'एक मास्क- अनेक जिंदगी' अभियान का शुभारंभ करते हुए कही। उन्होंने हरी झंडी दिखाकर सागर सहित अनेक नगरीय निकायों के प्रचार रथों को रवाना किया।

मैं सिर्फ मास्क के कारण ही संक्रमित होने से बचा

नगरीय विकास एवं आवास मंत्री ने कहा कि मैं कई कोरोना संक्रमित लोगों के संपर्क में आने के बाद भी सिर्फ मास्क और दस्ताने पहनने के कारण ही संक्रमण से बचा रहा। उन्होंने बताया कि मैं दो बार कोरोना का टेस्ट करा चुका हूं। श्री सिंह ने कहा कि संक्रमण बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि मास्क कोरोना से बचने का सबसे सरल और सस्ता उपाय है। श्री सिंह ने कहा कि दानदाताओं और स्वयंसेवी संस्थाओं के सहयोग से सभी निकायों में मास्क बैंक स्थापित किए जाएंगे। यहां पर लोग मास्क दान कर सकेंगे और यहीं से अशासकीय संगठन और नागरिक मास्क प्राप्त कर सकेंगे। प्रमुख चौराहों पर भी मास्क दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि नगरीय क्षेत्रों में संक्रमण अधिक है अतः नगरीय निकायों की भूमिका महत्वपूर्ण है। भोपाल और इंदौर, सागर सहित अनेक निकायों में निकाली गई जागरूकता वाहन रैली की उन्होंने सराहना की।

सभी वार्ड में स्वयंसेवकों की समिति बनेगी

श्री सिंह ने कहा कि नगरीय निकायों के सभी वार्ड में 21 स्वयंसेवकों की समिति बनाई जाएगी। समिति के सदस्य घर-घर जाकर नागरिकों को पंपलेट वितरित करने के साथ ही गर्म पानी पीने, ठंडी चीजों का उपयोग नहीं करने और घर से बाहर निकलने पर मास्क लगाने और सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करने की समझाइश देंगे। श्री सिंह ने कहा कि अभियान का प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और सोशल मीडिया के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए।

स्वतंत्रता दिवस के कार्यक्रम की रूपरेखा की गई तय

राज्य स्तरीय समारोह में मुख्यमंत्री तथा जिलों में कलेक्टर करेंगे ध्वजारोहण

भोपाल, राज्य शासन ने प्रदेश में 15 अगस्त, 2020 को स्वतंत्रता दिवस समारोह के आयोजन के सिलसिले में रूपरेखा तय कर दी है। राज्य स्तर, जिला, जनपद पंचायत और पंचायत मुख्यालयों पर किये जाने वाले आयोजन शासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुरूप ही आयोजित किये जायेंगे।

राज्य स्तर पर मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान प्रातः 9 बजे के पूर्व शहीद स्मारक में पुष्प अर्पित करेंगे। तदुपरांत मुख्यमंत्री प्रातः 9 बजे मोतीलाल नेहरू स्टेडियम में ध्वजारोहण करेंगे एवं प्रदेश की जनता को संबोधित करेंगे। उक्त संबोधन प्रदेश के सभी जिलों में लाइव टेलीकास्ट के माध्यम से सुना जा सकेगा। मुख्य कार्यक्रम में प्रदेश के सभी मंत्रीगण उपस्थित रहेंगे।

जिला स्तर पर कलेक्टर कार्यालय में कलेक्टर द्वारा ध्वजारोहण किया जायेगा। सलामी के बाद राष्ट्रगान का गायन होगा। कलेक्टर कार्यालयों में मुख्यमंत्री का संबोधन सुनने के इंतजाम किये जायेंगे।

जिला पंचायत कार्यालयों में जिला पंचायत अध्यक्ष/प्रशासनिक समिति के प्रधान द्वारा औपचारिक रूप से राष्ट्रीय ध्वज फहराया जायेगा तथा कार्यक्रम में राष्ट्रीय गान गाया जायेगा। इसी प्रकार जनपद पंचायत कार्यालय में जनपद पंचायत अध्यक्ष/प्रशासनिक समिति के प्रधान तथा पंचायत कार्यालय में सरपंच/प्रशासनिक समिति के प्रधान द्वारा औपचारिक रूप से राष्ट्रीय ध्वज फहराया जायेगा तथा कार्यक्रम में राष्ट्रीय गान गाया जायेगा। जिला, जनपद, ग्राम पंचायत में निर्वाचित अध्यक्ष/प्रशासनिक समिति के प्रधान के उपलब्ध न होने पर कार्यालय प्रमुख द्वारा ध्वजारोहण किया जायेगा। नगर निगम/नगरपालिक/नगर परिषद कार्यालय में महापौर/अध्यक्ष राष्ट्रीय ध्वज फहरायेंगे। शेष नगरीय निकायों में आयुक्त/मुख्य नगरपालिका अधिकारी द्वारा ध्वजारोहण किया जायेगा।

जिला स्तर पर कलेक्टर कार्यालय, जिला पंचायत, नगर निगम, नगरपालिका, नगर परिषद, जनपद पंचायत एवं ग्राम पंचायत कार्यालयों में ध्वजारोहण और राष्ट्रगान का कार्यक्रम प्रातः 8:45 बजे तक अनिवार्य रूप से पूर्ण करने की रूपरेखा बनाई गई है ताकि मुख्यमंत्री द्वारा प्रदेश की जनता के नाम संबोधन को सुना और देखा जा सके।

सभी शासकीय कार्यालयों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराये जायेंगे। कार्यालय प्रमुख प्रातः 8 बजे अपने विभाग के सीमित संख्या में अधिकारियों/कर्मचारियों की मौजूदगी में कार्यालय भवन पर राष्ट्रीय ध्वज फहरायेंगे।

जारी दिशा-निर्देशों में कहा गया है कि स्वतंत्रता दिवस पर जिला एवं जनपद स्तर पर कोई भी सार्वजनिक कार्यक्रम आयोजित नहीं किया जाये। स्वतंत्रता दिवस के कार्यक्रम में जन-सामान्य एवं स्कूली बच्चों को शामिल न किया जाये। कार्यक्रम स्थल पर प्राथमिक चिकित्सा की व्यवस्था अनिवार्य रूप से रखी जाये। स्वतंत्रता दिवस पर किसी सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन नहीं किया जायेगा। कार्यक्रम स्थल पर दिशा निर्देशों का विशेष ध्यान रखना होगा।

किल कोरोना अभियान-2 में गृह विभाग करेगा निगरानी एवं समन्वय

भोपाल, किल कोरोना अभियान-2 के दौरान निगरानी एवं समन्वय के लिये गृह विभाग को राज्य-स्तर पर नोडल विभाग बनाया गया है। इस अभियान में संचालित गतिविधियों में गृह विभाग के साथ-साथ नगरीय विकास, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा भी कार्यवाही की जाएगी।

श्री एस.एन. मिश्रा अपर मुख्य सचिव, गृह ने सभी कलेक्टर्स को पत्र लिखा है। उन्होंने बताया कि शासन द्वारा एक अगस्त से 14 अगस्त तक "किल कोरोना अभियान-2" चलाया जा रहा है। अभियान की थीम "संकल्प की चेन जोड़ो, संक्रमण की चेन तोड़ो" है। इसके साथ ही 'एक मास्क-अनेक जिंदगी' और 'रोको-टोको' अभियान की कार्यवाही भी सतत् रूप से जारी रखी जाएगी।

किल कोरोना अभियान-2 अंतर्गत जन-प्रतिनिधियों द्वारा सार्वजनिक दौरा कार्यक्रम आयोजित नहीं किए जाएंगे तथा क्षेत्र में जाकर विकास कार्यों के शिलान्यास, भूमि-पूजन एवं लोकार्पण आदि आयोजन प्रतिबंधित रहेंगे। शिलान्यास, भूमि-पूजन/लोकार्पण आदि कार्यक्रम वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए आयोजित किये जा सकते हैं। इस अवधि में सभी प्रकार की राजनैतिक रैलियों का आयोजन भी पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। जन-प्रतिनिधिगण अपने क्षेत्र में ऑनलाइन वर्चुअल रैलियों का आयोजन कर सकते हैं। जन-प्रतिनिधि अपने कार्यालय अथवा निवास स्थान पर आम जनता से मिलकर उनकी समस्याएं सुन सकते हैं, किन्तु इस बात का विशेष ध्यान रखा जाये कि एक समय में 5 से अधिक लोग एकत्र न हों। मास्क एवं फिजिकल डिस्टेंसिंग के नियमों का पालन किया जाना सभी के लिये अनिवार्य होगा।

स्वाधीनता संग्राम पर ऑनलाइन प्रतियोगिता में 15 अगस्त तक प्रविष्टि आमंत्रित

भोपाल, संस्कृति विभाग द्वारा प्रदेश के युवाओं, विद्यार्थियों एवं बच्चों में स्वाधीनता संग्राम के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से आयोजित ऑनलाइन प्रतियोगिता के लिये प्रविष्टि भेजने की तिथि 10 अगस्त से बढ़ाकर 15 अगस्त कर दी गई है। इन प्रतियोगिताओं में कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यालयीन एवं स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर के महाविद्यालयीन विद्यार्थियों के लिये फोटो क्विज एवं स्लोगन लेखन प्रतियोगिता होगी। इसी प्रकार दो अन्य श्रेणी कविता लेखन एवं देशभक्तिपूर्ण रचना की संगीतमय प्रतियोगिता होगी।

संस्कृति मंत्री सुश्री उषा ठाकुर ने बताया कि विभाग द्वारा आयोजित इन प्रतियोगिताओं में 48 विजेताओं को एक लाख 79 हजार के पुरस्कार वितरित किये जाएंगे। चित्र पहचानो प्रतियोगिता में क्रमशः 5 हजार, 3 हजार और एक हजार के एक-एक और 5 पुरस्कार 500-500 रुपये के दिये जायेंगे। महाविद्यालयीन छात्र-छात्राओं के लिये 8 और विद्यालयीन छात्र-छात्राओं के लिये 8, कुल 16 पुरस्कार दिये जायेंगे। स्वाधीनता पर केन्द्रित प्रेरक स्लोगन लेखन प्रतियोगिता में भी क्रमशः 5 हजार, 3 हजार और एक हजार के एक-एक और 500-500 रुपये के 5 पुरस्कार दिये जायेंगे। इसी क्रम में देशभक्ति पूर्ण कविता लेखन प्रतियोगिता विजेताओं को क्रमशः 10 हजार, पांच हजार और तीन हजार के प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार एवं एक-एक हजार के पांच पुरस्कार प्रमाण-पत्र के साथ दिये जाएंगे। इस प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश के एक जनवरी 2020 की स्थिति में 35 वर्ष तक की आयु के निवासी भाग ले सकते हैं। एकल एवं समूह स्वर में 1947 से पूर्व की देश भक्ति पूर्ण रचना या स्वयं की मौलिक रचना की एकल या समूह स्वर में संगीतमय प्रस्तुति के लिये क्रमशः 50 हजार, 25 हजार और 10 हजार रुपये के एक-एक और पांच पुरस्कार 5-5 हजार रुपये के दिये जाएंगे।

संकल्प की चेन जोड़ो, कोरोना की चेन तोड़ो

स्वास्थ्य मंत्री ने पीपीई किट पहनकर कोरोना मरीजों से जाना उनका हाल

रायसेन, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी ने रायसेन में जिला चिकित्सालय, कोविड केयर सेंटर तथा क्वारेंटाइन सेंटर का निरीक्षण किया। डॉ. चौधरी ने स्वयं पीपीई किट पहनकर कोरोना पॉजिटिव मरीजों से बात की। उन्होंने चिकित्सकों को कोरोना संक्रमित एवं संदिग्ध मरीजों का पूरी गम्भीरता और सजगता से उपचार कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कोविड केयर सेंटर तथा जिला चिकित्सालय में भर्ती कोरोना पॉजीटिव मरीजों से चर्चा करते हुए उपचार तथा व्यवस्थाओं की जानकारी भी ली।

डॉ. चौधरी ने स्वास्थ्य अमले को स्वयं का ध्यान रखते हुए सुरक्षित रहकर मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए कहा। उन्होंने मरीजों को गुणवत्तापूर्ण भोजन तथा नाश्ता आदि उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

जिला चिकित्सालय एवं कोविड सेंटर्स के साथ ही क्वारेंटाइन सेंटर में स्वच्छता का विशेष ध्यान रखने के भी निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि मरीजों की देखरेख में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जाए। उन्होंने चिकित्सकों को कोविड केयर सेंटर तथा क्वारेंटाइन सेंटर्स में लोगों का नियमित स्वास्थ्य परीक्षण करने को कहा।

डॉ. चौधरी ने अधिकारियों को कोरोना संक्रमण की रोकथाम के लिये जारी गाइड-लाइन एवं प्रोटोकाल का सख्ती से पालन कराए जाने की हिदायत दी। स्वास्थ्य मंत्री ने मास्क नहीं लगाने, सोशल डिस्टेंसिंग तथा कोरोना बचाव संबंधी निर्देशों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

आपका हाल जानने आया हूँ

डॉ. प्रभुराम चौधरी ने रायसेन जिला मुख्यालय स्थित कोविड सेंटर में भर्ती मरीजों को अपना परिचय देते हुए बताया कि मैं स्वास्थ्य मंत्री आपका हाल जानने आया हूं। उन्होंने मरीजों को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की शुभकामना देते हुए कहा कि आप चिकित्सकों के निर्देशों का पालन करें तथा नियमित समय पर दवा एवं भोजन लें। अपना मनोबल बनाये रखें, आप शीघ्र स्वास्थ्य होकर अपने घर लौटेंगे।

लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी रायसेन स्थित कोविड केयर सेंटर में कोरोना पॉजिटिव मरीजों और स्वास्थ्यकर्मियों से बात करते हुये।

क्वारेंटाइन सेंटर के इंचार्ज को बदलने के निर्देश

क्वारेंटाइन सेंटर का निरीक्षण करते समय वहां क्वारेंटाइन किये गये लोगों ने सेंटर में ठीक से सफाई नहीं होने की जानकारी दी। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. चौधरी ने इंचार्ज को बदलने तथा नियमित सफाई के निर्देश दिये।

'संकल्प की चेन जोड़ो, कोरोना की चेन तोड़ो'

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि प्रदेश में कोरोना संक्रमण के नियंत्रण तथा बचाव के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा प्रदेश में कोरोना की स्थिति की प्रतिदिन समीक्षा की जा रही है। किल कोरोना अभियान के दूसरे चरण में 1 अगस्त से 14 अगस्त तक प्रदेश में संकल्प की चेन जोड़ो, कोरोना की चेन तोड़ो, अभियान चलाया जा रहा है। यह मुख्य रूप से जागरूकता अभियान है, जिसके अंतर्गत अनिवार्य रूप से मास्क लगाने एवं फिजिकल डिस्टेंसिंग का पालन करने के लिए लोगों को जागरूक किया जा रहा है तथा इसके माध्यम से कोरोना के संक्रमण को समाप्त किया जा सकेगा।

आबकारी मामलों के लिये मंत्रिपरिषद समिति गठित

भोपाल, राज्य शासन द्वारा आबकारी मामलों के लिये मंत्रिपरिषद समिति का गठन किया गया है। समिति में वाणिज्यिक कर, वित्त, योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी मंत्री श्री जगदीश देवड़ा, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री बिसाहूलाल सिंह, नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री भूपेन्द्र सिंह, आदिम जाति कल्याण, अनुसूचित जाति कल्याण मंत्री सुश्री मीना सिंह मांडवे और पशुपालन, सामाजिक न्याय एवं निःशक्तजन कल्याण मंत्री श्री प्रेमसिंह पटेल सदस्य बनाये गये हैं। प्रमुख सचिव, वाणिज्यिक कर इस समिति के सचिव होंगे।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

मंत्रिपरिषद के निर्णय

भू-अभिलेखों की डिजिटाइजेशन परियोजना के लिए मिली प्रशासकीय स्वीकृति

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में भोपाल में मंत्रिपरिषद की दुसरी वर्चुअल बैठक सम्पन्न हुई। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में मंत्रीगण ने विभिन्न स्थानों से भागीदारी की।

मंत्रिपरिषद ने भारत सरकार के डिजिटल इण्डिया लैण्ड रिकॉर्ड मॉडर्नाइजेशन प्रोग्राम के तहत मध्यप्रदेश में भू-अभिलेखों का डिजिटाइजेशन परियोजना क्रियान्वयन के लिए परियोजना की अनुमानित राशि 59 करोड़ 89 लाख रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति जारी करने का निर्णय लिया। डिजिटाइजेशन के लिये उपलब्ध राशि 25 करोड़ 80 लाख रुपये के अतिरिक्त व्यय की तथा शेष राशि 34 करोड़ 9 लाख रुपये के लिए लोक सेवा प्रबंधन विभाग के द्वारा संचालित ई-डिस्ट्रिक्ट परियोजना में उपलब्ध राशि में से अधिकतम 15 करोड़ रुपये का उपयोग किया जायेगा। डीआईएलआरएमपी परियोजना के तहत मध्यप्रदेश भू-अभिलेख प्रबंधन समिति के बैंक खाते में राज्यांश की कुल राशि से प्राप्त ब्याज की राशि लगभग 8 करोड़ रुपये का उपयोग किया जायेगा। डीआईएलआरएमपी परियोजना के तहत केंद्रांश की कुल राशि से प्राप्त ब्याज की राशि लगभग 11 करोड़ 9 लाख रुपये को भारत सरकार से स्वीकृति प्राप्त कर उपयोग किया जायेगा अथवा उपयोग की अनुमति प्राप्त नहीं होने पर उक्त राशि का बजट प्रावधान वित्तीय वर्ष 2022-23 में 5 करोड़ 50 लाख रुपये तथा वर्ष 2023-24 में 5 करोड़ 50 लाख रुपये शामिल कराया जाकर व्यय का भार राज्य शासन द्वारा वहन किया जायेगा।

प्रदेश में 3 लाख 45 हजार से अधिक पथ-विक्रेताओं को प्रमाण-पत्र जारी

भोपाल, प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेण्डर्स आत्म-निर्भर निधि (पीएम स्व-निधि) योजना में कुल 8 लाख 7 हजार 330 पथ-विक्रेताओं ने पंजीयन करवाया है। इनमें से 4 लाख 88 हजार आवेदनों का सत्यापन हो चुका है। इनमें से 3 लाख 76 हजार 604 आवेदन स्वीकृत किये जा चुके हैं। अभी तक 3 लाख 45 हजार 995 आवेदकों को परिचय-पत्र तथा वेण्डर प्रमाण-पत्र जारी किये जा चुके हैं।

नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री भूपेन्द्र सिंह ने कहा है कि इस योजना में ऋण स्वीकृति में मध्यप्रदेश देश में प्रथम स्थान पर है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि इस स्थिति को आगे भी बरकरार रखें।

योजना में नाई, बांस की डलिया बनाने वाले, कबाड़ीवाला, लोहार, पनवाड़ी, मोची, चाय की दुकान, सब्जी विक्रेता, फूल विक्रेता, वस्त्र विक्रेता, हाथकरघा, आईसक्रीम पार्लर सहित 35 व्यवसायों को शामिल किया गया है। पथ-विक्रेताओं को 10 हजार रुपये का ब्याजमुक्त लोन दिया जा रहा है। राज्य शासन द्वारा पथ-विक्रेताओं को बैंकों से अनुबंध के लिये मात्र 50 रुपये की स्टाम्प ड्यूटी तय की गयी है।

आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश

नीति आयोग के निर्देशन में वेबीनार मील का पत्थर सिद्ध होगा - मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश रोडमैप पर वरिष्ठ अधिकारियों के साथ चर्चा करते हुये।

भोपाल, आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के लिए बनाए जा रहे रोडमैप की प्रदेश में जो तैयारियां की जा रही हैं, उनमें वेबीनार मील का पत्थर सिद्ध होंगे। नीति आयोग के निर्देशन में मध्यप्रदेश में अधोसंरचना, रोज़गार, स्वास्थ्य, शिक्षा, अर्थव्यवस्था और सुशासन के संबंध में विषय विशेषज्ञों, वरिष्ठ अधिकारियों, आर्थिक क्षेत्र के विद्वानों के विचार और सुझाव प्राप्त कर एक रोडमैप बनाने के लिए प्रत्येक वेबीनार में युवाओं को भी जोड़ा जाए।

इसके साथ ही कलेक्टर, कमिश्नर जैसे मैदानी अधिकारी और राजधानी में पदस्थ वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी, मंत्रीगण अपने अनुभवों से व्यावहारिक सुझाव प्रस्तुत करें। तैयार रोडमैप से आम जनता को अवगत करवाया जाएगा। आगामी तीन वर्ष में रोडमैप का क्रियान्वयन किया जाएगा। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल स्थित चिरायु हॉस्पिटल से वीडियो कान्फ्रेंसिंग द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों से चर्चा करते हुये कहीं।

श्री चौहान ने कहा कि अलग-अलग समूह में हो रही चर्चा के लिए निर्धारित बिन्दु, विशेषज्ञों को भागीदारी के लिए आमंत्रण, क्रियान्वयन के लिए रोडमैप तैयार किए जाने के पूर्व आवश्यक विषयों के समावेश के लिए कार्यों को व्यवस्थित रूप से पूर्ण किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि वेबीनार में चर्चा सारगर्भित हो, लोक सेवा प्रबंधन विभाग की पूर्ण सहभागिता हो और सुशासन संस्थान द्वारा निर्धारित बिन्दुओं के अनुरूप वेबीनार के विभिन्न सत्रों को संपन्न किया जाए।

मुख्य सचिव श्री इकबाल सिंह बैंस ने बताया कि वेबीनार की तैयारियां लगभग पूर्ण हो गई हैं। आमंत्रित प्रतिनिधियों को विधिवत आमंत्रण भेजने का कार्य किया गया है। नीति आयोग के परामर्श के अनुसार सत्रों के आयोजन की रूपरेखा को अंतिम रूप दिया जा रहा है। प्रयास यह है कि भोपाल और इन्दौर स्थित राष्ट्रीय संस्थानों के प्रतिनिधि भी वेबीनार में शामिल हों। प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री श्री मनीष रस्तोगी ने बताया कि भारतीय प्रबंध संस्थान बेंगलुरु और अन्य प्रतिष्ठित संस्थानों के प्रतिनिधियों की हिस्सेदारी के प्रयास किए गए हैं।

आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के रोडमैप के लिए हो रहे वेबीनार के प्रभारी चार अपर मुख्य सचिवों ने सेक्टर वाइज अब तक किए गए कार्य और प्राप्त सुझावों की संक्षेप में जानकारी दी।

मध्यप्रदेश में कोरोना के प्रति जागरूकता लाने के लिए किल कोरोना अभियान-2 प्रारंभ

भोपाल, बिना जनता के सक्रिय सहयोग के कोरोना को पूर्ण रूप से परास्त नहीं किया जा सकता। लॉक डाउन करना कोरोना का स्थाई समाधान नहीं है। कोरोना को पूर्ण रूप से समाप्त करने के लिए यह जरूरी है कि हर व्यक्ति यह संकल्प ले कि वह अनिवार्य रूप से मास्क का उपयोग करेगा तथा फिजिकल डिस्टेंसिंग का पालन करेगा अर्थात एक दूसरे से पर्याप्त दूरी बनाए रखेगा। इसी के माध्यम से संक्रमण की चेन टूटेगी। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में किल कोरोना अभियान-2 की शुरुआत करते हुए कहीं।

श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश में कोरोना को पूर्ण रूप से समाप्त करने के लिए किल कोरोना अभियान 2 के रूप में जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है, जो 1 अगस्त से प्रारंभ होकर 14 अगस्त तक चलेगा। इस अभियान के दौरान हमें एक दूसरे के पूरे सहयोग से दृढ़ संकल्पित होकर संक्रमण की चेन को पूरी तरह तोड़ देना है। उन्होंने सभी से अपील की है कि वे प्रदेश को कोराना संक्रमण से मुक्त करने में इस अभियान में अपना पूरा सहयोग प्रदान करें।

किल कोरोना अभियान के मुख्य बिन्दु

किल कोरोना अभियान-2 के दौरान निगरानी एवं समन्वय के लिये गृह विभाग को राज्य-स्तर पर नोडल विभाग बनाया गया है। इस अभियान में संचालित गतिविधियों में गृह विभाग के साथ-साथ नगरीय विकास, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा भी कार्यवाही की जाएगी।

अभियान की थीम "संकल्प की चेन जोड़ो-संक्रमण की चेन तोड़ो" है। इसके साथ ही 'एक मास्क-अनेक जिंदगी' और 'रोको-टोको' की कार्यवाही भी सतत् रूप से जारी रखी जाएगी।

किल कोरोना अभियान-2 अंतर्गत जन-प्रतिनिधियों द्वारा सार्वजनिक दौरा कार्यक्रम आयोजित नहीं किए जाएंगे तथा क्षेत्र में जाकर विकास कार्यों के शिलान्यास, भूमि-पूजन एवं लोकार्पण आदि आयोजन प्रतिबंधित रहेंगे। शिलान्यास, भूमि-पूजन/लोकार्पण आदि कार्यक्रम वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सोशल डिस्टेंसिंग के मापदण्डों का पालन करते हुए आयोजित किये जा सकते हैं। इस अवधि में सभी प्रकार की राजनैतिक रैलियों का आयोजन भी पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। जन-प्रतिनिधि गण अपने क्षेत्र में ऑनलाइन वर्चुअल रैलियों का आयोजन कर सकते हैं।

जन-प्रतिनिधि अपने कार्यालय अथवा निवास स्थान पर आम जनता से मिलकर उनकी समस्याएं और शिकायतें सुन सकते हैं, किन्तु इस बात का विशेष ध्यान रखा जाये कि एक समय में 5 से अधिक लोग एकत्र न हों।

मास्क एवं फिजिकल डिस्टेंसिंग के नियमों का पालन किया जाना सभी के लिये अनिवार्य होगा। जो इन नियमों का पालन नहीं करेगा, उनके विरुद्ध जुर्माना तथा अन्य विधिक कार्यवाही की जाएगी।

डेयरी, मांस प्रसंस्करण और पशु आहार संयंत्र स्थापित करने के लिये मिलेगा ऋण

भोपाल, आत्मनिर्भर योजना के तहत डेयरी, मांस प्रसंस्करण और पशु आहार संयंत्र स्थापित करने के लिये बैंक ऋण उपलब्ध कराया जायेगा। न्यूनतम 10 से 25 प्रतिशत मार्जिन मनी हितग्राही को देनी होगी। शेष 90 से 75 प्रतिशत बैंक ऋण होगा। हितग्राही को 3 प्रतिशत ब्याज सबवेंशन मिलेगा। किसान उत्पादक संगठन, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग, निजी कम्पनियां और व्यक्तिगत उद्यमी आदि योजना का लाभ उठा सकते हैं। इच्छुक व्यक्ति सिडबी के पोर्टल 'उद्यमी मित्र' पर आवेदन दे सकते हैं। केंद्रीय पशुपालन एवं डेयरी मंत्रालय द्वारा 'एनीमल हसबेण्डरी इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट फण्ड' के तहत राज्यों को दिशा-निर्देश जारी किये गये हैं।

अपर मुख्य सचिव पशुपालन श्री जे.एन. कंसोटिया ने बताया कि योजना का मुख्य उद्देश्य डेयरी प्रसंस्करण और मांस प्रसंस्करण की सुविधा उपलब्ध कराना है। इससे घरेलू बाजार में गुणवत्तापूर्ण दूध और मांस की उपलब्धता के साथ उत्पादकों को अच्छा बाजार मिलने से आय में वृद्धि होगी। योजना में पशुपालकों को पशुओं के लिये उच्च गुणवत्ता वाला पशु आहार भी उचित दामों पर उपलब्ध कराया जायेगा।

श्री कंसोटिया ने कहा कि केंद्र शासन द्वारा 750 करोड़ रुपये के क्रेडिट गारंटी फण्ड की स्थापना की जायेगी, जिसका प्रबंधन नाबार्ड करेगा। क्रेडिट गारंटी फण्ड केवल उन्हीं परियोजनाओं को दिया जायेगा जो व्यवहारी होंगी। पात्र हितग्राही को ऋण सुविधा का अधिकतम 25 प्रतिशत कवरेज मिलेगा। फण्ड की कुल राशि 15 हजार करोड़ का वितरण 3 वर्ष की अवधि में अनुसूचित बैंकों द्वारा किया जायेगा।

प्रसंस्करण स्थापित करने के इच्छुक हितग्राहियों को बैंक में आवेदन देने के पहले आवश्यक भूमि की व्यवस्था करनी होगी। परियोजना प्रस्ताव में दूध, मांस और पशु आहार के लिये गुणवत्ता प्रबंधन इकाई की स्थापना, पैंकेजिंग इकाई और उत्पाद के प्रचार का उल्लेख जरूरी होगा। आवश्यक होने पर हितग्राही सिडबी (भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक) के 'उद्यमी मित्र' पोर्टल पर उपलब्ध एजेंसियों से परामर्श भी ले सकेंगे। हितग्राही तीन प्रतिशत ब्याज सबवेंशन के लिये अनुसूचित बैंक परियोजना प्रस्ताव केंद्रीय पशुपालन एवं डेयरी विभाग को ऑनलाइन भेजेंगे। केंद्र शासन द्वारा गठित प्रोजेक्ट सेंक्शन और प्रोजेक्ट अप्रुवल कमेटी निर्धारित मापदंडों के अनुसार ब्याज सबवेंशन और क्रेडिट गारंटी की स्वीकृति देगी।

एक मास्क-अनेक जिंदगी अभियान में 413 मास्क बैंक स्थापित

भोपाल, नागरिकों को कोराना संक्रमण से बचाने के उद्देश्य से चलाये जा रहे 'एक मास्क-अनेक जिंदगी' अभियान में अभी तक 413 मास्क बैंक स्थापित किये जा चुके हैं। मास्क बैंक स्वयं सेवी संस्थाओं, जनप्रतिनिधियों और नागरिकों के सहयोग से स्थापित किये गए हैं। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री भूपेन्द्र सिंह ने कहा है कि सभी वर्गों की सक्रिय भागीदारी से इस अभियान को सफल बनायें। उन्होंने कहा है कि कोरोना संक्रमण से बचने का मास्क सबसे सरल और सस्ता साधन है। श्री सिंह ने कहा है कि जिन निकायों में अभियान धीमे गति से चल रहा है, वहां जन-सहयोग से तेजी लायें।

डोनेशन में मिले एक लाख 30 हजार मास्क

अभियान में विभिन्न संस्थाओं एवं नागरिकों द्वारा एक लाख 30 हजार से अधिक मास्क डोनेट किये जा चुके हैं। इनमें से लगभग एक लाख 15 हजार मास्क वितरित किये जा चुके हैं। इंदौर शहर में अकेले 16 हजार मास्क दानदाताओं द्वारा दिये गए। इस अभियन में लगभग 600 स्व-सहायता समूह भाग ले रहे हैं।

इंदौर और उज्जैन संभाग द्वारा बेहतर कार्य किया जा रहा है। अभियान सभी नगरीय निकायों में संचालित है।

मुरैना के 727 ग्रामों को मिलेगा चम्बल नदी का पेयजल

भोपाल, चम्बल नदी के जल से मुरैना जिले के 727 ग्रामों में पीने के पानी की आपूर्ति की जाएगी। जल जीवन मिशन के अंतर्गत 1090 करोड़ रुपये की लागत की इस वृहद पेयजल योजना से करीब 15 लाख ग्रामीण जनसंख्या को लाभ मिलेगा।

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्री ऐंदल सिंह कंषाना के निर्देश पर निगम द्वारा योजना का सर्वेक्षण कर विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन (DPR) तैयार किया गया है। योजना के प्रथम चरण में यह प्रावधान किया जा रहा है कि आगामी 30 वर्षों में होने वाली जनसंख्या वृद्धि एवं संस्थाओं को पर्याप्त पेयजल की आपूर्ति निर्बाध रूप से की जा सके।

शासकीय भूमियों के प्रबंधन की नीति बनाने के लिये मंत्रिपरिषद समिति गठित

भोपाल, राज्य शासन द्वारा शासकीय भूमियों के प्रबंधन (राजस्व पुस्तक परिपत्र के अन्तर्गत प्रावधानों एवं नगरीय क्षेत्रों में अतिक्रमण इत्यादि) के संबंध में नीति बनाये जाने के लिये मंत्रिपरिषद समिति का गठन किया गया है।

समिति में वन मंत्री कुंवर विजय शाह, वाणिज्यिक कर, वित्त, योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी मंत्री श्री जगदीश देवड़ा, नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री भूपेन्द्र सिंह, राजस्व, परिवहन विभाग मंत्री श्री गोविंद सिंह राजपूत, ऊर्जा विभाग मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, सूक्ष्य, लघु एवं मध्यम उद्यम, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री ओमप्रकाश सकलेचा और सहकारिता, लोक सेवा प्रबंधन मंत्री श्री अरविंद भदौरिया सदस्य होंगे। प्रमुख सचिव राजस्व समिति के सचिव होंगे।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

चर्चा में

हार्दिक एस. शाह

प्रधानमंत्री के निजी सचिव बने

गुजरात कैडर के आईएएस अधिकारी हार्दिक सतीशचंद्र शाह को प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का निजी सचिव बनाया गया है। कार्मिक मंत्रालय द्वारा जारी आदेश के अनुसार 2010 बैच के आईएएस अधिकारी शाह अभी पीएमओ में उप-सचिव हैं। शाह, राजीव टोपनो की जगह लेंगे। टोपनो विश्व बैंक के निदेशक के सलाहकार बन गए हैं।

वैदेही बेकारिया और राधिका लखानी

कक्षा दसवीं की छात्राओं ने क्षुद्रग्रह की खोज की

गुजरात की रहने वाली कक्षा दसवीं की छात्राएं वैदेही बेकारिया और राधिका लखानी ने धरती के समीप एक क्षुद्रग्रह (एस्टेरॉयड) को खोजने में सफलता हासिल की है। इसे नासा ने एचएलवी 2514 नाम दिया है। वैदेही और राधिका ने इस खोज के लिए यूनिवर्सिटी ऑफ हवाई के टेलीस्कोप की तस्वीरों का अध्ययन किया। निजी संस्थान स्पेस इंडिया के मुताबिक यह क्षुद्रग्रह अभी मंगल के पास है। भविष्य में इसकी कक्षा के पृथ्वी की कक्षा को पार करने की उम्मीद है।

प्रीतम सिंह

सिंगापुर की संसद में नेता प्रतिपक्ष बने

भारतीय मूल के प्रीतम सिंह को सिंगापुर की संसद में विपक्ष का नेता नामित किया गया है। यह सिंगापुर के इतिहास में पहली ऐसी नियुक्ति है। सिंह की वर्कर्स पार्टी ने 10 जुलाई को हुए आम चुनाव में 10 सीटें जीती थीं और सिंगापुर की संसद में सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी बन गई थी। 43 वर्षीय सिंह की पार्टी ने 93 सीटों पर चुनाव लड़ा था। पेशे से वकील सिंह पार्टी के महासचिव हैं।

ऋषिकेष एम्स

हैलीपैड वाला देश का पहला सरकारी अस्पताल

उत्तराखंड के दुर्गम क्षेत्रों से आपदा और दुर्घटनाओं की

स्थिति में मरीजों को एयर एंबुलेंस से सीधे एम्स परिसर लाया जा सकेगा। एम्स ऋषिकेष में एयर एंबुलेंस की ट्रायल लैंडिंग सफल रही। इसके साथ ही एम्स ऋषिकेष देश का पहला ऐसा सरकारी स्वास्थ्य संस्थान बन गया है, जिसके पास अपना हैलीपैड है।

नजीब रज्जाक

मलेशिया के पूर्व प्रधानमंत्री को 12 साल की जेल

मलेशिया की एक अदालत ने पूर्व प्रधानमंत्री नजीब रज्जाक को अरबों डॉलर के सरकारी निवेश से जुड़े भ्रष्टाचार के पहले मुकदमे में दोषी करार दिया है। उन्हें 12 साल की जेल की सजा सुनाई गई है। उन पर 210 मिलियन रिंगिट (49.40 मिलियन अमेरिकी डॉलर - लगभग 370 करोड़ रुपये) का जुर्माना भी लगाया है। यह फैसला नए सत्तारूढ़ गठबंधन में नजीब की पार्टी के सबसे बड़े सहयोगी गठबंधन के रूप में शामिल होने के पाँच महीने बाद आया है।

राजा बजीरालोंगकार्न

68वें जन्मदिन पर सिर्फ बैंकॉक में हुआ कार्यक्रम

थाईलैंड के राजा बजीरालोंगकोर्न के 68वें जन्मदिन पर बैंकॉक के सनाम लुआंग में कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री प्रयुत चान भी पहुँचे। इस बार कोरोना के चलते हर साल की तरह देश भर में आयोजन नहीं हुए। गौरतलब है कि कोरोना के डर से मार्च में बजीरालोंगकोर्न अपनी सभी रानियों के साथ जर्मनी के एक होटल में आइसोलेट हो गए थे।

बोरिस जॉनसन

स्वस्थ रहने के लिए चलाई साइकिल

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन नॉर्टिंघम हेरिटेज सेंटर में हीरो साइकिल पर घूमते नजर आये। उनके साथ कंजर्वेटिव पार्टी के सांसद डैरेन हैनरी भी थे। कुछ दिन पहले ही उनकी सरकार ने देश में मोटापे से जंग के लिए नई योजना लागू की है। इसमें साइकिल चलाना जैसे उपाय भी शामिल हैं। इससे पहले भी जॉनसन साइकिलिंग को कोरोना से लड़ने के लिये जादुई दवा बता चुके हैं।

कंटेनर शिप

कोलकाता से अगरतला पहुँचा

कोलकाता से बांग्लादेश के चटगांव होते हुए पहला

कंटेनर शिप (मालवाहक जहाज) अगरतला पहुँच गया है। इसे कोलकाता से परीक्षण के लिए रवाना किया गया था। गौरतलब है कि भारत के पारगमन जहाजों की आवाजाही के लिये चटगांव और मोंगल बंदरगाह का उपयोग करने के लिये बांग्लादेश से समझौता किया गया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता के अनुसार इससे भारत-बांग्लादेश संबंध एवं आर्थिक साझेदारी में एक और उपलब्धि हासिल हो गई है।

जेफ बेजोस

एक दिन में 97,000 करोड़ रुपये बढ़ी संपत्ति

दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति अमेजन के फाउंडर जेफ

बेजोस की संपत्ति 1 दिन में 97,000 करोड़ रुपये बढ़ गयी है। ब्लूमबर्ग बिलेनियर्स इंडेक्स के मुताबिक बेजोस की संपत्ति 14.17 लाख करोड़ हो गई है। पिछले सप्ताह यह 13.20 लाख करोड़ रुपये थी। ऑनलाइन शॉपिंग में हुई बढ़ोत्तरी इसकी प्रमुख वजह मानी जा रही है।

मैडम तुसाद म्यूजियम, लंदन

महीनों बाद खुलने को तैयार

20 मार्च से बंद मशहूर मैडम तुसाद म्यूजियम जल्द

ही खोला जाने वाला है। 4 माह बाद एक बार फिर लंदन स्थित म्यूजियम में पर्यटकों की आवाजाही शुरू हो जाएगी। इसी को ध्यान में रखते हुये म्यूजियम की साफ-सफाई की जा रही है। म्यूजियम खुलने के बाद यहां आने वाले पर्यटकों का तापमान चेक किया जायेगा। साथ ही किसी को भी मूर्तियां नहीं छूने दी जायेंगी।

केरल में

देश के पहले राइफल कोलाज का लोकार्पण

केरल में राइफल, रिवॉल्वर और मैग्जीन से बने एक

खास स्मारक 'शौर्य' का लोकार्पण किया गया। अपनी तरह का यह देश का पहला स्मारक है। इसे रिटायर हो चुके पुलिस अफसरों और जवानों को सम्मान देने के लिए पुलिसकर्मियों ने ही बनाया है। 20 फीट से ज्यादा लंबा यह राइफल कोलाज खराब हथियारों के पुनर्उपयोग के लिए सराहनीय माना गया है।

अमूर फाल्कन 'लांगलेंग'

पाँचवी बार नागालैंड पहुँचेगी

जलवायु और मौसम की गहरी समझ रखने वाले

प्रवासी अमूर फाल्कन पक्षी जल्दी ही नागालैंड पहुँचेंगे। उपग्रह टैगिंग से मिली जानकारी के अनुसार मंगोलिया से सोमालिया और दक्षिण अफ्रीका तक 22 हजार किलोमीटर की यात्रा के दौरान अक्टूबर-नवंबर तक इनके नागालैंड-मणिपुर पहुँचने की उम्मीद है। अमूर फाल्कन के झुंड में एक मादा पक्षी है। इस मादा पक्षी का नाम नागालैंड के जिले 'लांगलेंग' के नाम पर 'लांगलेंग' रखा गया है। 2016 से वैज्ञानिकों द्वारा इसकी उपग्रह टैगिंग की गई थी, तभी से वैज्ञानिक इस पर नजर जमाये हुये हैं। यह पाँचवां मौका होगा जब 'लांगलेंग' भारत आएगी।

खगोलविदों ने

एनजीसी 2899 की तस्वीर ली

खगोलविदों ने उत्तरी चिली में यूरोपियन सदर्न

ऑब्जर्वेटरी के वेरी लार्ज टेलीस्कोप से एनजीसी 2899 की तस्वीरें ली है। यह बटरफ्लाई जैसी लग रही है। खगोलविदों के मुताबिक, तितली जैसी आकृति वाली एनजीसी 2899 गैस का बुलबुला है, जो वेला के दक्षिणी तारामंडल में 3,000 से 6,500 प्रकाश वर्ष की दूरी पर है। एनजीसी 2899 में मौजूद गैस की पट्टियों का तापमान 10,000 डिग्री सेल्सियस से भी ज्यादा हो सकता है।

डॉक्टर दबे ए. चौकसी

न्यूयॉर्क के स्वास्थ्य आयुक्त बने

भारतीय मूल के डॉक्टर दवे ए. चौकसी को अमेरिका के

न्यूयॉर्क शहर का नया स्वास्थ्य आयुक्त नियुक्त किया गया है। शहर के मेयर बिल डी ब्लासियो ने डॉक्टर दवे की नियुक्ति का ऐलान करते हुये कहा कि वे कोरोना महामारी की चुनौतियों से निपटने में अहम भूमिका निभा रहे हैं। 39 वर्षीय डॉक्टर दवे को न्यूयॉर्क शहर के डिपार्टमेंट ऑफ हेल्थ एंड मेंटल हाइजिन का आयुक्त बनाया गया है।

मुंबई में

ट्रैफिक सिग्नल पर लगाई गई महिला आकृति

वृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) ने समानता को बढ़ावा देने के लिये मुंबई के दादर में एक ट्रैफिक सिग्नल पर महिला की आकृति

लगाई है। मुंबई में 13 अलग-अलग जंक्शनों पर लगे सिग्नलों में पुरुष की जगह महिला आकृति दिखाई देगी। इसपर महाराष्ट्र के कैबिनेट मंत्री आदित्य ठाकरे ने ट्वीट किया है कि दादर से गुजरेंगे तो यह चिन्ह आपको दिखाई देंगे।

ऐश्वर्या श्योराण

मिस इंडिया फाइनलिस्ट ने पास की सिविल सेवा परीक्षा

यूपीएससी के हाल ही में जारी सिविल सेवा के परिणाम

में 2016 की मिस इंडिया फाइनलिस्ट रहीं ऐश्वर्या श्योराण ने 93वीं रैंक हासिल कर सिविल सर्विस एग्जाम में सफलता हासिल की है। ऐश्वर्या के पिता कर्नल अजय कुमार, एनसीसी तेलंगाना बटालियन, करीमनगर के कमांडिंग ऑफिसर हैं।

राजीव गुप्ता

ऑनलाइन क्लास चलाने पर ब्रिटेन में सम्मानित

भारतीय मूल के डांसर राजीव गुप्ता ने भांगड़ा-व्यायाम

की ऑनलाइन कक्षाओं को चलाकर लोगों को घर बैठे मानसिक रूप से उबारने में मदद की इसके लिये ब्रिटेन सरकार ने उन्हें पॉइंट्स ऑफ लाइट सम्मान प्रदान किया है। उन्होंने कोरोना संक्रमण के दौरान हुये लॉकडाउन में ऑनलाइन कक्षाएं चलायी थीं।

मनोज सिन्हा

जम्मू-कश्मीर के नये उप-राज्यपाल बने

जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद-370 की समाप्ति का एक

साल पूरा होते ही उप-राज्यपाल गिरीश चंद्र मुर्मू के इस्तीफे के बाद 61 वर्षीय पूर्व केन्द्रीय रेल राज्य मंत्री मनोज सिन्हा को केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर का उप-राज्यपाल नियुक्त किया गया है।

स्मृति शेष

बॉलीवुड अभिनेत्री कुमकुम का निधन

अभिनेत्री कुमकुम का 86 वर्ष की उम्र में पिछले

सप्ताह निधन हो गया। उन्होंने आर-पार, सीआईडी, कोहिनूर, मदर इंडिया, नया दौर, श्रीमान फंटूश जैसी हिट फिल्मों में काम किया। उन पर फिल्माए अधिकतर गीत आज भी लोकप्रिय हैं।

हैदराबाद निजाम की अंतिम संतान साहेबजादी बशीरुन्निसा का निधन

हैदराबाद रियासत के अंतिम निजाम मीर उस्मान

अली खान की आखिरी जीवित संतान साहेबजादी बशीरुन्निसा बेगम का 93 साल की उम्र में निधन हो गया। निजाम के पोते नवाब नजफ अली खान ने बताया की उनकी मौत प्राकृतिक वजहों से हुई है। पुराने हैदराबाद शहर में दरगाह हजरत याहिया पाशा में उन्हें दफनाया गया।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

दिल की आवाज और इंट्यूशन को सुनने का हमेशा प्रयास करें – स्टीव जॉब्स

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड - अनूपपुर (म.प्र.)

निविदा आमंत्रण सूचना (संक्षिप्त)

निम्नलिखित कार्य की निविदा प्रक्रिया ई-टेण्डरिंग पद्धति से पोर्टल **http://www.mptenders.gov.in** पर आमंत्रित हैं। निविदा का विवरण निम्नानुसार है :-

क्र.	निविदा क्रमांक/ दिनांक	ई-टेण्डरिंग पद्धति द्वारा सिस्टम ई-टेण्डर नम्बर	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (रु. लाख में)	अमानती राशि (रु. में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में)	निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि	ऑनलाइन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि	निविदा खुलने की तिथि	समय अवधि	ठेकेदार की श्रेणी
1.	38/20-21 दिनांक 31.07.2020	2020_PHED_100258_1	अनूपपुर जिला अंतर्गत विभिन्न ग्रामों में 150 मि.मी. व्यास के 90 मी. गहरे 20 नग साधारण नलकूप खनन कार्य।	12.30	24610/-	2000/-	17.08.2020	17.08.2020	19.08.2020	45 दिवस वर्षाऋतु सहित	केंन्द्रीय पंजीयन प्रणाली अंतर्गत लोक निर्माण विभाग (म.प्र.) में पंजीकृत ठेकेदार।
2.	39/20-21 दिनांक 31.07.2020	2020_PHED_100274_1	अनूपपुर जिला अंतर्गत विभिन्न ग्रामों में 150 मि.मी. व्यास के 90 मी. गहरे 20 नग साधारण नलकूप खनन कार्य।	12.30	24610/-	2000/-	17.08.2020	17.08.2020	19.08.2020	45 दिवस वर्षाऋतु सहित	केंन्द्रीय पंजीयन प्रणाली अंतर्गत लोक निर्माण विभाग (म.प्र.) में पंजीकृत ठेकेदार।
3.	40/20-21 दिनांक 31.07.2020	2020_PHED_100282_1	अनूपपुर जिला अंतर्गत विभिन्न ग्रामों में 150 मि.मी. व्यास के 90 मी. गहरे 20 नग साधारण नलकूप खनन कार्य।	12.30	24610/-	2000/-	17.08.2020	17.08.2020	19.08.2020	45 दिवस वर्षाऋतु सहित	केंन्द्रीय पंजीयन प्रणाली अंतर्गत लोक निर्माण विभाग (म.प्र.) में पंजीकृत ठेकेदार।
4.	41/20-21 दिनांक 31.07.2020	2020_PHED_100290_1	अनूपपुर जिला अंतर्गत विभिन्न ग्रामों में 150 मि.मी. व्यास के 90 मी. गहरे 20 नग साधारण नलकूप खनन कार्य।	12.30	24610/-	2000/-	17.08.2020	17.08.2020	19.08.2020	45 दिवस वर्षाऋतु सहित	केंन्द्रीय पंजीयन प्रणाली अंतर्गत लोक निर्माण विभाग (म.प्र.) में पंजीकृत ठेकेदार।
5.	42/20-21 दिनांक 31.07.2020	2020_PHED_100295_1	अनूपपुर जिला अंतर्गत विभिन्न ग्रामों में 150 मि.मी. व्यास के 90 मी. गहरे 20 नग साधारण नलकूप खनन कार्य।	12.30	24610/-	2000/-	17.08.2020	17.08.2020	19.08.2020	45 दिवस वर्षाऋतु सहित	केंन्द्रीय पंजीयन प्रणाली अंतर्गत लोक निर्माण विभाग (म.प्र.) में पंजीकृत ठेकेदार।
6.	43/20-21 दिनांक 31.07.2020	2020_PHED_100298_1	अनूपपुर जिला अंतर्गत विभिन्न ग्रामों में 150 मि.मी. व्यास के 90 मी. गहरे 20 नग साधारण नलकूप खनन कार्य।	12.30	24610/-	2000/-	17.08.2020	17.08.2020	19.08.2020	45 दिवस वर्षाऋतु सहित	केंन्द्रीय पंजीयन प्रणाली अंतर्गत लोक निर्माण विभाग (म.प्र.) में पंजीकृत ठेकेदार।
7.	44/20-21 दिनांक 31.07.2020	2020_PHED_100300_1	अनूपपुर जिला अंतर्गत विभिन्न ग्रामों में 150 मि.मी. व्यास के 90 मी. गहरे 20 नग साधारण नलकूप खनन कार्य।	12.30	24610/-	2000/-	17.08.2020	17.08.2020	19.08.2020	45 दिवस वर्षाऋतु सहित	केंन्द्रीय पंजीयन प्रणाली अंतर्गत लोक निर्माण विभाग (म.प्र.) में पंजीकृत ठेकेदार।
8.	45/20-21 दिनांक 31.07.2020	2020_PHED_100301_1	अनूपपुर जिला अंतर्गत विभिन्न ग्रामों में 200 मि.मी. व्यास के 120 मी. गहरे 20 नग साधारण नलकूप खनन कार्य।	17.37	34740/-	2000/-	17.08.2020	17.08.2020	19.08.2020	45 दिवस वर्षाऋतु सहित	केंन्द्रीय पंजीयन प्रणाली अंतर्गत लोक निर्माण विभाग (म.प्र.) में पंजीकृत ठेकेदार।
9.	46/20-21 दिनांक 31.07.2020	2020_PHED_100302_1	अनूपपुर जिला अंतर्गत विभिन्न ग्रामों में 200 मि.मी. व्यास के 120 मी. गहरे 20 नग साधारण नलकूप खनन कार्य।	17.37	34740/-	2000/-	17.08.2020	17.08.2020	19.08.2020	45 दिवस वर्षाऋतु सहित	केंन्द्रीय पंजीयन प्रणाली अंतर्गत लोक निर्माण विभाग (म.प्र.) में पंजीकृत ठेकेदार।
10.	47/20-21 दिनांक 31.07.2020	2020_PHED_100304_1	अनूपपुर जिला अंतर्गत विभिन्न ग्रामों में 200 मि.मी. व्यास के 120 मी. गहरे 20 नग साधारण नलकूप खनन कार्य।	17.37	34740/-	2000/-	17.08.2020	17.08.2020	19.08.2020	45 दिवस वर्षाऋतु सहित	केंन्द्रीय पंजीयन प्रणाली अंतर्गत लोक निर्माण विभाग (म.प्र.) में पंजीकृत ठेकेदार।
11.	48/20-21 दिनांक 31.07.2020	2020_PHED_100305_1	अनूपपुर जिला अंतर्गत विभिन्न ग्रामों में 200 मि.मी. व्यास के 120 मी. गहरे 20 नग साधारण नलकूप खनन कार्य।	17.37	34740/-	2000/-	17.08.2020	17.08.2020	19.08.2020	45 दिवस वर्षाऋतु सहित	केंन्द्रीय पंजीयन प्रणाली अंतर्गत लोक निर्माण विभाग (म.प्र.) में पंजीकृत ठेकेदार।
12.	49/20-21 दिनांक 31.07.2020	2020_PHED_100306_1	अनूपपुर जिला अंतर्गत विभिन्न ग्रामों में 200 मि.मी. व्यास के 120 मी. गहरे 20 नग साधारण नलकूप खनन कार्य।	17.37	34740/-	2000/-	17.08.2020	17.08.2020	19.08.2020	45 दिवस वर्षाऋतु सहित	केंन्द्रीय पंजीयन प्रणाली अंतर्गत लोक निर्माण विभाग (म.प्र.) में पंजीकृत ठेकेदार।
13.	50/20-21 दिनांक 31.07.2020	2020_PHED_100307_1	अनूपपुर जिला अंतर्गत विभिन्न ग्रामों में 200 मि.मी. व्यास के 120 मी. गहरे 20 नग साधारण नलकूप खनन कार्य।	17.37	34740/-	2000/-	17.08.2020	17.08.2020	19.08.2020	45 दिवस वर्षाऋतु सहित	केंन्द्रीय पंजीयन प्रणाली अंतर्गत लोक निर्माण विभाग (म.प्र.) में पंजीकृत ठेकेदार।

निविदा प्रपत्र निर्धारित शुल्क कैश कार्ड, ए.टी.एम. कम डेबिट कार्ड अथवा इंटरनेट बैंकिंग एकाउण्ट के माध्यम से उपरोक्त वेबसाइट पर भुगतान कर केवल ऑनलाइन माध्यम से ही क्रय किये जा सकते हैं।
विस्तृत निविदा एवं अन्य जानकारी उपरोक्त उल्लेखित वेबसाइट पर प्रदर्शित हैं। निविदा में किसी भी प्रकार के संशोधन होने पर संशोधन समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं किया जावेगा। समस्त संशोधन केवल उपरोक्त उल्लेखित वेबसाइट पर ही उपलब्ध होंगे।

कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड अनूपपुर (म.प्र.)

जी-12893/44196/2020

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग (भ/स), संभाग छतरपुर (म.प्र.)

निविदा सूचना क्रमांक 10/2020-21 छतरपुर, दिनांक 05.08.2020

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट **www.mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

स. क्र.	टेण्डर आई.डी. क्रमांक	कार्य का प्रकार	कार्य का नाम	आमंत्रण क्र.	कार्य की अनु. राशि (रु. लाख में)	भौतिक रूप से दस्तावेज प्रस्तुत करने का कार्यालय (मूल एफ.डी.आर. एवं अन्य दस्तावेज)
1.	2020_PWDRB_100612	मरम्मत कार्य	लोक निर्माण विभाग उपसंभाग छतरपुर के अंतर्गत विभिन्न मार्गों पर बी.टी. पेच मरम्मत का कार्य।	प्रथम	20.00	कार्यपालन यंत्री, लो.नि.वि. संभाग छतरपुर (म.प्र.)
2.	2020_PWDRB_100613	मरम्मत कार्य	लोक निर्माण विभाग उपसंभाग नौगांव के अंतर्गत विभिन्न मार्गों पर बी.टी. पेच मरम्मत का कार्य।	प्रथम	20.00	कार्यपालन यंत्री, लो.नि.वि. संभाग छतरपुर (म.प्र.)
3.	2020_PWDRB_100615	मरम्मत कार्य	लोक निर्माण विभाग उपसंभाग बिजावर के अंतर्गत विभिन्न मार्गों पर बी.टी. पेच मरम्मत का कार्य।	प्रथम	20.00	कार्यपालन यंत्री, लो.नि.वि. संभाग छतरपुर (म.प्र.)
4.	2020_PWDRB_100616	मरम्मत कार्य	लोक निर्माण विभाग उपसंभाग लवकुशनगर के अंतर्गत विभिन्न मार्गों पर बी.टी. पेच मरम्मत का कार्य।	प्रथम	20.00	कार्यपालन यंत्री, लो.नि.वि. संभाग छतरपुर (म.प्र.)
5.	2020_PWDRB_100617	मरम्मत कार्य	लोक निर्माण विभाग उपसंभाग छतरपुर के अंतर्गत शासकीय आवासीय भवनों में वार्षिक संधारण कार्य, रंगाई, पुताई सहित।	प्रथम	20.00	कार्यपालन यंत्री, लो.नि.वि. संभाग छतरपुर (म.प्र.)
6.	2020_PWDRB_100618	मरम्मत कार्य	लोक निर्माण विभाग उपसंभाग छतरपुर के अंतर्गत शासकीय आवासीय भवनों में वार्षिक संधारण कार्य, रंगाई, पुताई सहित।	प्रथम	20.00	कार्यपालन यंत्री, लो.नि.वि. संभाग छतरपुर (म.प्र.)
7.	2020_PWDRB_100619	मरम्मत कार्य	लोक निर्माण विभाग उपसंभाग छतरपुर के अंतर्गत अशासकीय आवासीय भवनों में वार्षिक संधारण कार्य, रंगाई, पुताई सहित।	प्रथम	20.00	कार्यपालन यंत्री, लो.नि.वि. संभाग छतरपुर (म.प्र.)
				योग	140.00	

उपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र ऑनलाइन क्रय करने की **अंतिम तिथि 20.08.2020**, एवं **ऑनलाइन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 20.08.2020 (17.30) बजे** निर्धारित है। फिजीकल रूप से स्पीड पोस्ट के माध्यम से दस्तावेज जमा करने की **अन्तिम तिथि 25.08.2020 (17.30)** है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार-पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

कार्यपालन यंत्री, लो.नि.वि. (भ/स)
संभाग छतरपुर (म.प्र.)

जी-12946/44210/2020

बुरे वक्त को धैर्य और समझदारी से ही जीत सकते हैं – ग्रेटागार्बा

कार्यालय प्रमुख अभियंता, जल संसाधन विभाग, भोपाल

ईमेल - ceproc.encwrd.bpl@nic.in, फोन - 0755-2767635, फैक्स - 0755-2552406

निविदा सूचना क्रमांक - 742/2020-21/प्रमुख अभियंता/ई-टेंडरिंग/ भोपाल, दिनांक 06.08.2020

निम्न कार्यों हेतु निविदा वेबसाइट **https://www.mptenders.gov.in** पर आमंत्रित की गई है। निविदा प्रपत्र **दिनांक 08.09.2020 को 17.30 बजे** तक क्रय/डाउनलोड तथा प्रस्तुत किए जा सकते हैं। निविदा में संशोधन की स्थिति में वेबसाइट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

स.क्र.	निविदा क्र.	कार्य	जिला	लागत (लाख)
1.	2020_WRD _100818	दमोह जिले में निर्माणाधीन सीतानगर सिंचाई परियोजना के डूब क्षेत्र से प्रभावित 33 के.व्ही. एवं 11 के.व्ही. विद्युत लाईन के प्रतिस्थापन का कार्य समस्त सामग्री एवं मजदूरी सहित कार्यस्थल पर 'जी' शेड्यूल व ड्राईंग के अनुसार इंचार्ज यंत्री के निर्देशानुसार।	सागर	24.53
2.	2020_WRD _100821	गायत्री कॉलोनी एवं जल संसाधन कॉलोनी की विटुमन रोड का विशेष मरम्मत कार्य।	गुना	24.91
3.	2020_WRD _100822	**टर्न की पद्धति पर :-** टिल्लर बांध की बायीं मुख्य नहर की आर.डी. 3000 मी. पर आर.सी.सी एक्वाडक्ट का निर्माण कार्य, विस्तृत स्कोप ऑफ वर्क के अनुसार परन्तु उस तक सीमित नहीं।	शाजापुर	150.96
4.	2020_WRD _100823	आर.आर. अंतर्गत कुण्डलिया वृहद परियोजना के अंतर्गत मिट्टी बांध, सैंडल बांध एवं अन्य सम्पर्क मार्गों पर 11.50 कि.मी. डामरीकृत सड़क मार्ग एवं पुलिया का निर्माण कार्य।	राजगढ़	407.41

जी-12935/44209/2020 मुख्य अभियंता (प्रोक्योरमेंट)

MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY

(AN AGENCY OF PANCHAYAT & RURAL DEVELOPMENT DEPARTMENT, GOVT. OF M.P.)
5th Floor, Block-II, Paryavas Bhawan, BHOPAL M.P.–11

NOTICE INVITING TENDER No. 903 (PMGSY-III, Batch-I Year 2020-21)

No. 11013/22/D-12/MPRRDA/2020 **Bhopal, Dated : 31.07.2020**

Online Tenders for Construction of Rural Roads/CDs with 5 years maintenance are invited on the E-Procurement System portal **https://www.pmgsytenders.gov.in** as detailed below :

S. No.	Name of District	No. of Packages	Total PAC (In Rs.)
1	Jabalpur	12	750753000.00

1. **Availability of Bid Documents and mode of submission :** The bid document is available online and should be submitted online in **www.pmgsytenders.gov.in**. The bidder would be required to register in the web-site which is free of cost. For submission of the bids, the bidder is required to have a valid Digital Signature Certificate (DSC) from one of the authorized Certifying Authorities. The bidders are required to submit (a) original Demand Draft towards the cost of bid document and (b) original bid security in approved form and (c) original affidavit regarding correctness of information furnished with bid document as per provisions of Clause 4.4 B (a) (ii) of ITB with GM PIU concerned or MPRRDA Head Office, Paryavas Bhawan, BHOPAL, either by registered post or by hand, failing which the bid shall be declared non-responsive.
2. Bid document may be purchase online from **07.08.2020 (17:30 hrs.)** and last date for online bid submission is **31.08.2020 (17:00 hrs.).**
3. Other Critical dates and details can be viewed in the detailed N.I.T. and tender document (June-2020) on the above-mentioned portal and concerned PIU.

CHIEF GENERAL MANAGER
M.P. Madhyam/98077/44205/2020 **(T & e-G)**

महर्षि पाणिनि संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय, उज्जैन

(मध्यप्रदेश शासन द्वारा अधिनियम 2006 (क्रमांक 15 सन् 2008) द्वारा स्थापित)
वेबसाइट - www.mpsvvujjain.org, फोन नं. - 0734-2922039

प्रवेश अधिसूचना 2020-21

प्रवेश की अंतिम तिथि 22.09.2020

विश्वविद्यालय अध्यापन विभागों में संचालित निम्नलिखित पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु आवेदन पत्र आमन्त्रित किये जाते हैं।

शास्त्री - त्रिवर्षीय स्नातक (UG) पाठ्यक्रम
विषय - शुक्लयजुर्वेद/नव्यव्याकरण/साहित्य/फलितज्योतिष/न्यायदर्शन
आचार्य - द्विवर्षीय स्नातकोत्तर (PG) पाठ्यक्रम
विषय - शुक्लयजुर्वेद/नव्यव्याकरण/साहित्य/फलितज्योतिष
B.A. ऑनर्स - त्रिवर्षीय स्नातक (UG) पाठ्यक्रम
विषय - संस्कृत
M.A. - द्विवर्षीय स्नातकोत्तर (PG) पाठ्यक्रम
विषय - संस्कृत/ज्योतिर्विज्ञान/योग/वास्तु
B.A.B.Ed. - चार वर्षीय स्नातक (UG) पाठ्यक्रम
विषय - शिक्षाशास्त्र
एक वर्षीय (PG) डिप्लोमा पाठ्यक्रम
विषय - योग
एक वर्षीय (UG) डिप्लोमा पाठ्यक्रम
विषय - योग/ज्योतिष/वास्तु/कर्मकाण्ड/संस्कृत सम्भाषण/वैदिक गणित/मन्दिर प्रबन्धन/मालवा निमाड़ क्षेत्र का ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक अध्ययन
मासिक सर्टिफिकेट पाठ्यक्रम
विषय - संस्कृतवाग्व्यवहार/हस्तरेखाविज्ञान/प्रश्नशास्त्र/शकुनविज्ञान/रत्नज्योतिष/विवाहविमर्श/मुहूर्तविज्ञान/रुद्राभिषेकविधान/दुर्गासप्तशतीपाठविधि/महामृत्युंजयजप-विधान/गृहप्रवेशवास्तुशान्ति/अवन्तीजनपद का सांस्कृतिक अध्ययन/श्रीमद्भगवद्गीतापाठविधान

प्रवेश से सम्बन्धित विस्तृत जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाइट **WWW.MPSVVUJJAIN.ORG** पर देखें।

सम्पर्क करें :- 9737793210, 9425464550, 9479479986, 9827638079, 8827087772, 9893926689

म.प्र. माध्यम/98122/44208/2020 कुलसचिव

DEVI AHILYA VISHWAVIDYALAYA, INDORE

(A State Govt. University of M.P., Established in 1964)
NAAC ACCREDITED 'A+' GRADE

ADMISSION NOTICE-2020

M.E./M.Tech./M. Pharm. (Full-Time)/M.E. (Part-Time)/M.Tech. (Executive) Programmes

Online applications are invited from GATE/GPAT/Non-GATE/Non-GPAT candidates/Sponsored working candidates for admission in M.E./M.Tech./M. Pharm. (Full-Time) programmes and from working executives for admission in M.E. (Part-Time)/M.Tech. (Executive) Programmes as detailed below:

Group A : M.E. (Full-Time)/Group B : M.E. (Part-Time) Programmes

Institute of Engineering & Technology : 1. Computer Engineering with spl. in Software Engg. 2. Electronics with spl. in Digital Instrumentation 3. Electronics with spl. in Digital Communication 4. Industrial Engg. & Management 5. Mechanical Engg. with spl. in Design & Thermal Engg. 6. Information Technology with spl. in Information Security.

Group C : M.Tech. (Full-Time) Programmes

School of Computer Science & IT : 1. Computer Science 2. Network Management & Information Security 3. Information Architecture & Software Engineering. **School of Data Science & Forecasting : 1.** Data Science 2. Big Data Analytics. **School of Electronics :** 1. Embedded Systems 2. Geo-informatics 3. Mobile Computing Technology. **School of Energy and Environmental Studies** : 1. Energy Management 2. Energy and Environment. **School of Instrumentation :** 1. Instrumentation 2. Internet of Things (IoT). **School of Physics :** Laser Science & Applications.

Group D : M.Tech. (Executive) Programmes

School of Computer Science & IT : Computer Science. **School of Data Science & Forecasting :** Data Science. **School of Electronics :** Embedded Systems. **School of Energy and Environmental Studies :** Energy Management. **School of Instrumentation :** Instrumentation.

Group E: M.Pharm. (Full-Time) Programme

School of Pharmacy : Pharmaceutical Chemistry.

The details of admission procedure, seats, eligibility, fee, etc. are available on **http://www.dauniv.ac.in/memtechmpharm.** The application should be submitted through **https://davv.mponline.gov.in.** The last date for submission of the application form is **August 31, 2020.** Non refundable application fee for each group of programmes is Rs. 1000/- (Rs. 600/- for SC/ST of M.P. domicile) only.

M.P. Madhyam/98084/44206/2020 **REGISTRAR**

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिये महत्वपूर्ण प्रश्न

सामान्य ज्ञान-खेल

1. इनमें से किस देश के नाम सबसे ज्यादा बार सुल्तान अजलान शाह कप हॉकी टूर्नामेंट जीतने का रिकॉर्ड है?
(अ) भारत (ब) पाकिस्तान
(स) ऑस्ट्रेलिया (द) जर्मनी

2. हाल ही में इनमें से किस गेंदबाज ने टेस्ट क्रिकेट में 500 विकेट पूरे किए हैं?
(अ) स्टुअर्ट ब्रॉड
(ब) मिशेल स्टार्क
(स) डेल स्टेन
(द) इशांत शर्मा

3. वर्ष 2022 में महिला एएफसी एशियन कप टूर्नामेंट कहां आयोजित होगा?
(अ) ईरान (ब) भारत
(स) कतर (द) इनमें से कोई नहीं

4. बहरीन की महिला खिलाड़ी सल्वा ईद नासेर किस खेल से संबंधित हैं?
(अ) मुक्केबाजी (ब) फुटबॉल
(स) कबड्डी (द) एथेलेटिक्स

5. इनमें से कौन एमसीसी की पहली महिला अध्यक्ष बनेंगी?
(अ) जी.एस. लक्ष्मी
(ब) क्लेयर पोलोसाक
(स) क्लेयर कोनोर
(द) सूए रेडफेर

6. हाल ही में दिवंगत राजिंदर गोयल किस खेल के खिलाड़ी रहे हैं?
(अ) क्रिकेट (ब) टेनिस
(स) कुश्ती (द) निशानेबाजी

7. बैडमिंटन स्टार लिन डेन ने ओलिंपिक खेलों में कितने स्वर्ण पदक जीते हैं?
(अ) एक (ब) दो
(स) चार (द) पांच

8. इस वर्ष रग्बी सेवंस वर्ल्ड सीरीज का खिताब किस देश ने जीता है?
(अ) न्यूजीलैंड (ब) इंग्लैंड
(स) ऑस्ट्रेलिया (द) कनाडा

9. इनमें से किस भारतीय गेंदबाज ने इंग्लैंड के लॉर्ड्स मैदान पर शतक लगाया है?
(अ) इरफान पठान
(ब) हरभजन सिंह
(स) मुरली कार्तिक
(द) अजीत अगरकर

10. वन-डे क्रिकेट में एक पारी में सबसे ज्यादा (5) कैच पकड़ने का रिकॉर्ड किस खिलाड़ी के नाम है?
(अ) रिकी पोंटिंग
(ब) मोहम्मद कैफ
(स) जोंटी रोड्स
(द) ए बी डिविलियर्स

11. इस वर्ष पीएसडी नॉर्ड ओपन टेनिस टूर्नामेंट किस भारतीय खिलाड़ी ने जीता है?
(अ) सुमित नागल
(ब) रामकुमार रामनाथन
(स) युकी भांबरी
(द) रोहन बोपन्ना

12. हाल ही में रॉकेट मार्टगेज क्लासिक गोल्फ टूर्नामेंट किस खिलाड़ी ने जीता है?
(अ) फिल मिकेलसन
(ब) जैक निकोलस
(स) ब्रायसन डीचैंब्यू
(द) जस्टिन थॉमस

13. इनमें से किस खिलाड़ी को इस वर्ष दक्षिण अफ्रीका का क्रिकेटर ऑफ द ईयर चुना गया है?
(अ) केशव महाराज
(ब) क्विंटन डिकॉक
(स) हेनरिक क्लासेन
(द) कैगिसो रबाडा

14. इनमें से किस मैराथन धावक पर हाल ही में चार साल का प्रतिबंध लगा है?
(अ) स्टेफन किप्रोटिक
(ब) डेनिस किपरूतो
(स) इलियुड किपचोगे
(द) विल्सन किपसांग

15. इस वर्ष इंग्लिश प्रीमियर लीग का खिताब किस फुटबॉल क्लब ने जीता है?
(अ) मैनचेस्टर यूनाइटेड
(ब) लिवरपूल
(स) चेल्सी
(द) आर्सेनल

16. अब तक कितने भारतीय बल्लेबाजों ने पदार्पण टेस्ट पदार्पण मैच में शतक बनाने का कारनामा किया है?
(अ) 10 (ब) 12
(स) 15 (द) 19

17. सिनसिनाटी मास्टर्स टूर्नामेंट किस खेल की एक प्रतिष्ठित प्रतियोगिता है?
(अ) बैडमिंटन (ब) गोल्फ
(स) स्क्वैश (द) टेनिस

18. वर्ष 2023 में एफआईएच पुरुष हॉकी विश्वकप किस देश में आयोजित किया जाएगा?
(अ) भारत
(ब) अर्जेंटीना
(स) बेल्जियम
(द) दक्षिण कोरिया

19. अनिल कुंबले ने टेस्ट क्रिकेट में एक पारी में सभी 10 विकेट लेने का कारनामा किस देश के खिलाफ किया था?
(अ) श्रीलंका (ब) इंग्लैंड
(स) पाकिस्तान (द) बांग्लादेश

20. वर्ष 2018 में उबेर कप बैडमिंटन टूर्नामेंट का खिताब किस देश ने जीता है?
(अ) जापान (ब) चीन
(स) स्पेन (द) मलेशिया

21. वर्ष 2014 के फीफा वर्ल्ड कप में सबसे ज्यादा गोल किस फुटबॉलर ने किए थे?
(अ) थॉमस मुलर
(ब) जेम्स रोड्रिगेज
(स) लियोनेल मेसी
(द) अर्जेन रोथेन

22. इनमें से कौन सा खेल वॉलीवॉल और फुटबॉल का मिश्रित रूप है?
(अ) डेकाथलॉन (ब) पेंटाथलॉन
(स) सेपकतकरा (द) वूशू

23. एशियाई खेलों में भारत के लिए स्वर्ण पदक जीतने वाले सबसे उम्रदराज खिलाडी हैं?
(अ) लिएंडर पेस
(ब) शिवनाथ सरकार
(स) प्रणव वर्धन
(द) इनमें से कोई नहीं

24. इनमें से कौन सा खिलाड़ी शतरंज से संबंधित नहीं है?
(अ) गैरी कास्पोव
(ब) व्लादिमीर क्रेमनिक
(स) बॉबी फिशर
(द) पैट्रिक रीड

25. दिग्गज क्रिकेटर जॉर्ज हेडली किस देश के लिए क्रिकेट खेलते थे?
(अ) न्यूजीलैंड
(ब) वेस्टइंडीज
(स) ऑस्ट्रेलिया
(द) दक्षिण अफ्रीका

उत्तर

1. स, 2. अ, 3.ब, 4. द, 5. स, 6. अ, 7. ब, 8. अ, 9. द, 10. स, 11. अ, 12. स, 13. ब, 14. द, 15. ब, 16. स, 17. द, 18. अ, 19. स, 20. अ, 21. ब, 22. स, 23. स, 24. द, 25. ब।

- पुष्पेंद्र कुमार सविता
(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी वाले विषयों पर लेखन करते हैं।)

यूजीसी नेट/ जेआरएफ के लिए महत्वपूर्ण प्रश्नोत्तर

हिन्दी

1. 'हिन्दी प्रदीप' के सम्पादक थे?
A. भारतेन्दु
B. बालकृष्ण भट्ट
C. प्रेमधन
D. राधा कृष्ण दास

2. निम्नलिखित में से कौन-सा लेखक भारतेन्दु मण्डल का नहीं है?
A. प्रताप नारायण मिश्र
B. बालकृष्ण भट्ट
C. प्रेमधन
D. श्रीधर पाठक

3. निम्नलिखित पत्रिकाओं का सही क्रम है?
A. हंस, आलोचना, रविवार, सरस्वती
B. आलोचना, सरस्वती, रविवार, हंस
C. रविवार, हंस, सरस्वती, आलोचना
D. सरस्वती, हंस, आलोचना, रविवार

4. निवन्ध कृति आलोक पर्व के रचनाकार का नाम है?
A. विद्यानिवास मिश्र
B. हजारी प्रसाद द्विवेदी
C. प्रभाकर माचवे
D. कुबेर नाथ राय

5. निर्मल वर्मा का यात्रा संस्मरण 'चीड़ों पर चांदनी' आधारित है?
A. शिमला प्रवास
B. मेघालय प्रवास
C. यूरोप प्रवास
D. एशिया प्रवास

6. 'अशोक के फूल' निवंध के रचयिता हैं?
A. हजारी प्रसाद द्विवेदी
B. गिरिजा कुमार माथुर
C. रामचन्द्र शुक्ल
D. कुबेरनाथ राम

7. निम्नलिखित में से कौन-सी कृति आत्मकथा है?
A. कलम का सिपाही
B. चीडों पर चांदनी
C. अर्द्धकथानक
D. बाणभट्ट की आत्मकथा

8. 'अरे यायावर रहेगा याद' के लेखक हैं?
A. राहुल सांस्कृत्यायन
B. मोहन राकेश
C. निर्मल वर्मा
D. सच्चिदानंद हीरानंद वात्सायन अज्ञेय

9. 'आवारा मसीहा' किस विधा की रचना है?
A. उपन्यास B. कहानी
C. जीवनी D. आत्मचरित

10. इनमें से कौन-सा लेखक जीवनी लेखक नहीं है?
A. डॉ. राम विलास शर्मा
B. अमृत राय
C. सच्चिदानंद हीरानंद वात्सायन अज्ञेय
D. विष्णु प्रभाकर

11. असत्य कथन का चयन करें?
A. भरतमुनि का रसविषयक चिन्तन वस्तुगत है।
B. भरतमुनि रस को आस्वाद मानते हैं।
C. भरतमुनि के अनुसार स्थायी भाव ही विभावादि के संयोग से रास रूप में बदल जाता है।
D. रस का मूल भाव स्थायी भाव है।

12. आचार्य मम्मट के अनुसार काव्य का उद्देश्य क्या होता है?
A. काव्य यश प्रदान करता है।
B. काव्य अर्थ प्रदान करने का साधन होता है।
C. काव्य व्यवहार का ज्ञान होता है।
D. उपरोक्त सभी कथन सत्य हैं।

13. आचार्य मम्मट द्वारा रचित काव्य समीक्षा सम्बंधी ग्रंथ का क्या नाम है?
A. काव्य प्रकाश
B. साहित्य दर्पण
C. काव्य मीमांसा
D. काव्य के रूप

14. भरत मुनि के अनुसार निम्नलिखित में से कौन-सा सिद्धांत काव्य के सम्बंध में ठीक है?
A. रस ही काव्य की आत्मा है
B. अलंकार काव्य के लिए आवश्यक है
C. लोकोत्तर आनंद के लिए
D. मनोरंजन के लिए

15. आचार्य विश्वनाथ ने काव्य की क्या परिभाषा दी है?
A. मनोहर अर्थ का प्रतिपादन करने वाला शब्द काव्य है।
B. रसात्मक काव्य वाक्य है।
C. दोष रहित रचना काव्य कहलाती है।
D. अलंकारों से युक्त रचना काव्य कहलाती है।

16. ध्वन्यालोक लोचन के प्रणेता कौन हैं?
A. भरत मुनि
B. आनन्दवर्द्धन
C. अभिनव गुप्त
D. आचार्य विश्वनाथ

17. रस की संख्या 8 किसने मानी है?
A. मम्मट B. विश्वनाथ
C. भरत D. अभिनव गुप्त

18. रस सूत्र की अभिव्यक्ति वादी व्याख्या किसने दी है?
A. क्षेमेन्द्र B. भट्टनायक
C. शंकुक D. अभिनव गुप्त

19. विभाव में प्रधान है?
A. वस्तु B. भाव
C. विचार D. कल्पना

20. संत काव्य का प्रधान रस है?
A. शान्त B. करुण
C. श्रृंगार D. वात्सल्य

21. साधारणीकरण सिद्धांत का अविष्कार कर्ता किसे माना जाता है?
A. भट्टलोलक
B. भट्टनायक
C. डॉ. नागेन्द्र
D. आचार्य विश्वनाथ

22. 'रस मीमांसा' किसकी कृति है?
A. आचार्य विश्वनाथ
B. आचार्य मम्मट
C. आचार्य केशवदास
D. आचार्य रामचन्द्र शुक्ल

23. किस अलंकार में वाक्यार्थ गौण और व्यंग्यार्थ प्रधान होता है?
A. अन्योक्ति B. समासोक्ति
C. विशेषोक्ति D. अतिश्योक्ति

24. " राम को रूप निहारति जानकी कंकन के नग की परिछांहि याते सबै सुधि भूलि गई कर टेक रही पल टारत नाहिं।" उपरोक्त पंक्ति में कौन-सा रस है?
A. हास्य B. करुण
C. शान्त D. श्रृंगार

25. हृदय की मुक्तावस्था को रस की दशा किसने माना है?
A. डॉ. नागेन्द्र
B. आचार्य रामचन्द्र शुक्ल
C. आचार्य मम्मट
D. आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी

26. 'मिथक' का सम्बंध होता है?
A. अति मानवीय पौराणिक पात्रों से
B. कल्पना से
C. प्रतीक से
D. बिम्ब से

27. इनमें से कौन-सा भाव संचारी भाव नहीं है?
A. शोक B. गर्द
C. अमर्ष D. हर्ष

28. 'अनुमितिवाद' के प्रवर्तक आचार्य कौन हैं?
A. भट्ट लोल्लट
B. भट्ट नायक
C. अभिनव गुप्त
D. आचार्य शंकुक

29. 'रीति' के लिए 'मार्ग' शब्द का प्रयोग किस आचार्य ने किया है?
A. आचार्य कुन्तक
B. आचार्य राजशेखर
C. आचार्य मम्मट
D. आचार्य वामन

30. 'रस सिद्धांत' के लेखक का नाम बताइए?
A. डॉ. नागेन्द्र
B. आचार्य रामचन्द्र शुक्ल
C. भरत मुनि
D. आचार्य शंकुक

31. अभिनव गुप्त का रस निष्पत्ति विषयक मत कहलाता है?
A. अनुमितिवाद
B. मुक्तिवाद
C. उत्पत्तिवाद
D. अभिव्यक्तिवाद

32. करुण रस का स्थायी भाव है?
A. करुण B. शोक
C. दया D. सहानुभूति

33. रस निष्पत्ति के सर्वमान्य व्याख्याकार हैं?
A. अभिनव गुप्त
B. नागेन्द्र
C. जगदीश गुप्त
D. भरत मुनि

34. अलंकारों में एक भेद स्वीकार नहीं होता है?
A. शब्दालंकार B. अर्थालंकार
C. उभयालंकार D. काव्यालंकार

35. अमूर्त भावों को मूर्तरूप प्रदान करने के लिए कवि प्रयोग करता है?
A. बिम्थों का
B. प्रतीकों का
C. कल्पनाओं का
D. अनुभूतियों का

36. विभावना अलंकार का लक्षण है?
A. एक कार्य के अनेक कारण होना
B. बिना कारण के कार्य की सिद्धि
C. कारण होने पर भी कार्य की सिद्धि न होना
D. कारण नहीं, कार्य नहीं

37. नाट्यशास्त्रकारों द्वारा अमान्य रस है?
A. वीभत्स रस B. करुणा रस
C. शांत रस D. अद्भुत रस

38. 'कवि की अनुभूति का साधारणीकरण होता है' इस मत के पोषक हैं?
A. डॉ. नागेन्द्र
B. श्याम सुन्दर दास
C. बाबू गुलाब राय
D. आचार्य रामचन्द्र शुक्ल

39. निम्न रचनाकारों का सही क्रम निर्धारित कीजिए?
A. भगवती चरण वर्मा, बच्चन, अज्ञेय, नरेन्द्र शर्मा
B. अज्ञेय, नरेन्द्र शर्मा, बच्चन, भगवती चरण शर्मा
C. बच्चन, भगवती चरण शर्मा, नरेन्द्र शर्मा, अज्ञेय
D. नरेन्द्र शर्मा, अज्ञेय, बच्चन, भगवती चरण शर्मा

40. ज्ञानपीठ पुरस्कार प्राप्त रचनाकारों का सही क्रम लिखिए?
A. कुँवर नारायण, निर्मल वर्मा, दिनकर, अज्ञेय
B. अज्ञेय, दिनकर, कुँवर नारायण निर्मल वर्मा
C. दिनकर, अज्ञेय, निर्मल वर्मा, कुँवर नारायण
D. निर्मल वर्मा, कुँवर नारायण, अज्ञेय, दिनकर

41. आदिकालीन रचनाओं का सही अनुक्रम कौन-सा है?
A. भारतेश्वर बाहु बली रास, स्थूलिभद्ररास, नेमिनाथ रास, संगीत रत्नाकर
B. नेमिनाथ रास, स्थूलिभद्ररास, भारतेश्वर, बाहु बली रास, संगीत रत्नाकर
C. स्थूलिभद्ररास, नेमिनाथ रास, संगीत रत्नाकर, भारतेश्वर बाहु बली रास
D. संगीत रत्नाकर, भारतेश्वर बाहु बली रास, नेमिनाथ रास, स्थूलिभद्ररास

42. रचना काल के अनुसार सही अनुक्रम लिखिए?
A. इन्द्र धनु रौंदे हुए थे, सीढ़ियों पर धूप, नए इलाके में, वाजश्रवा के बहाने।
B. वाजश्रवा के बहाने, नए इलाके में, सीढ़ियों पर धूप, इन्द्र धनु रौंदे हुए थे।
C. नए इलाके में, सीढ़ियों पर धूप, इन्द्र धनु रौंदे हुए थे, वाजश्रवा के बहाने।
D. सीढ़ियों पर धूप, इन्द्र धनु रौंदे हुए थे, वाजश्रवा के बहाने, नए इलाके में।

43. काल क्रमानुसार ग्रंथों का सही अनुक्रम है?
A. काव्य प्रकाश, दशरूपक, काव्यालंकार सूत्र वृत्ति, नाट्यशास्त्र
B. नाट्यशास्त्र, काव्यालंकार सूत्रवृत्ति, दशरूपक, काव्य प्रकाश
C. काव्यालंकार सूत्र वृत्ति, नाट्यशास्त्र, काव्य प्रकाश, दशरूपक
D. दशरूपक, काव्य प्रकाश, काव्यालंकार सूत्र वृत्ति, नाट्यशास्त्र

44. निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म सत्य है?
A. निषाद मठ - अमृतलाल नागर
B. विश्वबाहु परशुराम - चतुरसेन शास्त्री
C. अन्तिम अरण्य - निर्मल वर्मा
D. मच्चादास की मड़ह - मोहन राकेश

45. निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म असत्य है?
A. पुरस्कार - मोहनदास नैमिष राय
B. अन्या से अनन्या - प्रभा खेतान
C. जूठन - ओम प्रकाश वाल्मीकि
D. हादसे - रमणिका गुप्ता

46. 'अद्भुत की शिकायत' कविता का प्रकाशन वर्ष क्या है?
A. 1907
B. 1912
C. 1914
D. 1920

47. निम्न में से किस उपन्यास का संबंध प्रवासी जीवन से है?
A. वे दिन
B. लाल पसीना
C. लेकिन दरवाजा
D. निर्वासन

48. 'इतिहास और आलोचना' पुस्तक के लेखक कौन हैं?
A. डॉ. नामवार सिंह
B. नंददुलारे वाजपेयी
C. डॉ. नागेन्द्र
D. नरेश जेहता

49. "प्रेम चन्द्र शताब्दियों से पद दलित, अपमानित और उपेक्षित कृषकों की आवाज थे। "प्रेमचन्द्र के विषय में यह किसका कथन है?
A. आचार्य रामचन्द्र शुक्ल
B. आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी
C. डॉ. राम विलास शर्मा
D. डॉ. नागेन्द्र

50. " तुलसी गंग दुऔ भये सुकविन के सरदार" यह उक्ति किसकी है?
A. केशव दास
B. चिन्तामणि
C. भिखारी दास
D. रहीम

51. 'माधव हम परिनाम निशाना' किसका लिखा पद है?
A. तुलसी दास
B. विद्यापति
C. सूरदास
D. कबीर दास

उत्तरमाला

(1)	B	(2)	D	(3)	D	(4)	B
(5)	C	(6)	A	(7)	C	(8)	D
(9)	C	(10)	C	(11)	B	(12)	D
(13)	A	(14)	A	(15)	D	(16)	C
(17)	C	(18)	D	(19)	A	(20)	A
(21)	B	(22)	D	(23)	A	(24)	D
(25)	B	(26)	A	(27)	A	(28)	D
(29)	D	(30)	A	(31)	D	(32)	B
(33)	D	(34)	D	(35)	A	(36)	B
(37)	C	(38)	A	(39)	B	(40)	C
(41)	A	(42)	B	(43)	B	(44)	C
(45)	A	(46)	C	(47)	B	(48)	A
(49)	B	(50)	C	(51)	A		

- डॉ. राम मनोहर उपाध्याय
(लेखक, माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय के जनसंचार विभाग में अतिथि शिक्षक हैं।)

खेलचर्चा

लुईस हैमिल्टन ने सातवीं बार जीती ब्रिटिश ग्रांप्री

सिल्वरस्टोन, ब्रिटेन के दिग्गज फॉर्मूला-वन रेसर लुईस हैमिल्टन ने ब्रिटिश ग्रांप्री फॉर्मूला-वन रेस का खिताब अपने नाम किया है। हैमिल्टन ने सातवीं बार ब्रिटिश ग्रांप्री का खिताब जीता है। इससे पहले हैमिल्टन वर्ष 2008, 2014, 2015, 2016, 2017 और 2019 में भी यह रेस जीत चुके हैं। हैमिल्टन ने 52 लैप की यह रेस एक घंटा 28 मिनट और 01.283 सेकेंड में पूरी की। रेस की आखिरी लैप के दौरान हैमिल्टन की गाड़ी का पहिया पंचर हो गया था, इसके बावजूद हैमिल्टन ने न सिर्फ रेस पूरी की बल्कि खिताब पर भी कब्जा जमाया। रेस में दूसरे स्थान पर रेडबुल के मैक्स वर्स्टापेन रहे। रेस में चार्ल्स लेकलर्क तीसरे, डेनियल रिकियार्डो चौथे तथा लैंडो नोरिस पांचवें स्थान पर रहे।

हाउस ऑफ लॉर्ड्स के सदस्य बने इयान बॉथम

लंदन, इंग्लैंड के पूर्व कप्तान इयान बॉथम को ब्रिटिश संसद के उच्च सदन हाउस ऑफ लॉर्ड्स का सदस्य बनाया गया है। ब्रिटिश सरकार द्वारा हाउस ऑफ लॉर्ड्स के लिए चुने गए 36 नए सदस्यों में बॉथम का नाम भी शामिल है। ब्रिटिश सरकार ने बॉथम को लाइफ पीरेज अवॉर्ड देने की घोषणा की है। यह अवॉर्ड जीतने वाले बॉथम पांचवें क्रिकेटर हैं। बॉथम से पहले इंग्लैंड की महिला क्रिकेट टीम की पूर्व कप्तान रशेल हेयो फ्लिंट को वर्ष 2011 में यह अवॉर्ड मिला था। बॉथम और रशेल के अलावा डेविड शैफर्ड, कोलिन कॉवड्रे और लैरी कांस्टेनटाइन भी इस अवॉर्ड से नवाजे जा चुके हैं।

चीन में आयोजित होने वाले सभी टेनिस टूर्नामेंट हुए रद्द

न्यूयॉर्क, कोरोना महामारी के कारण इस वर्ष चीन में होने वाले सभी टेनिस टूर्नामेंट्स को रद्द किया गया है। यह फैसला पुरुष टेनिस की शीर्ष संस्था एमेच्योर टेनिस प्रोफेशनल (एटीपी) तथा महिला टेनिस की शीर्ष संस्था वूमेन टेनिस एसोसिएशन (डब्ल्यूटीए) ने मिलकर लिया है। चीन ने कुछ दिन पहले ही इस बात का ऐलान किया था कि वह इस वर्ष किसी भी अंतर्राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन नहीं करेगा। एटीपी ने कहा कि इस वर्ष शंघाई मास्टर्स, चाइना ओपन, चेंग्दू ओपन तथा झुहाई चैम्पियनशिप नहीं होगी, वहीं डब्ल्यूटीए ने चाइना ओपन, वुहान ओपन, जियांक्सी ओपन, झेनझोउ ओपन, एलीट ट्रॉफी तथा ग्वांगझोऊ ओपन को रद्द किया है।

टेस्ट रैंकिंग में तीसरे स्थान पर पहुंचे ब्रॉड

लंदन, वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट सीरीज में शानदार प्रदर्शन करने वाले इंग्लिश तेज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड ने आईसीसी द्वारा जारी टेस्ट गेंदबाजी रैंकिंग में लंबी छलांग लगाई है। ब्रॉड गेंदबाजी रैंकिंग में सात स्थान के फायदे के साथ तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं, जो कि अगस्त 2016 के बाद उनकी सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग है। ब्रॉड इससे पहले गेंदबाजी रैंकिंग में 11वें स्थान पर थे। ब्रॉड ने वेस्टइंडीज के खिलाफ सीरीज में 2 मैचों में 16 विकेट लिए थे। आईसीसी टेस्ट गेंदबाजी रैंकिंग में ऑस्ट्रेलिया के पेट कमिंस पहले तथा न्यूजीलैंड के नील वैग्नर दूसरे स्थान पर काबिज हैं।

आईपीएल-2020

बीसीसीआई ने वीवो के साथ टाइटल स्पॉन्सर करार किया खत्म

नई दिल्ली, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 13वें सीजन के लिए आईपीएल के टाइटल स्पॉन्सर वीवो के साथ करार खत्म कर दिया है।

बीसीसीआई ने कहा कि वर्ष 2020 के सत्र के लिए यह करार फिलहाल स्थगित किया गया है। हालांकि बीसीसीआई ने यह नहीं बताया कि इस सत्र में आईपीएल का टाइटल स्पॉन्सर कौन होगा।

यूएई में खेला जाएगा आईपीएल

इस वर्ष वैश्विक कोरोना महामारी के कारण आईपीएल टूर्नामेंट संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में खेला जाएगा। आईपीएल यूएई के तीन शहरों-आबुधाबी, दुबई और शारजाह में 19 सितंबर से 10 नवंबर तक आयोजित किया जाएगा। आईपीएल के इतिहास में पहली बार फाइनल मुकाबला रविवार की जगह मंगलवार को खेला जाएगा।

बीसीसीआई ने कहा है कि प्रत्येक टीम अपने स्क्वॉड में 24-24 खिलाड़ी ही यूएई ले जाएंगी। यदि कोई खिलाड़ी टूर्नामेंट के दौरान कोरोना पॉजीटिव पाया जाता है, तो उसकी जगह अतिरिक्त खिलाड़ी टीम में शामिल किया जा सकता है। हालांकि बीसीसीआई ने अतिरिक्त खिलाड़ियों की लिमिट तय नहीं की है।

बीसीसीआई ने जारी किया एसओपी

बीसीसीआई ने आईपीएल की सभी टीमों के लिए एक स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर (एसओपी) जारी किया है। एसओपी के अनुसार खिलाड़ियों को यूएई पहुंचने के बाद पहले, तीसरे और छठवें दिन कोरोना टेस्ट से गुजरना होगा। इन तीनों टेस्ट के निगेटिव आने के बाद ही खिलाड़ियों को ट्रेनिंग शुरू करने की अनुमति दी जाएगी। इन तीनों टेस्ट में नेगेटिव आने के बाद पूरी टीम और सपोर्ट स्टाफ बायो सिक्योर वातावरण में प्रवेश करेंगे, जो पूरे टूर्नामेंट के दौरान बना रहेगा। बायो सिक्योर वातावरण में पूरे टूर्नामेंट के दौरान प्रत्येक पांचवें दिन खिलाड़ियों का कोरोना टेस्ट किया जाएगा।

परिजनों को भी करना होगा एसओपी का पालन

बीसीसीआई ने कहा है कि टीमों के मालिक और खिलाड़ियों के परिजनों को एसओपी का पालन करना होगा।

टीम मालिक और खिलाड़ी के परिजन बायो सिक्योर वातावरण का हिस्सा बने बिना खिलाड़ियों से बात नहीं कर सकते। बीसीसीआई का मानना है कि इससे खिलाड़ियों को कोरोना से बचाने में मदद मिलेगी।

सुमित को यूएस ओपन में मिला सीधा प्रवेश

न्यूयॉर्क, भारत के युवा टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल को अमेरिका के प्रतिष्ठित ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट यूएस ओपन के मुख्य ड्रॉ में सीधा प्रवेश मिला है। यूएस ओपन के लिए विश्व के शीर्ष 128 पुरुष खिलाड़ियों को मुख्य ड्रॉ में सीधा प्रवेश दिया गया है। वर्तमान में सुमित एटीपी रैंकिंग में 127वें स्थान पर हैं, जिसके कारण उन्हें सीधा प्रवेश मिला। हालांकि भारत के प्रजनेश गुणेश्वरन मुख्य ड्रॉ में जगह बनाने से चूक गए। सुमित ने वर्ष 2019 में यूएस ओपन में रोजर फेडरर के खिलाफ मैच खेला था, इस मैच के एक सेट में सुमित ने फेडरर को हराकर सबका ध्यान अपनी तरफ खींचा था। उल्लेखनीय है कि इस वर्ष कोरोना महामारी के कारण रोजर फेडरर, राफेल नडाल, स्टेन वावरिंका, निक किर्गियोस और फेनियो फोगनिनी जैसे दिग्गज खिलाड़ियों ने यूएस ओपन से अपना नाम वापस लिया है।

एंडी मरे को सिनसिनाटी ओपन में मिली वाइल्ड कार्ड एंट्री

न्यूयॉर्क, ब्रिटेन के अनुभवी टेनिस खिलाड़ी एंडी मरे को इस महीने आयोजित होने वाले सिनसिनाटी ओपन टेनिस टूर्नामेंट में वाइल्ड कार्ड एंट्री मिली है। एटीपी की वेबसाइट के अनुसार एंडी मरे के साथ टॉमी पॉल, टेनी सैंडग्रेन, फ्रांसेस टिफोए को भी सिनसिनाटी ओपन में प्रवेश मिला है। मरे ने वर्ष 2008 और 2011 में सिनसिनाटी ओपन का खिताब जीता है। इस टूर्नामेंट को यूएस ओपन का वार्म-अप टूर्नामेंट कहा जा रहा है।

आर्सेनल ने चेल्सी को हराकर जीता एफए कप

लंदन, इंग्लैंड के फुटबॉल क्लब आर्सेनल ने एफए कप फुटबॉल टूर्नामेंट का खिताब जीता है। टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में आर्सेनल ने चेल्सी को 2-1 से हराया। टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला बेहद रोमांचक रहा। फाइनल मैच में दोनों टीमों के बीच शानदार खेल देखने को मिला। चेल्सी ने मैच की शुरुआत से ही गोल करने के प्रयास शुरू कर दिए। मैच के पांचवें मिनट में क्रिस्टियन पुलिसिक ने शानदार गोल कर चेल्सी को बढ़त दिला दी। मैच में पिछड़ने के बाद आर्सेनल ने भी आक्रमक रणनीति अपनाई। आर्सेनल को 28वें मिनट में पेनाल्टी किक मिली। पियरे एमेरिक ओबामेयांग ने इस अवसर का लाभ उठाते हुए गोल किया और आर्सेनल को मैच में बराबरी दिलाई।

पहले हाफ में दोनों टीमें 1-1 से बराबरी पर रहीं। दूसरे हाफ में भी आर्सेनल की टीम ने आक्रमक रणनीति जारी रखी। ओबामेयांग ने 67वें मिनट में फील्ड गोल कर आर्सेनल को 2-1 से आगे कर दिया।

इसके बाद दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने गोल करने के अनेक प्रयास किए लेकिन फाइनल स्कोर लाइन 2-1 ही रही।

- **दुनिया की सबसे पुरानी फुटबॉल प्रतियोगिता का यह 139वां फाइनल मैच था।**
- **आर्सेनल सर्वाधिक 14 बार बना है एफए कप चैम्पियन।**
- **मैनचेस्टर यूनाइटेड ने 12 बार एफए कप का खिताब जीता है।**
- **चेल्सी और टॉटनहम ने 8-8 बार जीता है यह टूर्नामेंट।**
- **इस जीत के साथ ही आर्सेनल ने यूएफा यूरोपा लीग में जगह बनाई है।**

इंग्लैंड-आयरलैंड वन-डे सीरीज

आयरलैंड ने इंग्लैंड को 7 विकेट से हराकर दर्ज की ऐतिहासिक जीत

साउथेम्प्टन, आयरलैंड की क्रिकेट टीम ने इंग्लैंड में इंग्लिश क्रिकेट टीम को हराकर ऐतिहासिक जीत दर्ज की है। आयरलैंड ने तीन मैचों की वन-डे सीरीज के तीसरे मैच में इंग्लैंड को 7 विकेट से हराया, जो कि इंग्लैंड में इंग्लैंड के खिलाफ सबसे बड़ा रन चेस है। हालांकि इंग्लैंड ने इस सीरीज का पहला मैच 6 विकेट तथा दूसरा मैच 4 विकेट से जीतकर सीरीज 2-1 से अपने नाम की है।

मैच में आयरलैंड ने टॉस जीतकर इंग्लैंड को बल्लेबाजी करने को कहा। आयरिश गेंदबाजों ने 44 रन के स्कोर पर इंग्लैंड के 3 बल्लेबाजों को आउट कर अपने कप्तान के फैसले को सही साबित किया। इसके बाद इंग्लिश कप्तान इयॉन मॉर्गन और टॉम बैंटन ने चौथे विकेट के लिए 146 रनों की साझेदारी की। बैंटन ने 58 रन बनाए, वहीं मॉर्गन ने 106 रनों की शतकीय पारी खेली। इनके बाद निचले क्रम में डेविड विली (51) और टॉम कुर्रान (38) ने भी उपयोगी पारी खेल इंग्लैंड का स्कोर 328 तक पहुंचाया।

329 रनों के विशाल लक्ष्य के जवाब में आयरिश टीम ने संभलकर बल्लेबाजी की। 50 रन के स्कोर पर गैरेथ डेलनी (12) आउट हो गए। इसके बाद पॉल स्टर्लिंग और एंडी बेलबर्नी ने पारी को संभाला और दूसरे विकेट के लिए 214 रनों की साझेदारी की। स्टर्लिंग ने 142 तथा बेलबर्नी ने 113 रन बनाए। इन दोनों के आउट होने के बाद हैरी टेक्टर (29) और केविन ओब्रायन (21) ने 5.2 ओवरों में 50 रनों की साझेदारी कर आयरलैंड को 7 विकेट से जीत दिलाई।

- **आयरलैंड से पहले इंग्लैंड में सबसे सफल रन चेस का रिकॉर्ड भारत के नाम था।**
- **भारत ने वर्ष 2002 में नेटवेस्ट ट्रॉफी के फाइनल में इंग्लैंड के खिलाफ 326 रन का लक्ष्य हासिल किया था।**

सीरी-ए लीग

युवेंटस लगातार नौवीं बार बना चैम्पियन

रोम, इटली के दिग्गज फुटबॉल क्लब युवेंटस ने सीरी-ए लीग में अपनी बादशाहत बरकरार रखते हुए खिताब अपने नाम किया है। युवेंटस ने सैंपडोरिया को 2-0 से हराकर लगातार नौवीं बार यह खिताब जीता।

लीग में युवेंटस ने 38 में से 26 मैच जीतकर 83 अंक हासिल किए और शीर्ष स्थान पर कब्जा जमाया। युवेंटस को 7 मैचों में हार तथा 5 मैचों में ड्रॉ का सामना करना पड़ा। युवेंटस को इंटर मिलान से कड़ी टक्कर मिली। इंटर मिलान 82 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहा। वहीं अटलांटा और लेजियो क्लब ने 78-78 अंक हासिल किए।

सैंपडोरिया के खिलाफ मैच में युवेंटस टीम का पलड़ा शुरू से भारी रहा। युवेंटस

के लिए पहला गोल स्टार खिलाड़ी क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने किया। रोनाल्डो ने पहले हाफ के इंजरी टाइम में ये गोल किया। इसके बाद दूसरे हाफ में भी युवेंटस ने सैंपडोरिया पर दबाव बनाए रखा। मैच के 67वें मिनट में फेडरिको बेर्नार्डेस्की ने गोल कर युवेंटस की बढ़त को 2-0 कर दिया जो निर्णायक स्कोर साबित हुआ।

विश्व की सबसे बड़ी फुटबॉल लीगों में से एक सीरी-ए लीग में युवेंटस का रिकॉर्ड शानदार रहा है। लीग के 90 वर्ष के इतिहास में युवेंटस सबसे सफल टीम रही है। युवेंटस ने वर्ष 1930 के दशक में भी लगातार 5 बार चैम्पियन बनने का गौरव हासिल किया था। युवेंटस के अलावा इंटरमिलान ने भी वर्ष 2006 से 2010 के बीच लगातार पांच बार यह खिताब जीता था।

- **युवेंटस ने 36 बार सीरी-ए लीग का खिताब जीता है।**
- **युवेंटस के कोच 61 साल के मॉरिजियो सारी सीरी-ए लीग का खिताब जीतने वाले सबसे उम्रदराज मैनेजर हैं।**
- **जर्मनी के क्लब बायर्न म्युनिख ने लगातार 8 बार वर्ष 2013 से 2020 तक बुंदेसलीग का खिताब जीता है।**

रजत भाटिया ने क्रिकेट से लिया संन्यास

नई दिल्ली, भारतीय घरेलू क्रिकेट के दिग्गज ऑलराउंडर रजत भाटिया ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लेने की घोषणा की है। वर्ष 2003-04 में तमिलनाडु के साथ अपना क्रिकेट कॅरियर शुरू करने वाले रजत ने ज्यादातर क्रिकेट दिल्ली की टीम की तरफ से खेला है। रजत ने घरेलू क्रिकेट में 112 प्रथम श्रेणी मैच खेले हैं, इन मैचों में उन्होंने 17 शतक, 30 अर्धशतक सहित 6482 रन बनाए और 137 विकेट लिए हैं। रजत ने 119 लिस्ट-ए मैच खेलते हुए 3038 रन बनाए तथा 93 विकेट लिए हैं। रजत आईपीएल में कई टीमों के साथ खेल चुके हैं। रजत ने 95 आईपीएल मैचों में 71 विकेट लिए हैं।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

सामयिकी

सूडान में हुए हमलों के बाद आपातकाल घोषित

सूडान के पश्चिमी दारफुर प्रांत में हुए हमले में 60 लोगों की मौत हो गई है और करीब 60 लोग घायल हो गए हैं। जिसके बाद प्रधानमंत्री अब्दुल्ला हमदक ने सूडान में आपातकाल की घोषणा कर दी है। संयुक्त

राष्ट्र में मानवीय मामलों के कार्यालय (ओसीएचए) ने एक बयान में कहा है कि सूडान के विभिन्न क्षेत्रों में जनजातियों के बीच देर तक झड़पें हुई हैं। सरकार ने नागरिकों के लिए सुरक्षावलों का इंतजाम भी किया है।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति का लक्ष्य

वर्तमान और आने वाली पीढ़ियों को भविष्य के लिए तैयार करना है : प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने उच्च शिक्षा सम्मेलन के उद्घाटन भाषण में कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति को 3-4 वर्षों में व्यापक विचार-विमर्श और लाखों सुझावों पर मंथन के बाद मंजूरी दी गई है। देश भर में राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर स्वस्थ बहस और विचार-विमर्श हो रहा है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति का उद्देश्य राष्ट्रीय मूल्यों और राष्ट्रीय लक्ष्यों पर ध्यान केंद्रित करते हुए युवाओं को भविष्य के लिए तैयार करना है।

श्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि यह नीति 21वीं सदी के भारत 'न्यू इंडिया' को सशक्त बनाने के लिए युवाओं के लिए जरुरी शिक्षा और कौशल, देश को विकास की नई ऊंचाइयों पर आगे बढ़ाने और भारत के नागरिकों को और सशक्त बनाने के लिए उन्हें अधिकतम अवसरों के लिए अनुकूल बनाने की नींव रखती है। उन्होंने कहा कि इस नीति को दो सबसे बड़े सवालों को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया था पहला यह कि क्या हमारी शिक्षा प्रणाली हमारे युवाओं को रचनात्मकता, जिज्ञासा और प्रतिबद्धता के लिए प्रेरित करती है और दूसरा यह कि क्या शिक्षा प्रणाली हमारे युवाओं को सशक्त बनाते हुए देश में एक सशक्त समाज के निर्माण में मदद करती है। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति 'कैसे सोचें' पर जोर देती है। उन्होंने कहा कि बच्चों के लिए सवाल जवाब-आधारित, खोज-आधारित, चर्चा आधारित और विश्लेषण आधारित सीखने के तरीकों पर जोर देने से कक्षाओं में सीखने और भाग लेने की उनकी ललक बढ़ेगी।

उद्घाटन भाषण के दौरान प्रधानमंत्री द्वारा कहे गये अहम बिंदु

- नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति में छात्र, शिक्षा और श्रम की गरिमा पर दिया गया है बहुत ज्यादा ध्यान।
- उच्च शिक्षा संस्थानों को स्वायत्तता के माध्यम से सशक्त बनाने की है आवश्यकता।
- गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने वाले संस्थान को दी जानी चाहिए अधिक स्वतंत्रता।
- भारत के पास पूरी दुनिया में प्रतिभा की जरुरत और प्रौद्योगिकी का समाधान देने की है क्षमता।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने इस पर संतोष व्यक्त किया कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति इन समसामयिक मुद्दों का पूरा ध्यान रखा गया है।

देश के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम का हवाला देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा "शिक्षा का उद्देश्य कौशल और विशेषज्ञता के साथ लोगों को अच्छा इंसान बनाना है। प्रबुद्ध व्यक्ति शिक्षकों द्वारा ही बनाया जा सकता है।"

श्रीराम मंदिर भूमि पूजन

श्रीराम अनेकता में एकता की कड़ी हैं : प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि मंदिर में भूमिपूजन किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने देशवासियों और दुनिया भर में मौजूद राम भक्तों को बधाई दी। उन्होंने इसे एक ऐतिहासिक अवसर करार देते हुए कहा कि आज जब समस्त देशवासी इस बात को लेकर प्रफुल्लित हैं कि उन्होंने भावनात्मक रूप से वह सब हासिल कर लिया है जिसकी वह सदियों से प्रतीक्षा कर रहे थे, भारत एक स्वर्णिम अध्याय की शुरुआत कर रहा है। उन्होंने कहा कि आज कई लोग ऐसे भी हैं जिनके लिए यह विश्वास करना कठिन हो रहा है कि अपने जीवन काल में कभी वह आज का दिन भी देख सकते थे। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि राम जन्मभूमि को विध्वंस और पुनर्निर्माण के चक्र से मुक्ति मिल चुकी है और अब तंबू के स्थान पर रामलला के लिए भव्य मंदिर का निर्माण किया जाएगा।

प्रधानमंत्री ने कहा कि श्री राम के अस्तित्व को मिटाने के कई बार प्रयास किए गए, लेकिन आज भी वह हमारी संस्कृति का आधार स्तंभ बने हुए हैं। उन्होंने कहा कि राम मंदिर हमारी संस्कृति, हमारी आस्था, राष्ट्रीय भावना और सामूहिक शक्ति का आधुनिक प्रतीक होगा जो आने वाली पीढ़ियों को प्रेरणा देने का काम करेगा। मंदिर के बनने से संभावनाओं के कई अवसर बनेंगे जिससे क्षेत्र की अर्थव्यवस्था में बड़ा बदलाव आएगा। प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर महात्मा गांधी जी के रामराज्य के सपने का स्मरण किया। उन्होंने कहा कि श्री राम की शिक्षाएं आज भी देश का मार्गदर्शन कर रही हैं। विभिन्न भाषाओं में लिखी गई रामायण को याद करते हुए, प्रधानमंत्री ने कहा कि श्री राम देश में विविधता में एकता का सूत्र हैं।



प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि मंदिर का निर्माण आपसी प्रेम और भाईचारे की नींव पर होना चाहिए। उन्होंने कहा कि 'सबका साथ' और 'सबका विश्वास' के साथ, हमें 'सबका विकास' हासिल करना होगा और आत्मविश्वास से भरा आत्मनिर्भर भारत बनाना होगा। उन्होंने कहा कि हम सबको श्री राम के इस संदेश का अनुसरण करने की आवश्यकता है कि किसी भी प्रकार की देरी किए बिना हमें आगे बढ़ना चाहिए। प्रधानमंत्री ने कोविड की वर्तमान पृष्ठभूमि में श्री राम के 'मर्यादा' मार्ग के महत्व को याद करते हुए सभी लोगों से दो गज की दूरी है जरूरी और मास्क है जरूरी की मर्यादा का पालन करने का आह्वान किया।

मैक्सिको की खाड़ी में

स्पेसएक्स ड्रैगन कैप्सूल उतरा

नासा के दो अंतरिक्ष यात्री निजी कंपनी स्पेसएक्स के ड्रैगन कैप्सूल में सवार होकर अंतरिक्ष से समुद्र में उतरे। 45 साल में पहली बार ऐसा हुआ जब नासा का कोई अंतरिक्ष यात्री समुद्र में

- **दो महीने की अंतरिक्ष में परीक्षण उड़ान के बाद बॉब बेहंकेन और डौग हर्ले को ड्रैगन कैप्सूल वापस धरती पर लेकर आया।**

उतरा हो। 31 मई 20 को ड्रैगन स्पेसक्राफ्ट ने दो अंतरिक्ष यात्रियों को लेकर अंतर्राष्ट्रीय स्पेस स्टेशन के लिए उड़ान भरी थी।

समय पर होंगे अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव

व्हाइट हाउस के चीफ ऑफ स्टाफ मार्क मीडोज ने कहा कि अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव समय पर ही होंगे। उन्होंने कहा कि चुनाव 3 नवंबर को ही होंगे और इसमें राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की जीत होगी। इससे पहले ट्रम्प ने चुनाव टलने के संकेत दिए थे। ट्रम्प ने मेल-इन बैलेट को लेकर चिंता जाहिर की थी और कहा था कि ये चुनाव इतिहास के सबसे फर्जी चुनाव होंगे। अमेरिका के संविधान के मुताबिक राष्ट्रपति चुनाव की तारीख बदलने का अधिकार राष्ट्रपति के पास नहीं है। इसके लिए ट्रम्प को संसद के दोनों सदन हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव

और सीनेट से बिल मंजूर कराना होगा। गौरतलब है कि अमेरिका में रिपब्लिकन पार्टी की ओर से राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और डेमोक्रेटिक पार्टी की ओर से पूर्व उपराष्ट्रपति जो बिडेन राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार हैं।

संयुक्त अरब अमीरात ने शुरू किया परमाणु ऊर्जा संयंत्र

संयुक्त अरब अमीरात ने अपने पहले बराक परमाणु ऊर्जा संयंत्र के शुरू किए जाने की घोषणा करते हुए कहा कि इससे

- **अबूधाबी के राजकुमार शेख मोहम्मद बिन जायद अलनाहयान ने ट्वीट कर कहा कि हम सबसे बड़े अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा मानकों के साथ तालमेल करते हुए बराक परमाणु ऊर्जा संयंत्र के संचालन की शुरुआत पर गर्व महसूस करते हैं।**

देश की ऊर्जा जरूरतों का 25 प्रतिशत हिस्सा कवर होने की उम्मीद है। यूएई के

प्रधानमंत्री शेख मोहम्मद बिन राशिद अल मकतूम ने ट्वीट के जरिए यह घोषणा की है। गौरतलब है कि आबूधाबी से 280 किलोमीटर दूर स्थित परमाणु ऊर्जा संयंत्र की टीम ने परमाणु ईंधन पैकेज को लोड करने में सफलता हासिल की है और इसका सफलतापूर्वक परीक्षण पूरा कर लिया है।

एलएसी पर

चीन ने तैनात कीं परमाणु मिसाइलें

चीन ने एलएसी के नजदीक अपनी परमाणु हथियार ले जाने वाली मिसाइलें तैनात कर दी हैं। सैटेलाइट की तस्वीरों से यह जानकारी प्राप्त हुई है। इस मिसाइल का नाम डीएफ-26/21 है। यह मिसाइल चीन के शिनजियांग प्रांत कोर्ला आर्मी बेस पर तैनात है। अंतरिक्ष से ली गई सैटेलाइट तस्वीरों में यह स्पष्ट होता है कि चीन ने भारतीय सीमा के नजदीक बड़े पैमाने पर अपनी परमाणु शक्ति को बढ़ाया है। डीएफ-26/21 मिसाइलों की रेंज 4 से 5 हजार किलोमीटर है।

लेबनान - बेरुत में धमाके

भारी संख्या में हुआ नुकसान

लेबनान की राजधानी बेरुत में हुए धमाकों में कम से कम 100 लोगों की मौत हो गई है। इस विस्फोट से शहर के बंदरगाह का एक बड़ा हिस्सा तबाह हो गया और कई इमारतें नष्ट हो गयीं। लेबनान रेडक्रॉस के अधिकारी ने बताया कि इस विस्फोट में मरने वालों की संख्या अभी और बढ़ सकती है। घायलों की संख्या भी 3 हजार के पार पहुंच गयी है। जॉर्डन की सिस्मोलॉजी ऑब्जरवेटरी के एक्सपर्ट के मुताबिक इस धमाके की तीव्रता रिक्टर स्केल पद 4.5 तीव्रता के भूकंप से ज्यादा थी।

स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन 2020

डिफेंस इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस टेक्नोलॉजी ने जीता प्रथम पुरस्कार

रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) के तहत स्वायत्त संगठन, डिफेंस इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस टेक्नोलॉजी (डीआईएटी), पुणे ने स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन (एसआईएच) - 2020 में प्रथम पुरस्कार जीता। मानव संसाधन विकास मंत्रालय और अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) द्वारा संयुक्त रूप से नोएडा इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (एनआईईटी), उत्तर प्रदेश में एसआईएच - 2020 का आयोजन किया गया था। एसआईएच - 2020, 36 घंटे की नॉन-स्टॉप डिजिटल उत्पाद निर्माण पर आधारित राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता थी। रक्षा अनुसंधान विभाग के सचिव और डीआरडीओ के चेयरमैन डॉ. जी सतीश रेड्डी ने लगातार दूसरी बार पुरस्कार जीतने पर डीआईएटी टीम को बधाई दी।

रूस का दावा

क्लिनिकल ट्रायल में सफल रही वैक्सीन

रूस ने दावा किया है कि उसकी कोरोना वायरस वैक्सीन क्लिनिकल ट्रॉयल में 100 फीसदी सफल रही है। रूस के रक्षा

- **इस वैक्सीन को रूस के रक्षा मंत्रालय और गमलेया नेशनल सेंटर फॉर रिसर्च ने तैयार किया है।**
- **जिन लोगों को यह वैक्सीन लगायी गई थी, उनमें पैदा हुई रोग प्रतिरोधक क्षमता।**

मंत्रालय का कहना है कि किसी भी

वॉलंटियर के अंदर कोई भी नकारात्मक साइड इफेक्ट या परेशानी नहीं आई। परीक्षण के दौरान पाया गया कि जिन लोगों को यह वैक्सीन लगाई गई, उनमें कोरोना वायरस के प्रति रोग प्रतिरोधक क्षमता पैदा हुई है।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

मध्यप्रदेश शासन

Industrial Training Institute

तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोज़गार विभाग

मध्यप्रदेश शासन

आईटीआई प्रवेश प्रारंभ

- अगस्त 2020 से प्रारंभ नये सत्र में शासकीय एवं निजी आईटीआई में प्रवेश की प्रक्रिया एमपी ऑनलाइन के पोर्टल iti.mponline.gov.in के माध्यम से प्रारंभ।
- समस्त आवेदकों को रजिस्ट्रेशन तथा च्वाइस फिलिंग करना अनिवार्य।
- प्रदेश के बाहर के आवेदक भी आवेदन कर सकते हैं।
- प्रवेश विवरण एवं अन्य जानकारी निम्न वेबसाइट पर उपलब्ध।

www.dsd.mp.gov.in, iti.mponline.gov.in

93 आकर्षक व्यवसाय
44000 से अधिक सीट्स

रजिस्ट्रेशन एवं च्वाइस फिलिंग

अंतिम तिथि अब

14 अगस्त, 2020 तक

संचालक

कौशल विकास

सी.ई.ओ., म.प्र. राज्य कौशल विकास एवं रोज़गार निर्माण बोर्ड

नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

शिवराज सिंह चौहान, मुख्यमंत्री

रोज़गार की पढ़ाई चलें आईटीआई



प्रदेश के युवाओं को कौशलवान बनाने की दिशा में हम लगातार कार्य कर रहे हैं। इसके लिए प्रदेश के सभी आई.टी.आई. में कई नये आकर्षक व्यवसायों के लिए प्रशिक्षण की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। हमारा प्रयास है कि कौशल के आधार पर युवाओं को रोज़गार के अधिक से अधिक अवसर प्राप्त हों, बेहतर भविष्य मिले और वह प्रदेश के विकास में अपना योगदान दे सकें, इसके लिए हम प्रतिबद्ध हैं।

श्रीमती यशोधरा राजे सिंधिया, मंत्री
खेल एवं युवा कल्याण
तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोज़गार, म.प्र. शासन

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी

आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2020
D-11053/R-44198/2020

स्वामी "मध्यप्रदेश माध्यम" की ओर से प्रकाशक, मुद्रक डॉ. पुलक खाड़े, मध्यप्रदेश डी.वी. कार्प द्वारा दैनिक भास्कर, प्लाट नंबर-10, सेक्टर-बी, गोविंदपुरा, भोपाल में मुद्रित। समादक - पुर्णेन्द्र पाल सिंह।